आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी 07:19 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 21 जून 2025
वर्ष 6, अंक 83, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
अमृत विचार
मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



2024 में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा 14
सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान 12

# एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण फिर टला

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई बार टलने के बाद रविवार को किया गया था निर्धारित

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए रविवार को निर्धारित प्रक्षेपण स्थगित करते हुए कहा कि हाल में रूसी खंड में मरम्मत कार्यों के बाद कक्षीय प्रयोगशाला के संचालन का आकलन करने के लिए उसे अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के बूस्टर में रिसाव, प्रक्षेपण पथ में खराब मौसम और ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के सबसे पीछे वाले भाग में रिसाव के कारण कई बार टाले जाने के बाद एक्सिओम-4 मिशन के तहत प्रक्षेपण 22 जून को करने का लक्ष्य रखा गया था।

एक्सिओम स्पेस ने एक बयान में कहा कि नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने रविवार यानी 22 जून की निर्धारित तारीख पर प्रक्षेपण नहीं करने का निर्णय लिया है तथा प्रक्षेपण की नई तारीख आगामी दिनों में तय की जाएगी।

# देश के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में बिहार की बड़ी भूमिका : मोदी

सिवान (बिहार), एजेंसी

- सिवान में 5,900 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- राजद पर निशाना, कहा-बिहार दलितों के आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने में बिहार की बड़ी भूमिका होगी। दुनिया भारत की प्रगति से बहुत प्रभावित है। वे देख रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। इसमें बिहार निश्चित रूप से बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने सिवान में 5,900 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद लगभग 45 मिनट के संबोधन में आगामी विधानसभा चुनावों में राजद नीत विपक्ष द्वारा बिहार के आर्थिक संसाधनों पर फिर से कब्जा करने के प्रयासों के प्रति लोगों को आगाह किया। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचना की और कहा कि बिहार के लोग दलितों के इस आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। सिवान पहुंचे मोदी ने कहा कि आंबेडकर वंशवाद के खिलाफ थे, लेकिन उन्हें (राजद और उसके सहयोगियों को) यह पसंद नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने पैरों के पास उनकी तस्वीर रख ली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे दलितों का तिरस्कार करते हैं। इसके विपरीत, मोदी बाबासाहेब को अपने दिल में रखता है और उनकी तस्वीर को अपने सीने से लगाकर रखना चाहता है। मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद का नाम लिए बगैर कहा कि 70 वर्षीय बीमार व्यक्ति के पैरों के पास आंबेडकर का चित्र रखा गया था, जिसका विरोध राजग कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद-कांग्रेस के लोगों में वंचित जातियों, दलितों, ओबीसी के लोगों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। वे खुद को बाबासाहेब आंबेडकर से ऊपर समझते हैं।



लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## ओडिशा में की 18,600 करोड़ के 105 प्रोजेक्ट की शुरुआत

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा की अपनी यात्रा के दौरान 18,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 105 विकास परियोजनाओं की शुरूआत की, ओडिशा दृष्टि दस्तावेज का अनावरण किया और नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। लखपति दीदी सहित कई लोगों को सम्मानित भी किया। जून 2024 में राज्य में भाजपा नीत सरकार बनने के बाद से छठी बार ओडिशा आए मोदी ने यहां जनता मैदान में सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में परियोजनाओं की शुरुआत की, तिरंगा यात्रा में शामिल हुए, रोड शो किया।

## एक नजर

### तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्रप्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव को भेजा गया। तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी नाव से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

### मदुरै के मंदिर तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

# डी-कंपनी से साझेदारी करती थीं पिछली सरकारें : मुख्यमंत्री

## योगी ने आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों साइड से किया लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

- कहा-पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ आज बन गया अदम्य साहस का गढ़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों तरफ से 7,283 करोड़ की लागत से बने 91.352 किलोमीटर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में पिछली सरकारों पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे विकास कार्य करने की बजाय डी-कंपनी (दाऊद गिरोह) के साथ साझेदारी करती थीं। कहा कि कभी पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ जिला आज अदम्य साहस का गढ़ बन गया है। प्रदेश में आम आदमी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले के लिए यमलोक का टिकट कट जाता है।

लोकार्पण के बाद आजमगढ़ के सलारपुर, फूलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के साथ अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसके बनने से नेपाल समेत पटना से दिल्ली की यात्रा आसान होगी। कहा कि 2017 में केवल दो एक्सप्रेसवे (यमुना और आगरा-लखनऊ) थे, जिसमें आगरा-लखनऊ अधूरा था, जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया। अब 340 किलोमीटर का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 300 किलोमीटर का बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे चालू हो चुके हैं। इसके अलावा, गंगा एक्सप्रेसवे (600 किलोमीटर), लखनऊ-कानपुर, बलिया लिंक सहित छह एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे ने 3 घंटे की दूरी को 40-45 मिनट में सिमटने का गौरव हासिल किया है।

योगी ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। उन्होंने आठ साल के कार्यकाल की तमाम उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि यूपी बीमारू और जंगलराज से बाहर निकल कर अब सुरक्षा-सुशासन समेत एक्सप्रेसवे से लेकर प्रगति के हर क्षेत्र में नई इबारत गढ़ रहा है। सपा सरकार के घोटाले गिनाते हुए कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के नाम पर भी करीब 4 हजार करोड़ की डकैती की योजना थी। 15,200 करोड़ में 110 मीटर चौड़ा एक्सप्रेसवे बनाना चाहते थे, हमने उसे 120 मीटर चौड़ा करके 11,800 करोड़ में बनवाया।



आजमगढ़ के सलारपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री।

### भर्ती में वसूली पर निकलते थे चाचा-भतीजा

गोरखपुर की तरफ से लोकार्पण समारोह में भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब प्रदेश में सरकारी नियुक्तियों पर प्रश्न नहीं उठते हैं। अब जाति, क्षेत्र का भेद नहीं होता बल्कि भर्तियां मेरिट के आधार पर और आरक्षण के नियमों के अनुरूप होती हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि भर्तियां 2017 के पूर्व में होती तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकल गई होती।

# एयर इंडिया की दिल्ली-पुणे उड़ान से टकराया पक्षी





- कंपनी ने रद्द की वापसी की फ्लाइट

**मुंबई।** दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हुए एयर इंडिया के विमान से शुक्रवार को एक पक्षी के टकरा जाने के बाद विमानन कंपनी को इसकी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी।

विमानन कंपनी ने कहा कि विमान पुणे में सुरक्षित उतर गया और उसके बाद ही पक्षी के टकराने की बात पता चली। एयर इंडिया ने कहा कि विमान को खड़ा कर दिया गया है और इंजीनियरिंग टीम विस्तृत जांच कर रही है। विमानन कंपनी ने कहा कि 20 जून को पुणे से दिल्ली की उड़ान संख्या एआई2470 को पक्षी के टकराने के कारण रद्द कर दिया गया है। फंसे हुए यात्रियों को ठहराने की सुविधा प्रदान करने समेत समस्त इंतजाम कर रही है। यात्रा रद्द करने या पुनर्निर्धारण का विकल्प चुनने वाले यात्रियों को राशि वापस करने की पेशकश भी की जा रही है, वहीं यात्रियों को दिल्ली ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।


# केंद्र सरकार कराएगी प्रवेश परीक्षाओं की निष्पक्षता की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गठित की 9 सदस्यीय समिति
- कोचिंग पर छात्रों की निर्भरता की भी होगी पड़ताल

कोचिंग संस्थानों और 'डमी स्कूलों' के बढ़ते चलन के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता की जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने नौ सदस्यीय समिति गठित की है। अधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता वाली समिति उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कोचिंग सेंटरों पर छात्रों की निर्भरता कम करने के उपाय सुझाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समिति मौजूदा स्कूल शिक्षा प्रणाली में मौजूद उन खामियों की जांच करेगी, जिनके कारण छात्र कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हो जाते हैं। विशेष रूप से यह समिति इस बात पर गौर करेगी कि किस तरह रटने की प्रवृत्ति हावी है और आलोचनात्मक सोच, तार्किक विवेक, विश्लेषणात्मक क्षमता और नवाचार पर सीमित ध्यान दिया जा रहा है।



### पता लगाएंगे डमी स्कूलों के उभरने के कारण

अधिकारी ने कहा कि 'डमी स्कूलों' के उभरने के पीछे के कारणों की जांच की जाएगी और समिति औपचारिक स्कूली शिक्षा की कीमत पर पूर्णकालिक कोचिंग को प्रोत्साहित करने में उनकी भूमिका का अध्ययन करेगी तथा उन्हें कम करने के उपाय सुझाएगी। समिति स्कूल शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता तथा कोचिंग उद्योग के विकास पर उनके प्रभाव का अध्ययन करेगी।

# प्रदेश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी



लखनऊ में शुक्रवार की सुबह हुई बरसात के चलते केजीएमयू के मुख्य गेट पर भरा पानी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्वी-दक्षिणी 58 जिलों में वज्रपात का अलर्ट जारी
- प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर व भदोही में भारी बारिश का अलर्ट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून ने तेजी पकड़ ली है। राज्य के दक्षिणी भाग से शुरू होकर मानसून का प्रभाव शुक्रवार को तराई, मध्य और पश्चिमी इलाकों में भी नजर आया। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मध्यम से अच्छी बारिश हुई। प्रयागराज, मिर्जापुर, अमेठी, उन्नाव आदि में बादल जमकर बरसे। राजधानी लखनऊ में भी बारिश हुई।

इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जबकि, चार जिलों प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर और भदोही में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। लगभग 58 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। शनिवार से प्रदेश के दक्षिणी इलाकों समेत विंध्य क्षेत्र और बुंदेलखंड में भी अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मानसून उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों और एनसीआर को छोड़कर पूरे राज्य में फैल गया है।

# ईडी ने बंगाल, दिल्ली में जब्त किए बैंक खाते और दस्तावेज

कोलकाता, एजेंसी

- ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।

ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने कहा कि अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं। प्रमुख जांच एजेंसी ने रिकॉर्ड, मोबाइल फोन और लैपटॉप भी जब्त किए। एक परिसर से 4.5 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की।

# ईरान ने भारतीयों की निकासी को हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** ईरान ने मशहद से लगभग 1,000 भारतीय नागरिकों को निकालने के वास्ते तीन विशेष उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटा दिए हैं। ईरानी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जावेद हुसैनी ने कहा कि जरूरत हुई तो भारतीयों को वापस लाने के लिए आने वाले दिनों में और अधिक उड़ानें संचालित की जा सकती हैं। ईरान की राजधानी तेहरान पर इजराइली हमलों के बाद भारतीयों को मशहद शहर ले जाया गया। निकासी उड़ानों का संचालन ईरानी एयरलाइन द्वारा किया जाएगा, जिसका प्रबंध भारत कर रहा है।

# एसीबी की सिसोदिया से 3 घंटे तक पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षा निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से यहां सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

एसीबी ने सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को तलब किया था। जैन 6 जून को एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे। मामला दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं और भवन का निर्माण अत्यधिक लागत में करने से संबंधित कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी), मधुर वर्मा ने कहा कि सिसोदिया पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी के समक्ष पेश हुए। वर्मा ने कहा कि सिसोदिया से पंच गवाह की मौजूदगी में पूछताछ की गई और उनके जवाब दर्ज किए गए। पूछताछ के बाद वह अपराह्न 2.30 बजे एसीबी कार्यालय से चले गए। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर 30 अप्रैल को एसीबी द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद समन जारी किए गए।

### 300 से अधिक पासबुक व सरकारी फाइलें जब्त

**नई दिल्ली।** कक्षा निर्माण घोटाले के संदर्भ में ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने मजदूरों के नाम पर खोले गए बैंक खातों (म्यूल) से जुड़ी 300 से अधिक पासबुक जब्त की हैं, जिनके जरिए पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान कक्षा निर्माण 'घोटाले' से प्राप्त राशि की 'हेराफेरी' की गई थी। जांच एजेंसी ने इस सिलसिले में 18 जून को दिल्ली में 37 स्थानों पर तलाशी ली थी। जिसमें कई फाईलें भी जब्त की थी।

# शहर बनेंगे ग्रीन सिटी, भवन निर्माण पर लागू होंगे हरित मानक

## शहरी हरित नीति को कैबिनेट की मिली मंजूरी, स्मार्ट ग्रीन शहरों में बनेंगे वर्टिकल गार्डन, पार्क और मियावाकी फॉरेस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयास होंगे तेज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग से प्रस्तावित इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य में निरंतर और संपोषणीय विकास को बढ़ावा देना है। जिसके तहत शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा।

साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जाएगा, जो शहरों को उनकी हरित पहलों के आधार पर ग्रीन स्टार रैंकिग प्रदान करेगा। इस कड़ी में शहरों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने को वर्टिकल और रूफटॉफ गार्डेन के अलावा मियावाकी जंगलों को भी विकसित किया जाना है। शहरी हरित नीति के तहत तीन-स्तरीय रणनीति अपनाई जाएगी, जिसमें शहर, मोहल्ला और भवन स्तर पर हरित पहलों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक ओर शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति का उपयोग करते हुए तीव्र विकास वाले घने मिनी-वनों का निर्माण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ग्रीन बेल्ट, निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र, स्पॉन्ज पार्क और शहरी हरित मेले आयोजित किए जाएंगे। मोहल्ला स्तर पर, पॉकिट पार्क, सामुदायिक बग़ीचे और पार्क गोद लेने की योजनाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही नए निर्माणों के लिए हरित भवन मानकों को अनिवार्य किया जाएगा। शहरी हरित नीति को तीन चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में ये नीति 2025–2027 तक स्मार्ट शहरों और प्रमुख महानगरों पर ध्यान केंद्रित करेगी। दूसरे चरण में 2027–2030 तक उन शहरों को शामिल किया जाएगा जिनकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है। जबकि तीसरे चरण में वर्ष 2030 के बाद ये नीति पूरे राज्य की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में भी लागू की जाएगी।



### कई योजनाओं से धनराशि एकत्रित की जाएगी

प्रदेश में शहरी हरित नीति के संचालन के लिए विभिन्न केंद्र और राज्य की योजनाओं के माध्यम से धनराशि एकत्रित करने का प्रावधान है। जिसमें अमृत 2.0, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग शामिल हैं। शहरी स्थानीय निकाय अपनी आय, सीएसआर फंड और अन्य स्रोतों से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। शहरी हरित नीति के तहत सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। जिसमें स्कूलों, कार्यालयों और संगठनों के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। रूफटॉफ और वर्टिकल गार्डन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### शहरों को मिलेंगी ग्रीन सिटी की विविध रैंकिंग

शहरी हरित नीति के तहत ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क स्थापित करने का प्रावधान है। जिसके तहत शहरों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें शहरों को उनके ग्रीन कवर और हरित पहलों के आधार पर रैंक किया जाएगा। इसके तहत शहरों को ग्रीन सिटी, ग्रीन , ग्रीन और ग्रीन की रैंक प्रदान की जाएगी। प्रत्येक शहर की निगरानी स्थानीय, राज्य और तीसरे पक्ष की एजेंसियों द्वारा की जाएगी। सर्वाधिक रैंकिग प्राप्त करने वाले शहर अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरूस्कार प्राप्त करेंगे।

## शहर में आज



☞ परोपकार जनहित फाउंडेशन की ओर से आशियाना फेज 2 स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर नेचर पार्क में योग शिविर सुबह 7 :00 बजे

☞ यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब के द्वारा योगा वर्कशॉप अवंतिका स्थित अशोका पार्क में शाम 5 :00 बजे

☞ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिव्य योग केंद्र मंडी बांस में वृहद योग शिविर सुबह 5 :30 बजे




## एक नजर

### आज मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कांठ, अमृत विचार :** नगर व क्षेत्र में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिसमें अलग-अलग स्थान पर हजारों की संख्या में लोग योगासन करेंगे। शनिवार की सुबह सूर्य नमस्कार के साथ नगर की वैश्य विश्नोई धर्मशाला, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढा, थाना कांठ, थाना छजलेट, तहसील परिसर, रामलीला मैदान, नगर पंचायत कांठ, डीएसएम इंटर कॉलेज, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के साथ नगर में क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों, ग्राम पंचायतों में योगासन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### विद्यालय के ताले तोड़ सिलेंडर, कागजात चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अज्ञात चोरों ने गुरुवार रात गांव बालापुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के दो कमरों के ताले तोड़कर सिलेंडर, बर्तन व जरूरी कागजात चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह प्रधानाध्यापक स्कूल पहुंचे तो उन्हें रसोई व ऑफिस के ताले टूटे मिले। सूचना पर प्रधान यशोदा देवी पहुंची। प्रधानाध्यापक जसपाल सिंह ने बताया कि 6 महीने पूर्व भी विंटर किट, सीमेंट लगे सरिया के टुकड़े चोरी हो गए थे। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर दी है।

### मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को बैठक

**भोजपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रुद्र प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक ने थाना परिसर में आगामी मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ताजिएदारों व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने एवं नई परंपरा शुरू नहीं करने का आह्वान किया गया।

---

### डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा एवं पर्यावरण समिति की बैठक

# जिले में 10 चिन्हित स्थानों पर मियावाकी पद्धति से होगा पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला गंगा एवं पर्यावरण समिति की बैठक हुई। डीएम ने बताया कि 10 स्थानों पर मियावाकी पद्धति से पौधरोपण होगा। अधिकारियों को इसके लिए जल्द से जल्द स्थान चिह्नित करने का निर्देश दिया।

डीएम ने पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विभागवार समीक्षा की। कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल को प्राथमिकता होनी चाहिए। बाउंड्री वॉल वाले चिन्हित स्थलों पर छायादार एवं फलदार पौधे लगाएं जिससे उसकी देखभाल में आसानी हो। कहा कि जिले के 10 स्थानों पर मियावाकी पद्धति से पौधरोपण किया जाएगा। सभी चीनी मिलें मियावाकी पद्धति से पौधरोपण कराएंगी। स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग विभाग के अधिकारियों को भी स्थान चिह्नित कर मियावाकी पद्धति से पौधे लगवाने का निर्देश दिया।

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी सूरज ने कहा कि हर विभाग प्रजातिवार पौधों की मांग कर लें जिससे पौधों की उपलब्धता के अनुसार विभागों को ब्लॉकवार नर्सरी का आवंटन किया जा सके। इस वर्ष शासन द्वारा पौधरोपण के लिए थीम "एक पेड़ मां के नाम 2.0" निर्धारित की गई है। डीएम ने कहा कि इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें, साथ ही आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित कराएं। पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्रीन चौपाल के गठित किया जाएगा जिसके माध्यम से पौधों की देखभाल सुनिश्चित कराई जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक करते डीएम अनुज सिंह व मौजूद अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### बायो मेडिकल वेस्ट नियमावली को सख्ती से लागू कराने का निर्देश

बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण के बारे में जिलाधिकारी ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों का निरीक्षण कर बायो मेडिकल वेस्ट नियमावली के अनुपालन कराने का निर्देश दिया। प्रदूषण नियंत्रण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा गंभीरता न दिखाने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित न होने पर अधिकारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई करेंगे। जिलाधिकारी ने ई-वेस्ट और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और जिले में चिह्नित वेटलैंड्स को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास की समीक्षा की।

## इनपुट बॉक्स फटा गुल हो गई बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामपुर डेढ़ी से लेकर दलपतपुर तक 7000 उपभोक्ताओं को गुरुवार की शाम 4:00 बजे से शुक्रवार की रात 8:00 बजे तक बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा।

शुक्रवार की शाम को रामपुर दुराहे के पास 33 केवीए की लाइन का बक्सर फट जाने के कारण रामपुर ग्राहक कबीर नगर से लेकर दलपतपुर तक के उपभोक्ताओं की आपूर्ति 24 घंटे से अधिक गुल रही। शुक्रवार को एसडीओ दलपतपुर अरुण राठौड़ ने बताया कि गुरुवार की शाम 33 केवी की विद्युत लाइन का इनपुट बॉक्स अचानक फट गया। जिससे शुक्रवार की शाम 7:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। उन्होंने बताया कि गुरुवार को फॉल्ट होने के बाद रातभर सही किया गया।

---

# बूंदाबांदी से और बढ़ी उमस, धूप ने निकाला पसीना

### बारिश न होने से किसानों को परेशानी, 22 से मानसून के सक्रिय होने का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्री मानसून में भी मुरादाबाद में बारिश न होने से लोग बेचैन हैं। शुक्रवार को सुबह हल्की बूंदाबांदी से उमस और बढ़ गई। तेज धूप ने लोगों के पसीने निकाल दिए। वहीं बारिश न होने से किसानों व पशुपालकों को भी परेशानी हो रही है। पानी के लिए मवेशी भी भटक रहे हैं। 22-23 जून को मानसून सक्रिय होने का अनुमान जताया जा रहा है।

पूर्वांचल के कई जिलों में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश के लिए टकटकी लगी रही। मुरादाबाद में बारिश न होने से जन सामान्य के साथ किसानों व पशुपालकों को परेशानी हो रही है। किसानों को फसलों की अतिरिक्त सिंचाई करनी पड़ रही है। वहीं पशुपालकों को मवेशियों के लिए पानी के प्रबंध के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शहर में भी धूप से दिन में सड़कों पर चहल पहल कम रही। ग्रीष्मावकाश में गर्मी के चलते बच्चे घरों में ही समय बिताने को मजबूर हैं। पार्क भी देर शाम तक सूने रह रहे हैं। शुक्रवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी के बाद भी उमस से बेचैनी बढ़ी।

**22 से मानसून के सक्रिय होने का अनुमान :** गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ आरके सिंह ने बताया कि शुक्रवार को आर्द्रता 73 प्रतिशत रहा। 7.8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दक्षिण पूर्व से हवा चली। दो मिलीमीटर बारिश हुई है। 21-22 को भी हल्के बादलों के बीच बूंदाबांदी या कहीं हल्की बारिश हो सकती है। 22 की रात या 23 जून से मानसून सक्रिय होने की पूरी संभावना है।



पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण बढ़ा राम गंगा का जलस्तर। ● अमृत विचार

### नींद पूरी न होने से बढ़ रहा चिड़चिड़ापन

रात में नींद पूरी न होने से लोगों में अनिद्रा, चिड़चिड़ापन की दिक्कत बढ़ रही है। जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एनके मिश्र ने बताया कि इन दिनों मौसम के चलते बच्चों व बड़ों में डायरिया, बेचैनी, सांस फूलने, उल्टी दस्त, सिर दर्द व उच्च रक्तचाप की दिक्कत बढ़ रही है। हृदयरोगियों को सतर्क रहने की जरूरत है। तेज धूप में जाने से बचें। स्वच्छ व शुद्ध पानी पीएं। शीतल पेय पदार्थों का प्रयोग करें। गर्मी में कॉफी व अल्कोहल के सेवन से परहेज करें। आसपास स्वच्छता रखें।

## रविवार को लखनऊ में होने वाले महासम्मेलन में पहुंचेंगे क्षत्रिय



बैठक में रुपरेखा तय करते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक शुक्रवार को मानसरोवर कॉलोनी में हुई। इसमें 22 जून रविवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में महासम्मेलन में जाने के लिए सभी क्षत्रिय बंधुओं को फोन से जानकारी दी गई। सभी को ले जाने के लिए रुपरेखा बनाई गई।

जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में महासम्मेलन में अधिक से अधिक क्षत्रियों को भेजने की रुपरेखा बनी। जिसमें चार पहिया वाहनों के अलावा बस और ट्रेन से क्षत्रिय समाज के लोगों को लखनऊ ले जाने की तैयारी हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष के अलावा सुभाष सिंह, संजय सिंह, अशोक सिंह, मनोज सिंह, नीरज सिंह सोलंकी, रासू ठाकुर, जोगेंद्र चौहान, अरुण सिंह, अनिल चौहान आदि मौजूद रहे।

---

# मानक अनुरूप कराएं स्टेडियम का निर्माण



निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण कर जानकारी लेते कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **विधायक ने रतनपुर कला में निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम का निरीक्षण किया**

**अमृत विचार :** रतनपुर कलां में निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण शुक्रवार को कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह ने निरीक्षण कर प्रगति देखी। कार्य में मजदूरों की संख्या कम होने पर उन्होंने संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

विधायक ने कार्य की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी जताकर मजदूरों की संख्या बढ़ाने और कार्य में गुणवत्ता व मानकों का विशेष ध्यान देने का निर्देश कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के प्रतिनिधियों को दिया। जिला युवा कल्याण अधिकारी को कार्य का नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा। विधायक ने बताया कि रतनपुर कला गांव में 7.72 करोड़ से ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। इसके बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के युवा खेलों में अपना दमखम दिखाकर परचम लहरा सकेंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का भी अवसर मिलेगा। कुंदरकी विधानसभा के साथ ही इससे सटे अमरोहा जनपद की सीमा के कई गांवों के खिलाड़ियों को भी इससे लाभ होगा। स्टेडियम में बाउंड्री और दर्शक दीर्घा के अलावा बैडमिंटन, टेनिस, कबड्डी, वॉलीबाल आदि खेल की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अत्यंत कृपालु हैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार प्रथम के शिव शक्ति मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन गुरुवार को बरेली फरीदपुर के श्रीराम कथा वाचक मानस मर्मज्ञ पंडित बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम अत्यंत कृपालु हैं। भगवान के भक्तों को भगवान की कृपा पर भरोसा होता है।

उन्होंने बताया कि रामायण में भगवान राम ने अनेक भक्तों पर कृपा की पर अहिल्या पर जो कृपा हुई है वह अद्भुत है। वह तो इतनी असमर्थ थी की प्रभु को पुकार भी नहीं सकती थी, पत्थर बनी हुई पड़ी थी लेकिन उनका उद्धार करने के लिए स्वयं प्रभु राम उनके पास पहुंचे। अहिल्या का उद्धार करने के कारण ही प्रभु राम का नाम पतित पावन हुआ, क्योंकि लोग अहिल्या को पतिता जानकर उनके आश्रम में पैर नहीं रखते थे। व्यवस्था में गोरखनाथ प्रसाद, उमेश चंद्र अग्रवाल, निमित जायसवाल, राधेमोहन शर्मा, ज्ञानचंद गुप्ता, पंडित हेमंत भट्ट, पंडित देवेन्द्र आदि रहे।

# एबीवीपी ने दिन में की तारीख बढ़ाने की मांग, विवि प्रशासन ने शाम को बढ़ा दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने शुक्रवार को दिन में श्री गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ाने की मांग करते हुए कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा था। इसमें पंजीकरण की अंतिम तिथि को 20 जून से बढ़ाकर 30 जून करने की मांग की गई थी। ऐसा न होने पर जनजागरण अभियान चलाने की चेतावनी दी थी। शाम को विवि के कुलसचिव ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर पंजीकरण के लिए अब 25 जून तक की तारीख बढ़ा दी गई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महामंत्री गौरव क्षत्रिय के नेतृत्व में छात्र छात्राएं कांठ रोड स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में बने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के अस्थायी प्रशासनिक कार्यालय पर पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया में पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 जून से बढ़ाकर 30 जून तक करने की मांग की थी।

इससे संबंधित ज्ञापन कुलसचिव गिरीश द्विवेदी को सौंपा था। बताया था कि विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों में अभी भी हजारों छात्र ऐसे हैं जो विभिन्न कारणों से प्रवेश नहीं ले पाए हैं। इसका प्रमुख कारण कई बोर्ड के परीक्षा परिणामों की देर से घोषणा, प्रमाणपत्रों की अनुपलब्धता, तकनीकी बाधाएं एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की समस्या है। इसलिए 20 जून की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 जून किया जाए। इस दौरान छविनाथ अरोरा, विभाग संयोजक रितिक चौहान, महानगर सहमंत्री माथुर साहिल कठेरिया, एसएफएस संयोजक शिवा पाल, राजा शर्मा, विषाद भास्कर, रोहन रस्तोगी, अनमोल शर्मा, तेजस कपूर, मानव दिवाकर, आयुष चौधरी, रॉबिन चौधरी, संजय दत्त, शिवम आदि मौजूद रहे।

शाम को विश्वविद्यालय के कुलसचिव गिरीश द्विवेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 जून तक बढ़ा दी गई है।



तिथि बढ़ाने को लेकर कुलसचिव गिरीश द्विवेदी को ज्ञापन देते छात्र। ● अमृत विचार

● **एबीवीपी ने गुरु जंभेश्वर विवि में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ाने को कुलसचिव को सौंपा था ज्ञापन**

---

# मोदी सरकार के कार्यकाल में राष्ट्र के पुनर्निर्माण का नया युग प्रारंभ हुआ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भाजपा महानगर की ओर से बुद्धि विहार स्थित कार्यालय में केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल पूरा होने पर प्रोफेशनल मीट आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी रहे।

उन्होंने विशिष्ट अतिथि भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के साथ भारत माता, श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य ने कहा कि जबसे 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी, तभी से राष्ट्र पुनर्निर्माण का नया युग प्रारंभ हुआ। यह 11 साल संकल्प से सिद्धि की यात्रा है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि मोदी युग भारत के वैश्विक नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का युग है। 21 वीं सदी भारत की सदी है हम उस मोड़ पर हैं जहां भारत गरीबी और धीमी प्रगति को छोड़कर विकसित भारत बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

महानगर अध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को केंद्र सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी देनी थी। प्रबुद्ध प्रकोष्ठ महानगर संयोजक देवराज सिंह चौहान ने कहा कि सुरक्षा ही मजबूत भारत की नींव है। संचालन कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी ने किया। इस दौरान केके मिश्रा, अल्पना गुप्ता, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, कमल गुलाटी, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, नवदीप टंडन, अजय वर्मा, हेमराज सैनी, पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, राहुल शर्मा, हेमराज सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



संबोधित करते विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी व उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी।

● **भाजपा कार्यालय में केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल पूरा होने पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन**

## महिला परिचालक के कार्य न करने से अनुबंधित बसों को हो रहा नुकसान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सड़क राज्य परिवहन निगम की लचीली कार्रवाई से अनुबंधित बस स्वामियों को नुकसान हो रहा है। इसके लिए अनुबंधित बस स्वामियों ने महिला परिचालकों को जिम्मेदार ठहराया है।

इस संबंध में शुक्रवार को अनुबंधित बस ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह को ज्ञापन दिया गया है। दिए गए ज्ञापन में महिला परिचालक के सुबह बसों पर देर से आने और शाम को जल्दी चले जाने से अनुबंधित बसों की आए में घाटा होने बात कही है। वहीं रोडवेज के जिम्मेदार अधिकारी महिला परिचालक पर कार्रवाई करने से बचते दिखाई दे रहे है। इस पर आर एम वित्तीय बी एन मिश्रा परिचालकों का संकट दिखाते हुए और महिला परिचालकों के नये होने बात कह कर परिचालकों पर कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे हैं। उन्होंने निजी बस स्वामियों की मांग पर महिला परिचालकों को निजी बसों से हटाकर निगम की बसों पर भेजने का आश्वासन दिया है।

**लापरवाही** गर्मी में गोशालाओं में गोवंश की देखरेख न होने से मवेशियों पर संकट

# छुट्टा घूम रहे पशु, गोशालाओं में भी कुप्रबंधन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **घायल हो रहे लोग तो कई बार वाहनों की टक्कर से पशु हो रहे चोटिल**

**अमृत विचार :** जिले में कई गोआश्रय स्थल होने के बाद भी सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर छुट्टा पशु घूम रहे हैं। इनके चलते कभी लोग चोटिल हो रहे हैं तो कई बार वाहनों की टक्कर से पशु चोटिल होकर सड़क पर कराह रहे हैं। गोशालाओं में कुप्रबंधन से यहां रखे पशुओं की भी गर्मी में दुर्दशा हो रही है। जबकि सरकार की प्राथमिकता गोवंश संरक्षण की है।

महानगर की सड़कों पर हर दिन और हर सार्वजनिक स्थान पर छुट्टा पशु गाय, सांड़, भैंस विचरण कर रहे हैं। जो आए दिन लोगों को चोटिल कर रहे हैं। इन छुट्टा पशुओं के चलते लोगों के वाहनों में रखा सामान भी सुरक्षित नहीं बच रहा है। दोपहिया वाहनों के डिग्गी में रखे सामान को सींग मारकर यह निकालने में कई बार वाहनों को भी पलट देते हैं। वहीं छुट्टा पशुओं के आपस में भिड़ने से राहगीर चोटिल हो रहे हैं। फिर भी इन छुट्टा पशुओं को पकड़ कर गोआश्रय स्थलों पर नहीं भेजा जा रहा है। जबकि नगर निगम की ओर से मैनाठेर में संचालित कान्हा गोशाला में 1000 गोवंश संरक्षण की क्षमता है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी कान्हा गोशाला, वृहद गोआश्रय स्थल आदि बने हैं। फिर भी ग्रामीण क्षेत्र में खुले में विचरण कर रहे पशुओं के द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की शिकायतें आए दिन किसान संगठनों व किसानों के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठकों व किसान दिवस के आयोजन में उठता रहता है। सड़कों पर घूम रहे पशु लोगों की जान पर मुसीबत बन रहे हैं। यह स्थिति तब है जब डीएम किसान दिवस में अधिकारियों को छुट्टा पशुओं को नियंत्रित कर उन्हें गोशालाओं में संरक्षित करने का निर्देश दे चुके हैं।



आशियाना कॉलोनी के पास घूमते पशु। ● अमृत विचार

### लापरवाही से महानगर की सड़कों पर पशुओं का जमावड़ा

मवेशियों की निगरानी व उनके पकड़ने के लिए उपाय में लापरवाही से महानगर की सड़कों पर हमेशा पशुओं का जमावड़ा रहता है। डीएम अनुज सिंह का कहना है कि छुट्टा पशुओं को पकड़ कर उन्हें गोआश्रय स्थलों में संरक्षित करने के लिए निर्देश दिया है। नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों के अधिकारियों को इसके लिए गंभीरता दिखाने के लिए कहा है। जल्द ही इससे संबंधित कर्मचारियों व अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी।

## आज का मौसम

आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे, बूंदाबांदी हो सकती है।

| 29.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:16 |

# मेरा दुनिया से जाना ठीक... प्लांट में लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कर्ज से परेशान था बिजनौर का युवक, जेब से मिला पत्नी के नाम लिखा सुसाइड नोट

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के काजीपुरा में पानी के प्लांट में बिजनौर के युवक ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। युवक की जेब से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें पत्नी को लिखा कि नीरा मेरा दुनिया से जाना ही ठीक है।

बिजनौर के थाना स्योहारा अंतर्गत गांव कजमपुर शेरपुर निवासी वरुण चौहान का काजीपुरा में पानी का प्लांट है। वरुण प्लांट से पानी शहर में कई स्थानों पर सप्लाई करते थे। वह रोजाना घर से मुरादाबाद आते और शाम को चले जाते थे। शुक्रवार की शाम प्लांट में लोगों ने वरुण का शव फंदे पर लटके देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतार जेब चेक की तो उसमें पत्नी के नाम सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था नीरा मेरा इस दुनिया से जाना ही ठीक है, अपना और गब्बू का ध्यान रखना परेशान मत होना, अगर मैं रहता तो सबकुछ खत्म हो जाता। मैं जेब में पेपर रखकर मर रहा हूं, ताकि पुलिस परेशान न करे। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि वरुण ने ऑनलाइन गेम खेलकर रुपये हार गया था। इससे उस पर कर्ज हो गया था। कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या का मामला सामने आया है। परिजनों को जानकारी दे दी है। अभी तक शिकायती पत्र नहीं मिला है।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कपूर कंपनी पुल के पास से रेलवे ट्रैक पार कर रहा एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शिनाख्त हरप्रसाद निवासी प्रकाश नगर चौराहा के रूप में हुई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना मझोला क्षेत्र के प्रकाश नगर चौराहा निवासी हरप्रसाद शुक्रवार को सुबह किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए रेलवे स्टेशन पर आए थे। रिश्तेदार से मिलने के बाद हरप्रसाद वापस घर जा रहे थे। जैसे ही वह कपूर कंपनी पुल के पास पहुंचे तो रेलवे ट्रैक को पार करने लगे। तभी मुरादाबाद की तरफ आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जानकारी युवक के परिवार वालों को दी।

### मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

# ग्रीन बेल्ट पर बना पाम व्यू शादी हॉल सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा था संचालित, अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भोजपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर-जामा मस्जिद रोड स्थित पाम व्यू शादी हॉल को सील कर दिया। एमडीए के अनुसार यह शादी हॉल ग्रीन बेल्ट की जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था, जिसे नियमों को ताक पर रखकर संचालित किया जा रहा था।

एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने अवैध निर्माण की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों की जांच में सामने आया कि बैंक्वेट हाल के फ्रंट पर बनी सभी दुकानें भी ग्रीन बेल्ट की जमीन पर अनाधिकृत रूप से बनाई गई हैं। बताया जा रहा है कि कार्यक्रमों की एडवांस बुकिंग के नाम पर आयोजकों ने लोगों से करोड़ों रुपये की वसूली की थी, जिनका अब भुगतान और आयोजन अधर में लटक गया है।

> ग्रीन बेल्ट में किसी भी प्रकार का व्यावसायिक या निर्माण कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। – **अनुभव सिंह**, एमडीए उपाध्यक्ष



एमडीए द्वारा ग्रीन बेल्ट में शादी हॉल पर लगाई गई सील। ● अमृत विचार

इससे कई लोग आर्थिक रूप से परेशान हैं। एमडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर शादी हॉल को सील कर दिया। आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है। प्राधिकरण की यह कार्रवाई नगर क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है।

## एक नजर

### घर में भैंस का कटान कर रहे युवक को पकड़ा, तीन हो गए फरार

**भोजपुर, अमृत विचार :** उप निरीक्षक अनिल कुमार ने गांव पीपलसाना में दबिश देकर घर में भैंस का कटान कर रहे मांस व्यापारी को हिरासत में ले लिया। उसके तीन साथी पुलिस को चकमा देकर भाग गए। शुक्रवार को पीपलसाना बीट प्रभारी अनिल कुमार गोस्वामी, पुलिस कर्मियों राहुल कुमार एवं गौरव कुमार के साथ गांव में गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने पुराने बुद्ध बाजार पीपलसाना में ईदगाह के निकट शकील मुल्ला के मकान के निकट प्लाट में भैंसों का कटान होने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्लाट की घेराबंदी कर भैंस का कटान कर रहे मोहम्मद फईम पुत्र कलुआ को हिरासत में ले लिया। उसके तीन साथी भाग गए। पूछताछ में भागे हुए तीन साथियों के नाम राशिद पुत्र प्यारे, सहीन पुत्र बाबू और नबिया पुत्र भूरा बताए। पुलिस ने मौके से डेढ़ क्विंटल मांस, कुल्हाड़ी, छुरी, सुम्मी, भैंस की खाल बरामद कर पशु चिकित्सक को बुलाकर मांस की जांच कराई। पशु चिकित्सक की मौजूदगी में मांस को जेसीबी मशीन से ढेला नदी के किनारे गड्ढा खोदकर दबा दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### रोडवेज की टक्कर से सांड़ की मौत

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र मूंडापांडे के ग्राम मुनीमपुर के निवासी अर्टिगा के चालक गुलफाम ने बताया कि वह दिल्ली की ओर से गाड़ी लेकर आ रहा था। तभी पीछे से गाड़ी में सांड़ टकराया तो उसकी गाड़ी आगे वाली गाड़ी से टकरा गई। इसी बीच वहां से गुजर रही रोडवेज बस सांड़ को टक्कर मारते हुए भाग निकली। जिससे सांड़ की मौत हो गई। हादसे में दोनों गाड़ियां टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सांड़ को हाईवे से हटवाकर गड्ढा खोदकर दबवा दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: आज योग करेंगे हजारों लोग

## एक पृथ्वी- एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर कंपनी बाग में होगा मुख्य आयोजन, प्रभारी मंत्री रहेंगे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज नगर निगम के कंपनी बाग पार्क में एक साथ हजारों लोग योग करेंगे। योग से निरोग रहने का मंत्र दिया जाएगा। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए है। जिले में मुख्य आयोजन नगर निगम के कंपनी बाग पार्क में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार होंगे। इसके अलावा शासन की ओर से नामित नोडल अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

कंपनी बाग स्थित पार्क में शनिवार सुबह 6:30 बजे योग किया जाएगा। योग प्रशिक्षक लोगों को योग के विभिन्न आसन कराकर उनको अपने जीवन में योग पद्धति को अपनाने का संकल्प दिलाएंगे। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार सबके साथ योग करेंगे। इसके अलावा मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व जिले के जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। शिक्षा विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी व स्कूल-कॉलेज के छात्र छात्राएं भी योग करेंगे।



कंपनी बाग में योगाभ्यास के लिए बिछाई गईं दरी। ● अमृत विचार

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह ने बताया कि कंपनी बाग में पार्क में मुख्य आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी हैं। मौसम को देखते हुए वैकल्पिक रूप में मझोला थाने के पास हार्ट फुलनेस सेंटर को भी तैयार किया गया है।

### योग दिवस से पूर्व मां के नाम रोपी पौध




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय 11 वें योग दिवस के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी विजय पाल ने बताया कि योग दिवस से एक दिन पूर्व शुक्रवार को कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम पर पौध रोपी गई। विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व बताए। प्रधानाचार्या डॉ. मोनिका रस्तोगी ने सभी को एक-एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित कर पेड़ों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। अध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि पृथ्वी को हरा भरा रखने के लिए पौधों का होना नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर राजीव कुमार भटनागर, पवन कुमार तिवारी, शीतल रावत, अनिल, रवि सैनी आदि मौजूद रहे।

### शरीर को ऊर्जा से भरता है योग



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। साथ ही वीरभद्र आसन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन, ताड़ासन आसनों का भी अभ्यास कराया। प्राचार्य ने कहा कि योग में किए जाने वाले आसन और मुद्राएं न केवल मांसपेशियों को मजबूत करती हैं, बल्कि यह पूरे शरीर को ऊर्जा से भर देती हैं। सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से शरीर में रक्त संचार बेहतर होता है, इंसान स्वस्थ बना रहता है और शरीर रोग मुक्त रहता है। सूर्य नमस्कार सिर से लेकर पैर तक शरीर के सभी अंगों को बहुत लाभान्वित करता है उप प्राचार्य प्रोफेसर अंजना दास ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक प्राचीन यौगिक अभ्यास है जो सूर्य को समर्पित है। शिविर का आयोजन और संचालन डॉक्टर शेफाली अग्रवाल ने किया।

### माध्यमिक- बेसिक के बच्चे और शिक्षक करेंगे योग

मुरादाबाद, अमृत विचा : 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल कॉलेजों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक योग करेंगे। आयोजन की व्यवस्था में विभाग के अधिकारी जुटे रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि कंपनी बाग के आयोजन में चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज, हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज, आरएन इंटर कॉलेज, जीजी हिन्दू इंटर कॉलेज, एसएस इंटर कॉलेज, मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज व अन्य कॉलेजों के 1950 छात्र-छात्राएं व शिक्षक शामिल होंगे। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों अपने अपने ब्लॉक से 150 शिक्षकों को योग दिवस में भागीदारी करने के लिए कहा गया है।

# टीएमयू लाइब्रेरी में लगी योग की किताबों की विशेष प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के केंद्रीय पुस्तकालय व नॉलेज रिसोर्स सेंटर की ओर से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग की पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन ने कहा कि योग और पुस्तकालय दोनों ही मानव जीवन के दो महत्वपूर्ण आयाम हैं। प्रदर्शनी में अंग्रेजी और हिंदी की 350 योग की पुस्तकों जिसमें पतञ्जलयोगप्रदीप, योग में मसाज, एक्यूप्रेशर एवं सूर्य चिकित्सा, योग करने के तरीके, मेडिटेटिव योगा, हठयोग फॉर ह्यूमन हेल्थ, योगाः वे ऑफ हेल्थ आदि किताबों को विद्यार्थियों ने देखा व पढ़ा। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल ने प्रदर्शनी और लाइब्रेरी का भ्रमण किया। असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद ने विद्यार्थियों और लाइब्रेरी स्टाफ को नियमित रूप से योग अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल गंभीर रोगों से मुक्ति प्रदान करता है, बल्कि शरीर को सुदृढ़, सक्रिय और संतुलित बनाता है। इस दौरान डॉ. जैनुल, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. आलोक गुप्ता, हर्षित सिंह, राहुल कोहली आदि भी मौजूद रहे।



टीएमयू में लगी प्रदर्शनी में पुस्तकें पढ़ते विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

# कोर्ट से बाहर युवक की पिटाई जान से मारने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- केस में पेशी के दौरान की वारदात अधिवक्ता समेत पांच पर आरोप मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** कोर्ट में पेशी के बाद बाहर निकल रहे एक युवक के साथ मारपीट की वारदात सामने आई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि एक वकील ने साथियों के साथ मिलकर न केवल उसे पीटा बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। सिविल लाइंस पुलिस ने एक नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी मोहम्मद शफी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी फुफेरी बहन आसमीन का अधिवक्ता पति आरिफ से विवाद चल रहा है। उसी विवाद को लेकर उसने शफी के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा रखा है। पीड़ित के अनुसार बीती 19 जून को लगभग 11:30 बजे की है। जब वह अदालत में पेशी के बाद बाहर निकला तभी आरिफ तीन-चार साथियों के साथ आया और उसे पकड़कर लात-घूंसों और बेल्टों से मारने लगा। आरोप है कि उसके कपड़े फाड़ दिए, मोबाइल फोन तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी गई। शफी ने किसी तरह वहां से भागकर जान बचाई और थाना सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि उसे चेहरे, पेट और छाती में गंभीर चोटें आई हैं और उसे अब भी आरिफ और उसके साथियों से जान का खतरा बना हुआ है।

थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद आरोपी आरिफ और चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## उत्पीड़न और छेड़छाड़ में आठ पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र की महिला ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 25 अप्रैल 2023 को बिजनौर के थाना चांदपुर क्षेत्र के फीना बस्ती निवासी नईम से हुई थी।

विवाह में मां ने रिश्तेदारों से उधार लेकर 2.60 लाख नगद, गहने और बाइक सहित अन्य सामान दिया था। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालियों ने कार न मिलने को लेकर ताने देने शुरू कर दिए। वह पति के साथ दिल्ली गई तो वहां देवर फहीम और कासिम ने अश्लील हरकतें शुरू कर दी। शिकायत पति से की तो उसने मारपीट की। सास-ससुर व अन्य परिजनों को जब यह बात बताई तो उन्होंने भी गालियां दीं और मारपीट की। 2 लाख की मांग कर रहे थे, ताकि नईम दिल्ली में पार्लर खोल सके। रुपये न मिलने पर निकाल दिया। वह 8 माह की बच्ची के साथ मायके में है। थाना मझोला में कई बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद वह एसएसपी कार्यालय पहुंची। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है।

# रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर होंगे विशेष आयोजन

योग दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीआरएम राज कुमार सिंह ने की तैयारियों की समीक्षा

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुरादाबाद रेल मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर भव्य योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मंडल रेल प्रशासन की ओर से मुरादाबाद, अमरोहा, बरेली, नजीबाबाद, हरिद्वार, देहरादून, रुड़की, हापुड़, बालामऊ, शाहजहांपुर, रोजा, हरदोई, सीतापुर सिटी तथा चंदौसी स्टेशनों पर योग कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां की गई हैं।

रेलवे स्टेडियम समेत मंडल के अन्य प्रमुख स्थलों पर भी योग अभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन भाग लेंगे। मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने शुक्रवार को योग दिवस के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का सशक्त माध्यम है और रेलवे परिवार की भागीदारी से यह आयोजन एक सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा। योग सत्रों में प्रशिक्षित योगाचार्यों की देखरेख में कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां सिखाई जाएंगी। कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने और कार्यस्थल पर कार्य दक्षता बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। रेल मंडल प्रशासन ने सभी स्टेशनों पर साफ-सफाई, पेयजल, योगा मैट्स और अन्य व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त कर लिया है। इसके साथ ही रेलवे अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग को भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल किया गया है। रेलवे प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वह लोग भी योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ, सक्रिय जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

# लाभार्थी का चेहरा प्रमाणित होने के बाद आएगा ओटीपी, फिर मिलेगा पुष्टाहार



पंचायत भवन सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** पंचायत भवन सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इससे पहले सभी कार्यकत्रियों ने अंतर्राष्ट्रीय 11 वें योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास किया। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी जानकी देवी ने बताया कि अब टेक होम राशन के लिए राज्य के फंड केवल एसआरएस पंजीकृत लाभार्थियों के लिए जारी किया जाएगा। चेहरा प्रमाणित होने और ओटीपी के बाद लाभार्थियों को पुष्टाहार मिल सकेगा। यह व्यवस्था अगस्त से लागू होगी। सभी कार्यकत्रियां लाभार्थियों को फेस ऑथेंटिकेशन कर लें।

पंचायत भवन सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण में विभागीय योजनाओं एवं पोषण डाटा फीड करने के बारे में जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लगन, निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य सेविका द्वारा बच्चों के साथ गतिविधियों को बताया। वर्तमान में लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण कराया जा रहा है। अगस्त से चेहरा प्रमाणीकरण होने के बाद ही खाद्यान्न दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां द्वारा लाभार्थी का चेहरा प्रमाणित नहीं किया गया है। ऐसी 736 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय रोका गया है।

# पत्नी की बदचलनी का विरोध पड़ा महंगा, पति पर हमला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रात में घर में घुसकर मारपीट पांच नामजद आरोपियों पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** पत्नी के चरित्र पर सवाल उठाकर उसे मायके से बुलाने की कोशिश करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर उस पर तमंचे की बट और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया। पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कटघर क्षेत्र के करबला दस सराय करूला निवासी नवेद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी मायके में रह रही थी। पड़ोसियों से जानकारी मिलने पर उसे संदेह हुआ कि पत्नी की गतिविधियां ठीक नहीं हैं और वह कुछ लोगों को घर बुलाकर मोहल्ले की लड़कियों से मिलवाती है। यह बात उसने अपनी सास शहनाज, साले गुलाम साबिर और शारिक, रिश्तेदार राबिया व रुकसार से साझा की और पत्नी को वापस भेजने को कहा। पीड़ित के अनुसार इन लोगों ने उल्टे उसे ही बुरा-भला कहा और घर से धक्का देकर निकाल दिया। नवेद अपनी मां से अलग एक किराए के मकान में रहता था, वहीं आकर वह सो गया। आरोप है कि रात लगभग 1 बजे गुलाम साबिर, शारिक और अन्य लोग उसके घर पहुंचे। गुलाम साबिर के हाथ में तमंचा और शारिक के पास लाठी थी। जैसे ही दरवाजा खोला, उन्होंने नवेद पर हमला कर दिया। तमंचे की बट और लाठी से मारपीट की गई। उसे जमीन पर गिराकर गला दबाने की कोशिश की गई। शोर-शराबा सुनकर पड़ोसी शकील, नासिर ने उसकी जान बचाई। घटना के बाद नवेद के भाई शाबेज और कादिर उसे कटघर थाने ले गए, जहां से गंभीर हालत में पुलिसकर्मी की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। वहां उसका मेडिकल व एक्सरे कराया गया। इलाज के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुलाम साबिर, शारिक, शहनाज, राबिया और रुकसार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पत्नी के प्रेमी ने पति पर किया फायर

- कहासुनी होने पर की वारदात रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में पत्नी के प्रेमी ने कहासुनी होने पर साथी के साथ मिलकर युवक पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। तमंचे से फायर कर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम नसीरपुर निवासी खेमपाल सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि लगभग 2 साल से पड़ोसी गांव लकड़हैट थाना नौगांवा सादात निवासी पंकज पुत्र शिव कुमार सिंह से उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग चल रहा है। 15 जून को पंकज ग्राम नसीरपुर में चामुंडा पर भंडारे में आया था, जिसको लेकर खेमपाल और पंकज में गाली गलौच हो गई थी। इसी बात से नाराज होकर 19 जून को समय करीब 2:15 बजे पंकज फिर नसीरपुर आया और अपने साथी भीम सिंह के साथ खेमपाल के घर के सामने पहुंचे और बाइक खड़ी करके उसके घर के सामने गाली गलौच कर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। खेमपाल की तहरीर के आधार पर थाना कांठ पुलिस ने दोनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## युवती से शादी करने की जिद घर में घुसा युवक

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव खाबरी अब्बल की रहने वाली रईशन जहां ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 19 जून को रात 8 बजे अजीम पुत्र लियाकत, मतीन पुत्र रफीक, फैजान पुत्र नफीस, मोबिन पुत्र यासीन घर में घुस आए और उसकी बेटी के बारे में पूछने लगे।

अजीम कहने लगा कि मैं तुम्हारी बेटी से शादी करूंगा अगर उसकी शादी कहीं और की तो उसे उठा ले जाऊंगा। इस बीच उसकी बेटी को बाहर खींचने लगे और मारपीट शुरू कर दी, बाद में धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# शिविर में बिजली संबंधित 90 शिकायतों का समाधान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मूंढापांडे में बिजली विभाग ने लगाया शिविर, 8 लाख वसूले

**अमृत विचार:** मूंढापांडे ब्लॉक में बिजली विभाग की ओर से उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार को शिविर लगाया गया।

मुख्य अभियंता अरविंद सिंघल के निर्देश पर अधिशासी अभियंता द्वितीय विद्युत वितरण खंड कांठ अरुण कुमार द्वारा लगवाए शिविर में कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह समेत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि मीटर रीडरों के साथ ग्राम पंचायतों में मीटर रीडिंग के लिए अनुसूची तैयार की जाएगी। विद्युत उप केंद्रवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। जिसमें अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी, अवर अभियंता, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, टी.जी-टू, लाईन मैन एवं जन प्रतिनिधियो को जोड़ा जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण हो सकेगा। शिविर में उपभोक्ताओं की समस्याएं विद्युत भार में वृद्धि, विद्युत बिल संशोधन, मीटर बदलना एवं नये संयोजन देने संबंधी कार्य किए गए। जिसमें कुल 90 शिकायतों का निस्तारण किया गया। 8.70 लाख की राजस्व प्राप्ति की गई।

# मन, मस्तिष्क और आत्मा को संतुलन प्रदान करता है योग

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आजः किला परिसर, रजा लाइब्रेरी सहित कई जगहों पर होंगे कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले ही स्कूल, कॉलेज, पार्क और स्टेडियम में योगाभ्यास शुरू हो गया। योगाचार्यों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग घर-घर पहुंच गया है। योग करके लोग रोग को दूर भगा रहे हैं। लोगों को मधुमेह, हृदय रोग से छुटकारा मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने योग जैसे प्राचीन भारतीय विज्ञान को देश में पुनः प्रतिष्ठा दिलाई बल्कि इसे वैश्विक मंच पर पहचान दिलाकर सम्पूर्ण भारतवर्ष का गौरव बढ़ाया है। प्रधानमंत्री के प्रयास से 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, प्रधानमंत्री ने योग को विश्वव्यापी आंदोलन बना दिया। यह सिद्ध कर दिखाया कि योग न केवल शरीर की चंचलता को नियंत्रित करता है, अपितु मन, मस्तिष्क और आत्मा को भी संतुलन प्रदान करता है। विद्यालयों में योग शिक्षा को महत्व मिला है और युवा वर्ग में इसके प्रति जागरूकता का नया उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री का यह योगदान केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण की दिशा में एक अद्वितीय उपहार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर अमृत विचार ने योग प्रशिक्षकों से बातचीत की।

### योग पर चर्चा



योग हमारी प्राचीन धरोहर है, इसे ऋषि, मुनियों का विषय माना जाता था। लेकिन वर्तमान योग गुरुओं ने इसे जन-जन तक पहुंचाने में अथक परिश्रम किया है और आज योग जन-जन का विषय बन गया है। योग का अर्थ है जोड़ना है। मन, शरीर और आत्मा में समन्वय स्थापित करने का नाम योग है। भागदौड़ भरी जिंदगी में इंसान रोगों से ग्रसित है और तनावपूर्ण जीवन बिता रहा है। – **मुनीश चंद्र शर्मा, योगाचार्य**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में जिला योगासन खेल संघ और क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिवसीय योग शिविर हर साल लगाया जाता है। योग प्रशिक्षकों द्वारा लोगों को योगाभ्यास में बच्चे, बुजुर्ग, युवा और महिलाएं शामिल होते हैं। क्रीड़ा भारती खेलों के लिए प्रतिबद्ध है और जिला स्तर पर यह शिविर लगाया जाता है। – **मनोज कुमार, उप सचिव जिला योगासन खेल संघ**



गीता में भगवान कृष्ण ने कहा कि कर्मों में कुशलता के लिए योग करना बहुत आवश्यक है। योग प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। क्योंकि आज की उसकी अव्यवस्थित दिनचर्या और खानपान इतना खराब हो चुका है कि उसका शरीर रोगों का घर बन चुका है। ऐसी स्थिति में मानव को योग करना आवश्यक हो जाता है। – **दीक्षा यादव, योग शिक्षिका**



योग करने के लिए यह आवश्यक है कि योग हमेशा किसी योग्य गुरु के संरक्षण में करना चाहिए ताकि, योग की बारीकियों से परिचित हो सकें। योग हमेशा प्रातः काल में करना चाहिए ताकि, भरपूर ऑक्सीजन प्राप्त हो सके। योग हमेशा शांत और स्वच्छ वातावरण में करना चाहिए। योग करने से सोच सकारात्मक हो जाती है। – **अंतरा यादव, योग शिक्षिका**

## स्कूल, कॉलेजों में छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

**रामपुर अमृत विचारः** राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिलाओं के सशक्तिकरण में योग की भूमिका पर गोष्ठी हुई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जाग्रति मदान व डॉ. मुजाहिद अली ने विचार रखे। संयोजक डॉ. नरेश कुमार, डॉ. इरम, डॉ. प्रमोद कुमार व डॉ. कैश मियां आदि मौजूद रहे। राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में शुक्रवार को पेड़ों की उपयोगिता पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राधेश्याम गिरि, डॉ. केसी दिवाकर, डॉ. कपिल देव, राजेश शर्मा, वीरेन्द्र कुमार, जाफर, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।



राजकीय महाविद्यालय में योग करतीं छात्राएं।

## योगः चित्त वृत्ति निरोधः डॉ. प्रियंका



**रामपुर,अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के डॉ. प्रियंका उपाध्याय शुक्ला ने कहा कि योग हमें जीवन जीने की कला सिखाता है योग के माध्यम से ही मनुष्य परमात्मा को बहुत सरल और सहज प्राप्त कर सकता है। समाज में लोग मानसिक विकृतियों के शिकार हो रहे हैं डिप्रेशन, एंग्जाइटी, आलस्य, प्रमाद छोटे छोटे बच्चों में फैलता जा रहा है। जिससे बच्चे अपने भविष्य का सही निर्णय लेने के लिए भी सक्षम नहीं हो पा रहे हैं और अपने और अपने परिवार के साथ साथ समाज में भी ऐसी घटनाये घटा देते हैं जो समाज में एक विकृत मानसिकता का उदाहरण बन जाते हैं।



कोसी पुल पर कार्यकर्ताओं से मिलते नकवी। ● अमृत विचार

## योग मुल्कों की सीमाओं, मजहबों के बंधनों से मुक्त

**रामपुर अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि हजारों साल पुरानी भारतीय विरासत योग मानवता की सेहत-सलामती का सार्थक साधन साबित हो रहा है। आज दुनिया योग दिवस को तंदुरुस्ती के त्योहार की तरह मना रही है। योग दिवस का यह तंदुरुस्ती त्योहार मुल्कों की सीमाओं, मजहबों के बन्धनों से मुक्त है। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकव शुक्रवार को दो दिवसीय प्रवास पर रामपुर पहुंचे। शंकरपुर स्थित आवास पर उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व प्रमुख लोगों से मुलाकात की। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। नकवी ने कहा कि योग को किसी मुल्क-मजहब के बंधन में नहीं बांधा जा सकता, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के बेहतरी का भारतीय उपहार है। योग साधना समाज के सेहत, सलामती, समरसता, सहिष्णुता का सशक्त सन्देशवाहक साबित हो रहा है। योग, किसी धर्म, जाति, क्षेत्र के संकुचित दायरे से मुक्त, मानव कल्याण के प्रकल्प से युक्त है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नकवी प्रातः 5:30 बजे सिविल लाइन में रोशन बाग स्थित पार्क में चेतना योग संस्थान द्वारा आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, महा सिंह राजपूत, भागीरथ सिंह गंगवार, कपिल आर्य, जागेश्वर दयाल दीक्षित, मोहन लोधी, पंकज लोधी, रविंद्र सिंह रवि, रवि रोहिला, कृष्ण अवतार लोधी, विकास दीक्षित, संजय पाठक, धर्मवीर यादव, अर्जित सक्सेना, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, मानसिंह, अनुज सक्सेना रहे।

## शरीर को आसान प्राणायाम से ठीक करना जरूरी

**रामपुर,अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या में परमहंस भारतीय महायोग शोध संस्थान श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में महायोग संगोष्ठी का आयोजन हुआ। दर्जा मंत्री सूर्यप्रकाश पाल ने योग की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा कि मनुष्य के शरीर को आसान प्राणायाम से ठीक करना आवश्यक है। महायोगी डॉ. राधेश्याम वासंतेय योग परंपरा को विश्व की आधार भूमि बताया। हिरण्य गर्भ सूर्य योग के प्रथम आचार्य रहे। परम शिव योगीश्वर तथा श्री कृष्ण योगेश्वर ने हट लय मंत्र, राजयोग सबको एकत्रीत करके महायोग स्थापित किया। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के चेयर मैन मोहनलाल सैनी, भारत भूषण गुप्ता, ममता सोनी, कमल चावला, रमा शर्मा, डॉ. मोनिका अग्रवाल, सुमन परिहार, बीना रानी, गौरव अग्रवाल रहे।




भारतीय महायोग शोध संस्थान में बोलते महायोगी डॉ. राधेश्याम।

### आज इन स्थानों पर होगा योग

. पुलिस लाइन ग्राउंड
. रजा लाइब्रेरी परिसर
. उत्सव पैलेस
. रोशन बाग पार्क
. राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकॉल का किया रिहर्सल

**रामपुर,अमृत विचारः** आयुष विभाग की ओर से 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर गुरुवार को जिला पंचायत स्थित पार्क में योगा मास्टर ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना व मुनीश चंद्र शर्मा ने प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। पतंजलि योग समिति, क्रीड़ा भारती और आर्ट ऑफ लिविंग व आयुष विभाग से जुड़े योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकॉल का रिहर्सल किया। 21 जून को अलग अलग स्थानों पर शिविर के माध्यम से योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराए जाने को लेकर मंथन किया गया। योग दिवस को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, राजीव कुमार, उमेश चंद्रा, सोनू चौहान, उमा शंकर, तुषार शर्मा रहे।

## स्वर साधना योग पर फनकारों ने बटोरीं तालियां

**रामपुर अमृत विचारः** लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि लाइब्रेरी में योग कर्मसु कौशलम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए कराया गया। रंग महल में शुक्रवार की शाम स्वर साधना में शिव-शिव शंकर गीत पर फनकारों ने योग प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। फनकारों ने संगीत की धुन पर ताड़ासन, मंडूक आसन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम और कपालभाति कर खूब तालियां बटोरीं। इससे पूर्व डॉ. अनूप कुमार सिंह ने कहा कि योग जीवन में बहुत जरूरी है। रजा लाइब्रेरी में लगी प्रदर्शनी में ऋषि मुनियों के विचार देखे जोकि बहुत संतुलित हैं। 100 वर्ष से अधिक की आयु बिना किसी साधना के नहीं हो सकती। स्वर के माध्यम से साधना के लिए संस्था बनाई गई है। इस मौके पर अरुण सक्सेना, हिमांशु सिंह, सनम अली खां, मोहनी आदि मौजूद रहे।

# वृद्धा की गला घोंटकर हत्या, परिजनों ने लूटपाट का भी लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**तहकीकात**

● **पुलिस मामले को संदिग्ध मान सभी बिंदुओं पर कर रही जांच**

**अमृत विचारः** गंज थाना क्षेत्र के घेर कलंदर खां निवासी बाबर खान की पत्नी 65 वर्षीय समर जहां की गुरुवार रात गला घोंटकर हत्या कर दी गई। परिजन शादी में गए थे और रात में वृद्धा अकेली थी। परिजनों ने लूटपाट का आरोप लगाते हुए हत्या की बात कही है, मामले में पुलिस छानबीन कर रही है।



समर जहां का फाइल फोटो।

गुरुवार रात डेढ़ बजे उनके रिश्तेदारों ने उनके भाई जलालुद्दीन को फोन किया। जिसके बाद वह अमरोहा से तीन बजे समर जहां के घर पहुंचे। बहन के शव को पलंग पर पड़ा देखकर रोना पीटना शुरू कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी आ गई। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दोपहर बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया। मृतका के भाई का कहना है कि बहनोई की चार साल पहले मौत हो चुकी है। समर जहां के कोई बच्चा नहीं था। हत्या के बाद 10 लाख के जेवर और नगदी लूट लिए है। वहीं दूसरी ओर गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर मौत होने का खुलासा हुआ है। अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। लूटपाट करने की कोई जानकारी नहीं है। पुलिस का कहना है कि मृतका समर जहां का अपने रिश्तेदारों से रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा था। उसी के चलते काफी परेशान हो जाने के बाद समर जहां ने कोर्ट में वाद दायर भी किया था। आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद जानकारी मिली। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर महिला के जेठ और देवर के परिवार से विवाद होता रहता था। लोगों का कहना है कि 15 दिन भी भी किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया था। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

## नवजात की मौत पर एक गिरफ्तार

**सैफनी,अमृत विचारः** शाहबाद के मोहल्ला कानून गोयान निवासी इकरार बेग के बेटे सलमान की पत्नी उमरा को 17 जून की सुबह अचानक पेट में तेज दर्द उठा। गर्भावस्था का आठवां महीना चल रहा था। परिजन उसे थाना क्षेत्र के कासमनगला गांव स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां बिना किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की देख रेख के ही महिला को भर्ती कर लिया। आरोप है कि अस्पताल संचालिका ने जल्दबाजी में नगर के ही एक झोलाछाप को बुलाकर बिना परिजनों की अनुमति के ऑपरेशन करा दिया। इस दौरान नवजात की मौत हो गई। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने रेफर करने की मांग की, तो अस्पताल संचालक ने उन्हें रोक दिया। शुक्रवार को सैफनी पुलिस ने फहीम अली निवासी ग्राम अफजलपुर थाना मूढापांड़े को ताजपुर बेहटा से दनियापुर जाने वाली रोड से समय गिरफ्तार किया।

# रामगंगा नदी में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

संवाददाता सैफनी

**दुखद**

● **परिजनों ने पुलिस को सूचित किए बिना शव को ले गए**

**अमृत विचारः** साथियों के साथ रामगंगा नदी में नहाने गए किशोर की नदी में डूब जाने से मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार करते हुए बिना पुलिस को सूचित किए शव को दफना दिया।



मृतक का फाइल फोटो।

सैफनी थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव निवासी नूरुल का 10 वर्षीय पुत्र अजीम शुक्रवार करीब सुबह 10 बजे के समय गांव के ही साथी बच्चों के साथ रामगंगा नदी में नहाने गया था, नहाते समय अजीब नदी के गहरे पानी में चला गया। जिससे उसके पैर लड़खड़ा गए और वह पानी में समा गया। साथ गए बच्चों ने अजीम को पानी में डूबते देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे आसपास खेतों पर काम कर रहे ग्रामीण मौके की तरफ दौड़ पड़े। आनन-फानन में अजीम को बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। कुछ देर बाद परिजन शव को अपने घर लेकर चले गए। ग्राम प्रधान अंसार हुसैन ने बताया कि किसी भी विभाग को सूचना नहीं दी गई है। परिजन शव को दफनाने की तैयारी में लगे हुए हैं।

# जमीन दिलाने के नाम पर वकील से 10 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जमीन दिलाने के नाम पर आरोपी ने अधिवक्ता से 9 लाख अस्सी हजार रुपये ठग लिए। तहरीर के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव म्यूडी निवासी भुवनेश कुमार का कहना है कि वह पूर्व महासचिव शिव नरेश तोमर का जूनियर है। उनके चेंबर पर शाहबाद निवासी शाहनवाज का आना जाना था। पीड़ित ने शाहनवाज की बातों में आकर जमीन लेने के नाम पर उसको 9 लाख 80 हजार रुपये एक जनवरी 2024 को दे दिए थे। इसके बाद आरोपी ने वहां आना बंद कर दिया था। शिव नरेश तोमर ने काफी बार आरोपी को फोन करके पैसे वापस मांगे तो टाल मटौल करता रहा। 17 जून 2027 को आरोपी अधिवक्ता के चैंबर मिल गया। पीड़ित ने जमीन की रजिस्ट्री कराने या पैसे वापस करने की बात कही। इस पर आरोपी ने पीड़ित को तमंचा दिखाते हुए बोला कि पैसे नहीं देने है। उसके बाद आरोपी मौका पाकर फरार हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी।

## संदिग्ध हालात में छात्रा की मौत

**शाहबाद,अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव तालिकाबाद निवासी प्रेमपाल के मुताबिक उसकी बेटी रानी (17) कक्षा दस में पढ़ती थी। लगभग डेढ़ माह पहले उसे एक कुत्ते ने काट लिया था। उपचार के बाद वह ठीक हो गई थी। इसके बाद वह कुछ दिन बाद वह छत से गिर गई। उसका उपचार कराया गया। हालत में सुधार होने की जगह उस दौरान वह बुखार से पीड़ित हो गई। जिस पर निजी चिकित्सकों से उसका उपचार कराया गया। गुरुवार को उपचार के दौरान उसने दम तौड़ दिया। मृतका के पिता के अनुसार मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

# बुजुर्ग ने अपनी होने वाली बहू से की शादी, हो रही चर्चा

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** बेटे की मंगेतर शादी करने वाले 57 वर्षीय ससुर और उससे 37 साल छोटी बहू का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। इस हरकत के बाद पंचायत के बाद ससुर को गांव से निकाल दिया गया है। मामले लोगों में तरह-तरह चर्चा हो रही है।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 57 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने बेटे की शादी अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती से तय कर दी थी। जिसके बाद ग्रामीण का उसके घर पर आना जाना शुरु हो गया था। बताया जा रहा है कि इस बीच ससुर का बेटे की मंगेतर पर दिल आ गया। आठ दिन पहले वह कार से युवती के घर पहुंच गया। उसके बाद दवा लेने के लिए उसको साथ ले जाने का बहाना करके ले गया। दिल्ली में जाकर शादी कर ली। उसके बाद वह लोग गांव आ गए, जहां पंचायत हुई। पंचायत के बाद दोनों का बहिष्कार कर दिया गया। उसके बाद दोनों लोग अलग रहे है। जबकि ग्रामीण के छह बच्चे भी है। दोनों के साथ मारपीट भी की गई।यह मामला सोशल मीडिया पर तेजी के साथ छाया हुआ है।

## महिला से दुष्कर्म में एक गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचारः** टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने टांडा में तहरीर देकर आरोप लगाया कि आदिल, इश्त्याक अली, साहिब, मोहम्मद आरिफ निवासी सूरतसिंहपुर उसको अपने साथ ले गए थे। उसके बाद मदरसे के कमरे में बंद करके आदिल ने महिला से बलात्कार किया था। अन्य आरोपियों ने सहयोग किया। इस मामले में पुलिस ने मोहम्मद आरिफ को सूरतसिंहपुर उर्फ नया गांव के पास से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चला गया।

### सार-संक्षेप

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले हरीश गंगवार

**रामपुर,अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार की दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट हुई। उन्होंने फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। साथ ही दोनों के बीच रामपुर के राजनीतिक हालातों और संगठन की मजबूती को लेकर बातचीत हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले सुझाव और संगठन कौशल के गुण रामपुर में भाजपा की सियासी जमीन को और मजबूती प्रदान करेंगे। आगामी पंचायत चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत होगी। गुरुवार को देर रात भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार दिल्ली पहुंच गए। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार हुई यह पहली मुलाकात करीब 10 मिनट तक चली। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपुर के बारे में पूरी जानकारी रखते हैं। यहां तक कि यह भी उन्हें पता होता है कि संगठन में कौन कब क्या कर रहा है। यह रामपुर के प्रति उनके स्नेह को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगामी कुछ दिनों में होने वाले संगठन विस्तार के संबंध में कुछ निर्देश दिए हैं। उनका अक्षरशः पालन किया जाएगा।



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलते जिलाध्यक्ष।

## रेलवे के कर्मचारी के अपहरण में तीन पर रिपोर्ट

**रामपुर अमृत विचारः** जिला बरेली के थाना थाना सुभाष नगर के रेलवे कालोनी निवासी मधु सक्सेना का कहना है कि उसने ओमकार को बचपन में ही गोद ले लिया था। उसके बाद उसका लालन पालन किया। उसके बाद ओमकार की नौकरी रेलवे में लगवा दी थी। ओमकार से रेलवे विभाग में तैनात कुछ कर्मचारी जैसे हरपाल, इंद्रवती नंदकिशोर उससे रंजिश रखते थे। जोकि रामपुर के निवासी है। महिला का बहनोई अभय श्रीवास्तव जोकि पुरानी कालोनी में रहता है। इसलिए महिला का आना जाना था। 10 जनवरी 2025 को महिला उसका बेटा ओमकार और पति सरनाम रामपुर आए थे। हम लोग अभय के घर पर जा रहे थे तभी ओमकार पेशाब करने चला गया। उसके बाद वह लौटकर वापस नहीं आया। उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। फिर महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दबंगों ने युवक पर झोंका फायर, घायल

**स्वार अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव पठानों वाला मझरा निवासी फैराज व फिरोज लंबू के बच्चों में किसी बात को लेकर बुधवार को विवाद हो गया था। जिस पर दोनों पक्षो के लोग आमने सामने आ गए थे। तब गांव के लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया था। गुरुवार को फिरोज लंबू गांव रायपुर चुन्नावाला से साप्ताहिक बाजार से खरीददारी करके घर वापस आ रहा था। रास्ते में गांव गड़रिया वाला मझरा निवासी फैराज, शन्नू, जुनैर, बाबू ने फिरोज लंबू को रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर फायर झोंक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया। दूसरी तरफ गुरुवार रात आरसल पारसल निवासी रिजवाना अपने घर पर काम कर रही थी। इस दौरान रंजिश के चलते महिला का देवर शफीक अहमद हाथ में चाकू लेकर घर पर आ गया और भाभी से गाली-गलौज करने लगा। शोर-शराबा सुनकर परिजन भी आ गए और समझाने का प्रयास किया। तब देवर ने चाकू से प्रहार कर भाभी को घायल कर दिया। घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है। पुलिस ने दोनो मामलों की तहरीर मिलने पर पांच आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## अतिक्रमण को लेकर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**मसवासी अमृत विचारः** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बिजारखाता में तालाब पर बनी आबादी को लेकर नाराजगी जताई है। तहसीलदार से दो दिन के भीतर रिपोर्ट तलब की है। जिससे तालाब पर कब्जा करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है। दो दिन पूर्व बिजारखाता में मार्ग चौड़ीकरण को लेकर हटाए गए अतिक्रमण को देखना आए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के समक्ष कुछ ग्रामीणों ने जल निकासी को लेकर आ रही दिक्कतों पर ग्रामीणों ने तालाब पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। तालाब मुक्त करने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने स्वार तहसील प्रशासन से नाराजगी जाहिर की। तहसीलदार से दो दिन के भीतर रिपोर्ट तलब की है। बताते हैं कि बिजारखाता आबादी में तालाब पाट कर कुछ लोगों ने मकान बना लिए हैं। जिससे गांव की जल निकासी अवरुद्ध है। लोगों को बरसात के दिनों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गांव के कुछ रास्तों पर जल निकासी के अभाव में पानी जमा हो जाता है। जिलाधिकारी के इस निर्देश से तहसील प्रशासन में भी हड़कंप मचा हुआ है।

## भाजपा ने ही प्रजापति समाज को दिया सम्मानः राजीव

**रामपुर अमृत विचारः** एचडीएफसी बैंक के निकट एक रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के बैनर तले प्रजापति समाज का एक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। भाजपा की मंडल की टीम में जनपद से बलवीर प्रजापति को सिविल लाइन मंडल में मंत्री, सत्य प्रकाश प्रजापति को मिलक ग्रामीण मंडल में मंत्री बनाया। बृजपाल प्रजापति को शाहबाद ग्रामीण मंडल में कोषाध्यक्ष, पूनम प्रजापति को शाहाबाद नगर मंडल में मंत्री, विजय प्रजापति को चमरव्वा मंडल में मंत्री बनाया। बबलू प्रजापति को मुरसेना मंडल में मंत्री बनाया। होराम प्रजापति को टांडा ग्रामीण मंडल में उपाध्यक्ष, गंगाराम प्रजापति को सैदनगर मंडल में उपाध्यक्ष व सुनील प्रजापति को कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश प्रजापति को रामपुर ग्रामीण में उपाध्यक्ष, राजीव प्रजापति को पुराना गंज मंडल में महामंत्री नियुक्त किया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजीव लोचन ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

**पहल** — एसपी ने डीएम को भेंट की पुस्तक, संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी शामिल किया गया है

# हादसों के हर पहलुओं को उजागर करती है सड़क सुरक्षा विमर्श पुस्तक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह को सड़क सुरक्षा के संबंध में सड़क सुरक्षा विमर्श नामक पुस्तक भेंट की। पुस्तक सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर आधारित है। किताब में जागरूकता अभियान, विभिन्न संस्थाओं की पहल, और मोटर ड्राइविंग स्कूलों की गतिविधियां सम्मिलित है।

यह पुस्तक न केवल सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और निवारण पर प्रकाश डालती है बल्कि उनके सामाजिक और आर्थिक प्रभावों का भी विश्लेषण करती है। पुस्तक में संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक संस्थाओं द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को भी शामिल किया गया है। जो इसे एक उपयोगी संदर्भ ग्रंथ बनाता है। पुस्तक में सड़क दुर्घटनाओं के विभिन्न कारणों जैसे चालकों की लापरवाही, यातायात नियमों का उल्लंघन, खराब सड़क की स्थिति आदि पर चर्चा की गई है। उसके निवारण जैसे पुस्तक में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों जैसे कि यातायात नियमों का पालन करना, सुरक्षित ड्राइविंग, बेहतर सड़कों का विकास आदि पर प्रकाश डाला गया है। सामाजिक और आर्थिक प्रभाव जैसे पुस्तक में सड़क दुर्घटनाओं के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों जैसे कि जानमाल का नुकसान, चिकित्सा खर्च आदि पर भी चर्चा की गई है। वैश्विक प्रयास के बारे में बताया गया है। सुरक्षित सड़क यातायात, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की भूमिका पर भी चर्चा करती है।



डीएम को पुस्तक भेंट करते एसपी। ● अमृत विचार

## एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**रामपुर,अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रूम (लाइब्रेरी), पुलिस म्यूजियम, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, गैस कार्यालय, जिम को देखा। इसके अलावा आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टांडा एवं क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन भी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी। ● अमृत विचार

**एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं : रामपुर,अमृत विचार** :शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने पुलिस कार्यालय पर जनसुवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। उसके बाद समस्याओं को निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारी को कहा। जिसमें मारपीट और जमीन से जुड़ी समस्याएं काफी थी।

योग दिवस की शुभकामनाएं
रजि.
बालाजी कन्सलटैंसी
फाइनेंस एडवाइजर | इण्डस्ट्रीयल लोन
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India
इंडियन बैंक Indian Bank
INTERNATIONAL YOGA DAY
DSA-LOAN

स्पेशलिस्टः- कंट्रोल एटमोसिफियर, कोल्ड स्टोर, फ्रूट चेम्बर, राईस मिल, ईंट भट्टा, गत्ता फैक्ट्री, दाल मिल, ग्रीन हाउस, वेयर हाउस, मिल्क प्रोडक्ट, भैंसो की डेयरी, बकरी-बकरा व मुर्गी पालन, डिस्पोजल व मिट्टी की क्राकरी, नमकीन, सोयाबीन, कोल्डड्रिंक, टायर पायरोलिसिस, प्लास्टिक पायरोलिसिस (प्लास्टिक टू फ्यूल), ऑयल स्पेलर, बेकरी, कुरकुरे, सोया, प्लास्टिक पाइप, कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट (बायो सीएनजी), वेस्ट टू एनर्जी, पेपर, कप, नैपकीन, टिशू पेपर, मिट्टी क्राकरी, फ्लोर मिल, कोल्ड रूम, ऑक्सीजन गैस प्लांट, औद्योगिक गैस प्लांट, बायो सी बी जी प्लांट, बायो डीजल प्लांट, बायो इथेनॉल प्लांट, बायो पैलेट प्लांट, बायो ब्रिकेट प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट रिसाइकिलिंग प्लांट, बियर मैनुफेक्चरिगं प्लांट, प्याज लहसुन सूखा पाउडर प्लांट, पीवीसी पाइप प्लांट आदि (100 करोड़ रुपये तक) ऋण का सरकारी सब्सिडी का स्तर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में 90 प्रतिशत तक प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें।

केवल 25 लाख से 100 करोड़ तक का लोन प्राप्त करने वाले संपर्क करें
सन्तोष कुमार
Mob. 9917519347
E-mail: balajiconsultancy101@gmail.com
D85, Sector 63 Noida, Uttar Pradesh
स्नेहलता स्कूल के पास, बैंक ऑफ़ बड़ोदा एटीएम के बराबर में, सीकरी गेट, चंदौसी

INTERNATIONAL YOGA DAY
INTERNATIONAL YOGA DAY

अन्तर्राष्ट्रीय
योग दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
21st JUNE
WORLD YOGA DAY

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
INTERNATIONAL YOGA DAY
राहुल शंकर
माल बाबू (बहजोई)
बसंत शंकर
माल बाबू
संस्थान
सिल्वर स्टोन सीनियर सैकेंड्री स्कूल
बहजोई रोड, चन्दौसी
सिल्वर स्टोन सीनियर सैकेंड्री स्कूल
बहजोई

विश्व योग दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
INTERNATIONAL YOGA DAY
आनंद प्रकाश गुप्ता
जिला मंत्री
प्राथमिक शिक्षक संघ

INTERNATIONAL YOGA DAY
मा. जयन्त चौधरी
शाहिद हुसैन
जिलाध्यक्ष
राष्ट्रीय लोक दल

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा
कथावाचक / पुजारी

YOGA DAY
YOGA DAY
YOGA DAY

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री साईं ज्वैलर्स
बड़ा बाजार, चंदौसी
सोने व चाँदी के नवीनतम गारंटीयुक्त आभूषण
एवं राशि के रत्नों के लिए विश्वसनीय प्रतिष्ठान
सम्पर्क करें:- 8909136294
INTERNATIONAL YOGA DAY
प्रो. नितिन अग्रवाल

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रवेंद्र गंगवार
जिलाध्यक्ष
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कमल कुमार तुरैहा
जिला अध्यक्ष
तुरैहा मछुआ समाज रामपुर

Yoga Day
21ST JUNE
INTERNATIONAL YOGA DAY

YOGA DAY

INTERNATIONAL YOGA
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
MAHALAKSHMI
MARTIAL ART ACADEMY
SENSEI VINEET KUMAR
FOUNDER

Hero
HF
मंजिलों से समझौता नहीं.
घर लाएं, माइलेज का हीरो.
नई HF Deluxe
किक स्टार्ट
स्पेशल ऑफर
पुराना ऑन रोड कीमत
₹74,000*
नई HF अब सिर्फ
₹69,999*
बेमिसाल माइलेज XSENS FI
कम मेंटेनेंस खर्च
बेजोड़ मज़बूती कर्ब वेट 112 किलो
दमदार पावर 5.9 kW
बेहतरीन सुरक्षा 130 mm रियर ब्रेक
नई एक्सेसरीज
USB चार्जर | 3 आकर्षक स्ट्राइप्स
सरदार निर्मल सिंह
आर एन मोटर्स
नैनीताल रोड रामपुर

भारतीय जनता पार्टी मण्डल चन्दौसी के
सभी पदाधिकारियों की ओर से
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
International Day of Yoga 21 June
Yoga for Harmony & Peace
मा. श्री मती गुलाब देवी
माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री
मा. चौ. हरेन्द्र सिंह रिंकू
जिलाध्यक्ष सम्भल
अंकुर अग्रवाल
मण्डल अध्यक्ष चन्दौसी
तरुण कुमार नीरज
महामंत्री
रोहित दिवाकर
महामंत्री
डॉ. वीरेश
कोषाध्यक्ष
संजय बंसल
उपाध्यक्ष
देवेन्द्र गुप्ता मोनू
उपाध्यक्ष
अमित अग्रवाल
उपाध्यक्ष
राजेश पाल
उपाध्यक्ष
अभिनव शर्मा
उपाध्यक्ष
आकाश आहूजा
उपाध्यक्ष
शीला सागर
मंत्री
आशा गोस्वामी
मंत्री
प्रतिभा चौधरी
मंत्री
खुशीराम मौर्या
मंत्री
ज्ञानप्रकाश शर्मा
मंत्री
अंकुल देव
मंत्री
निवेदक भारतीय जनता पार्टी मण्डल चन्दौसी

## तीन दिवसीय कृषक व महिला प्रशिक्षण शिविर का समापन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने धान की फसल में लगने वाले प्रमुख कीटों के संबंध में क्षेत्र के किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर शुक्रवार को कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार ने धान की फसल में प्रमुख कीट व रोगों की जानकारी देते हुए कहा कि धान में बीज व भूमि शोधन, कीटों/रोगों की पहचान होना भी जरूरी है। बिना वैज्ञानिक सलाह के फसल में दवाई का प्रयोग न करें। किसानों को जैविक नियंत्रण द्वारा रोकथाम के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. राजेश कुमार, पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह, दिनेश कुमार ने योगदान दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला किसानों को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन एक भी महिला नहीं पहुंची। कार्यक्रम में ओमप्रकाश, मुखलाल, धर्मपाल, यशवीर, रामकुंवर, राजू, योगेश और दीपक ने प्रतिभाग किया।

# प्रदीप व प्रमोद 6-6 माह के अध्यक्ष

## कांठ तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में दोनों प्रत्याशियों को मिले थे बराबर मत

संवाददाता, कांठ



एल्डर कमेटी के साथ मौजूद अधिवक्ता। • अमृत विचार

- बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने लिया निर्णय, एल्डर कमेटी ने अमल कराया

**अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रदीप कुमार एवं प्रमोद कुमार शर्मा को मतगणना में 55-55 सामान मत प्राप्त होने पर एल्डर कमेटी ने यह फैसला बार काउंसिल उत्तर प्रदेश पर छोड़ दिया था। बार काउंसिल ने दोनों प्रत्याशियों को 6-6 माह के अध्यक्ष बनाने के निर्देश एल्डर कमेटी को दिए हैं। एल्डर कमेटी ने शुक्रवार कोआदेश पर पर अमल करा दिया है।

गत 12 जून को एल्डर कमेटी के महावीर सिंह, शहजाद रफी खान, संजीव कुमार बिश्नोई, की देखरेख में अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवारों की मतगणना में 55-55 सामान मत प्राप्त हुए थे। उम्मीदवार प्रदीप कुमार ने अपना एक मत अधिक कुल 56 मत प्राप्त करने का दावा करते हुए आपत्ति की थी। उनका कहना था कि एक नए वोटर ने उनके नाम के सामने बैलेट पेपर पर मोहर लगाए जाने के बजाय क्रम संख्या पर मोहर लगा दी थी। एल्डर कमेटी ने दोनों पक्षों के उम्मीदवारों को समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई निर्णय नहीं निकलने पर कमेटी ने बैलेट पेपर सील करते हुए समस्त ब्यूरो उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को मेल कर दिया था।

जिसका दोनों उम्मीदवारों के प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों का बेताबी से इंतजार था। शुक्रवार को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ का एक आदेश एल्डर कमेटी को प्राप्त हुआ। कमेटी के तीनों पदाधिकारी बुलंदशहर में सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में उपस्थित हुए। अध्यक्ष ने दोनों पदाधिकारियों का मान सम्मान रखते हुए पहले 6 माह में प्रदीप कुमार एवं अंतिम छह माह में प्रमोद कुमार शर्मा को अध्यक्ष बनाएं जाने के लिए निर्वाचित घोषित किया। शुक्रवार को एल्डर कमेटी ने इसकी विधिवत घोषणा करते हुए बताया कि दोनों अध्यक्षों की शपथ ग्रहण एक साथ कराई जाएगी। अधिवक्ताओं ने दोनों निर्वाचित अध्यक्षों की माल्यार्पण कर हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनीत नैन व चंद्रपाल सिंह, कोमल सिंह, दीपक बिश्नोई, सुगम पवार, दीप सिंह मौजूद रहे।

## दो लाख व बाइक के लिए विवाहिता को तीन तलाक देकर निकाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के वार्ड 7 मोहल्ला बहेड़ा वाला निवासी तरन्नुम पुत्री अब्दुल सलाम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका निकाह मार्च 2022 कोनगर के मोहल्ला जातवन निवासी शादाब अली पुत्र अशरफ अली के साथ हुआ था। शादी में दिए दहेज से ससुराली नाखुश थे जिसे लेकर उन्होंने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिसे लेकर कई बार पंचायतें हुई लेकिन उनका रवैया नहीं बदला।आरोप है कि 15 जून की शाम 5:30 बजे पति शादाब, ससुर अशरफ, सास साइन जहां, देवर आजम अली, देवरानी अलीशा ने उसे बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान पति ने तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। वह घायल हो गई किसी तरह वह मायके पहुंची और परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पति समेत 9 ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता ने ससुराल वालों पर दहेज में कार की मांग, शारीरिक उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए 9 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। अब तलाक देने की साजिश की जा रही है।

थाना मझोला पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 24 नवंबर 2023 को मीरपुर निवासी तुलाराम सैनी के बेटे विकास सैनी के साथ हुई थी। विकास रेलवे में है। शादी से पहले ही ससुराल पक्ष ने 20 लाख रुपये के दहेज की मांग रखी थी। मजबूर होकर पिता ने खेत की जमीन बेचकर 10 लाख रुपये नकद और शेष रकम से शादी की अन्य व्यवस्थाएं की थीं। शादी के अगले ही दिन 25 नवंबर की शाम को पति, सास-ससुर, जेठ-ननद और अन्य ससुराल वालो ने कार की मांग करते हुए पीड़िता से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसे दीवार में सिर टकराकर मारा गया और जलाकर मारने की धमकी दी गई। ससुराल वालो ने ताना दिया कि बिना खर्च के सरकारी आदमी मिल गया, जबकि 50 लाख में शादी होती। पीड़िता ने जब मायके में सारी बात बताई तो परिजनों ने समझाकर वापस भेजा, लेकिन ससुराल में फिर से मारपीट और शारीरिक हिंसा का दौर जारी रहा। पति बात-बात पर सिर पर मुक्के मारता, जिससे पीड़िता को गंभीर आंतरिक चोटें आईं। आरोप है कि ससुराल वाले अब तलाक लेने के लिए दबाव बना रहे हैं और झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने थक-हार कर एसएसपी से शिकायत की। इस संबंध में थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर 9 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# निर्धारित ऊंचाई तक ही बनाए जाएं ताजिये



डिलारी थाना परिसर में हुई बैठक में दिशा-निर्देश देते अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, डिलारी

- मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील
- ताजियेदारों ने रास्तों को दुरुस्त करने की मांग

**अमृत विचार :** शुक्रवार को थाना डिलारी परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मोहर्रम को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा ने मोहर्रम को निर्धारित ऊंचाई तक बनाने की अपील करते हुए सरकार की गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। बैठक में ताजियेदारों ने रास्तों को दुरुस्त करने की मांग की।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा ने बताया कि मोहर्रम की अधिकतम ऊंचाई जमीन से लेकर 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए, इस अवसर पर कोई नई प्रथा न डालें, आपसी भाईचारा बनाए रखें। थाना प्रभारी निरीक्षक डिलारी मनोज कुमार ने विस्तार से बताया कि रास्ता खराब होना, रास्ते में पेड़ होना, बिजली के तारों कोई अन्य समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, जिससे समस्या का समाधान किया जा सके। इस दौरान समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा, ग्राम प्रधान अशरफ अली, साकिर हुसैन, फुरकान अली, बुंदू खान, खुर्शीद अहमद, डॉ मोहम्मद अयूब, रईस अहमद, नगर पंचायत ढकिया अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन, इंतजार हुसैन आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मोहर्रम को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक



**अगवानपुर, अमृत विचार :** मोहर्रम को लेकर शुक्रवार को मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें क्षेत्रीय अधिकारी व थाना सिविल लाइंस इंस्पेक्टर मनीष कुमार सक्सेना ने ताजियेदारों से कहा कि ताजिये की लंबाई ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर कही भी हिंसा की संभावना है तो अवगत कराएं। मोहर्रम के जुलूस के दौरान कही भी तार नीचे हो या किसी पेड़ की टहनियों या किसी के मकान का छज्जा बाधा डाल रहा हो तो उसके बारे में हमें पहले से बताए ताकि उसका समाधान किया जा सके। जुलूस का जो रास्ता रजिस्टर में दर्ज है उसी रास्ते से जुलूस जाना चाहिए कोई भी नया रास्ता जुलूस के दौरान न लिया जाए। इस दौरान रफ़फ़न चक्कर की मिलक, मो .जावेद अगवानपुर, नैय्यर अब्बास नक़वी अगवानपुर, फेजी नक़वी अगवानपुर, अशरफ़ अली बिशनपुर, शब्बू अली ज़्यारत शाह बुलाकी, मो. यूसुफ़ ज़यारत शाह, शराफ़त हुसैन, मो. असलम फकीरपुरा उस्मान अली फकीरपुरा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## बेटे को सिगरेट पिलाने के विरोध पर पिता को पीटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के वार्ड 16 मोहल्ला नई बस्ती निवासी वसीम पुत्र शाहिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 जून की सुबह 10:00 मेहमान घर आए थे। वह नाश्ता आदि लेकर घर लौट रहा था। घर के पास मोहल्ले का आवेश बेटे मोईन को जबरन सिगरेट पिलाने का प्रयास कर रहा था जबकि वह मना कर रहा था।

उसने सिगरेट पिलाने का विरोध किया तो आवेश का भाई अकरम, पिता भूरा गाली देने लगा। उसके विरोध पर अकरम ने चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर भाई पहुंचा तो उसे भी पीट कर घायल कर दिया। मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भाकियू टिकैत ने गिनाईं किसानों की समस्याएं



एसडीएम कांठ संत दास पवार से मुलाकात करता प्रतिनिधिमंडल। • अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को तहसील में एसडीएम से मिलकर किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। एसडीएम ने समाधान का आश्वासन दिया है।

भाकियू के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरदीप सिंह बिश्नोई, तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह, अरविंद बिश्नोई उर्फ जोनी, रामकला गुर्जर, धर्मपाल सैनी सहित दर्जन भरते अधिक भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तहसील कांठ पहुंचे और उन्होंने एसडीएम कांठ संत दास पवार से मिलकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बिजली विभाग, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, सिंचाई विभाग के अधिकारी आदि से संबंधित समस्याएं एसडीएम को बताया। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि 26 जून को सभी विभागों के अधिकारियों को बुलाकर 26 जून को बैठक कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

### भाकियू (भानु) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में भारतीय किसान यूनियन (भानु) के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में पूर्व में दिए गए ज्ञापन का निस्तारण न होने से नाराज़ कार्यकर्ताओं ने एक सप्ताह के अंदर निस्तारण की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। नगर में भारतीय किसान यूनियन (भानु) के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पूर्व में दिए गए ज्ञापन का निस्तारण न होने से नाराज़ कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर पूर्व में दिए ज्ञापन पर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण किए जाने की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि एसडीएम प्रीति सिंह को पूर्व में ज्ञापन दिया गया था। यूनियन द्वारा पूर्व में कई बार किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।जिसमे ज्ञापन देकर प्रशासन द्वारा आगामी एक सप्ताह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन (भानु) के पदाधिकारी और कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने में मोहम्मद आसिफ, इन्दर सिंह, रामकिशोर, शाकिर अली, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पर्यवेक्षक ने बताया कैसे मिलेगा शत्रु संपत्ति पर अधिकार

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में एसडीएम विनय कुमार सिंह व तहसील के अधिकारियों और शत्रु संपत्ति के पर्यवेक्षक ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। नीलामी की प्रक्रिया समझाई। बताया कि शत्रु संपत्ति की नीलामी के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

तहसील क्षेत्र के कई गांव में शत्रु संपत्ति की नीलामी के लिए ऑनलाइन निविदाएं मांगी गई हैं। उच्च स्तर से मिले निर्देश पर डीएम अनुज सिंह ने एसडीएम विनय कुमार सिंह को प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया। इसी को लेकर एसडीएम ने तहसील सभागार में अधिकारियों के साथ अधिवक्ताओं की बैठक ली और उन्हें सरकार की योजना के तहत शत्रु संपत्ति की खरीद प्राप्त के बारे में नीलामी प्रक्रिया की जानकारी दी। जिसके चलते 25 जून को शत्रु संपत्ति की नीलामी की जानी है।

## कुत्तों व बंदरों का आतंक, नागरिक परेशान

संवाददाता, कांठ

- कांठ नगर में राहगीरों व बाइक चालकों पर टूट पड़ता है कुत्तों का झुंड



रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास बैठा बंदरों का झुंड। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर में कई स्थानों पर बंदरों व कुत्तों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इनके चक्कर में कई बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं घायल हो चुकी हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत द्वारा इनकी रोकथाम को कोई उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है।

अप्रैल में कुत्तों द्वारा एक बच्चे को गांधी आश्रम के पास बुरी तरह से घायल कर दिया था। मोहल्ला पट्टीवाला, फकीरगंज, बिशनपुरा, पटेगंज, पृथ्वी गंज, घोसीपुरा, महमूद पुरा, मानगर में कुत्तों का झुंड राहगीरों व बाइक चालकों पर टूट पड़ता है जिससे बाइक सवार गिर कर घायल हो चुके हैं। रात्रि में तो कुत्तों के डर से लोगों का सड़कों पर गुजरना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत से कई बार कुत्तों व बंदरों को पकड़ने की मांग की लेकिन 3 साल बीतने के बाद भी इन्हें पकड़ने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। नगर पंचायत की ओर से कई बार बंदरों और कुत्तों को पकड़ने के लिए आश्वासन दे चुके हैं परंतु यह आश्वासन केवल हवाई साबित हुआ है।

### एक की गई जान, ये हुए घायल

ग्राम महमूदपुर के लेखराज, मोहल्ला फकीरगंज के राम सिंह, पट्टी मौढा के जावेद, बिशनपुर के राजकुमार आदि को कुत्तों द्वारा घायल कर दिया था। मोहल्ला फकीरगंज में एक व्यक्ति की बंदरों के हमले में छत से नीचे गिरकर मौत हो गई थी।

# विधायक ने सुनीं जनसमस्याएं समाधान का दिया आश्वासन

संवाददाता, कांठ



नागरिकों की समस्या सुनते विधायक कमाल अख्तर। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र से सपा विधायक कमाल अख्तर ने लोगों की समस्याएं सुनकर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

शुक्रवार सुबह नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग शिकायतें व समस्याएं लेकर विधायक कमाल अख्तर के कैंप कार्यालय पहुंचे। लोगों ने राशन न मिलने, राशन के लिए पात्रता सूची में नाम न होने या गलत नाम दर्ज किए जाने, जमीन की पैमाइश न हो पाने, विधवा, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन संबंधी शिकायतें लिखित और मौखिक रूप से दर्ज कराईं। विधायक ने समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर वार्ता करके प्रकरण समझाया और उसका निस्तारण कराने की बात कही। कहा कि जन प्रतिनिधि के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना उनका दायित्व है। लोगों ने बिजली, सड़क, पानी निकासी व अन्य समस्याओं से संबंधित लिखित प्रार्थना पत्र दिए।

उन्होंने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाकर जनता को परेशान करने का आरोप लगाया। सपा के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता परेशान है। इस मौके पर फुरक़ान अली, विक्रम सिंह यादव, बदरुद्दीन प्रधान, अरशद फुरक़ान खा, प्रो. साकिब अली, इरफ़ान चौधरी, अमजद अली, डा. दानिश, पिंटू विश्नोई, भूरा खा, उम्मेद चौधरी, दानिश चौधरी, श्यामी जाटव, रामवीर जाटव, नफीस शाका, मुर्तज़ा कुरैशी, हरपाल यादव, ओमप्रकाश रावण, मुजीब चौधरी, सतीश कुमार, जसराम सिंह, समरपाल सिंह, उस्मान मेंबर, अंजार चौधरी, मूसा चौधरी, आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेसियों ने केक काट मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन




**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** महिला व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। राजीव मार्केट में संजीव सिंघल के नेतृत्व में, यूथ कांग्रेस कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने केक काटा। कांग्रेस नेता असलम सलमानी ने कहा कि राहुल गांधी की युवा सोच से ही देश तरक्की करेगा। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जेहरा बी के नेतृत्व में गरीबों को कपड़े व बच्चों को फ्रूटी वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी और राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की।कार्यक्रम में हाजी मोहम्मद उल्ला चौधरी, हाजी मुस्तकीम अंसारी डॉ. हनीफ अबरार सैफी, ब्लॉक अध्यक्ष वसीम अहमद आसिफ वसीम अहमद, अब्दुल अंसारी, सलमान अल्वी, याकूब कुरैशी, लरीब मंसूरी, मुन्ना हुसैन, अनुज वाल्मीकि, सभासद वसीम अहमद, जुबेर आलम, नौशाद अंसारी, विनीता शबाना, शहनाज़, रेखा, संतोष, सोफ़िया, ख़दीजा, सुमन, आबिदा, शबनम मौजूद रहीं।

### किसान बोले- मूसलाधार बारिश की आवश्यकता



**कांठ, अमृत विचार :** बारिश ने भीषण गर्मी से राहत दिलाई है। शुक्रवार सुबह करीब 9 :00 बजे तेज बारिश शुरू हुई। थोड़ी देर अच्छी बारिश पड़ने के बाद पूरा दिन आसमान में बादल छाए रहे। सुबह हुई तेज बारिश से जगह-जगह नाले उफ़ना गए। नालों से बाहर निकला पानी सड़कों और रास्तों पर बहता हुआ दिखाई दिया। नगर में रामलीला मार्ग, फकीरगंज, संत रविदास धर्मशाला मार्ग, पट्टीवाला आदि स्थानों पर सड़कें नदियों जैसी दिखाई दे रही थीं। बच्चों ने भी बारिश में नहाते हुए बारिश का जमकर लुफ्त उठाया। वहीं दूसरी ओर बारिश से किसानों को राहत भी पहुंची है। किसानों का कहना है कि मूसलाधार बारिश की आवश्यकता है। जिससे कि किसान अपने खेतों में धान की रोपाई समय से कर सके।

### समर कैंप में बताया ताइक्वांडो का महत्व



**कांठ, अमृत विचार :** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे आकाश ताइक्वांडो के समर कैंप के छठे दिन प्रशिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को ताइक्वांडो का महत्व बताया। कोच रितिका शर्मा ने कहा कि छात्राओं के साथ आए दिन असामाजिक तत्वों द्वारा तानाकशी की जाती है। छात्राएं अपने मान सम्मान को बचाने के लिए मौन साध लेती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना होने पर पुलिस को तत्काल सूचना देनी चाहिए, अथवा अपने आप में इतना सक्षम होना चाहिए कि छात्रा असामाजिक तत्वों के हमले को नाकाम कर अपनी आत्मरक्षा की जा सके। बताया कि सरकार ने भी ताइक्वांडो को समझते हुए इसे ओलंपिक शामिल कर लिया है। यह एक कोरियाई मार्शल आर्ट है, जो कि पंच व आत्मरक्षा पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य शारीरिक व मानसिक विकास करना है।

### नगर में निकाली गई योग जन जागरुकता रैली



**बिलारी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए एक दिन पूर्व शुक्रवार को नगर पालिका के योग सेंटर से योग जन जागरुकता यात्रा निकाली गई। जो नगर पालिका से शुरू होकर नगर के मंदिर पौडा खेड़ा, पेंठ बाजार होली चौक नई सड़क गांधी मूर्ति मुरादाबाद रोड महाराणा प्रताप चौक से होती हुई वापस नगर पालिका कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान योग शिक्षक निहाल सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका कार्यालय में आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत योग समिति के तत्वाधान में योग का आयोजन कराया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में नगर व देहात के लोग शामिल होंगे। इस दौरान मुख्य रूप से संजय सक्सेना मीना गुप्ता वीणा गुप्ता राखी शर्मा आदि मौजूद रहे। उधर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तहसील परिसर में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह योग करेंगे। साथ ही नगर पालिका परिषद में भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### परशुराम पार्क की जगह पूरी करने की मांग



**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में शाहाबाद रोड पर बना रहे भगवान परशुराम पार्क के क्षेत्रफल कम होने के विरोध में ब्राह्मण समाज के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि भगवान परशुराम के पार्क के लिए गाटा संख्या 837 में 810 वर्ग मीटर की जगह चयनित है परंतु मौके पर आधी जगह भी नहीं बची है। जिस पर परशुराम पार्क का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्क की जगह पूरी की जाए। एसडीम विनय कुमार सिंह ने कहा कि नायब तहसीलदार से मौके की जांच कराई जाएगी। ज्ञापन देने वालों में सभासद आशीष शंकर पांडे, ब्राह्मण मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा, सचिन शर्मा, राहुल शर्मा, अतुल शर्मा आदि रहे।

### छात्र-छात्राओं को कराया योगाभ्यास



**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में विश्व योग दिवस से पूर्व विद्यार्थियों व अध्यापकों ने योगाभ्यास किया। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन ने बताया कि शासन द्वारा निर्देशित विश्व योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आज विश्व योग दिवस से पूर्व अध्यापकों व विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन, शिव कुमार सिंह महेश कुमार, उदयपाल सिंह, गौरव गुप्ता, हितेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर: ।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य: प्रिय: प्रिय एव स: ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है ,वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

## संपादकीय

# शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय

वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस संकट से निपटने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर एक समन्वित और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यूनेस्को द्वारा प्रकाशित वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या अब 27.2 करोड़ होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक है। निश्चित रूप से स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या बहुत बड़ी है, जिन्हें साक्षर और उच्च तकनीक के युग में जीवन-यापन करने में कठिनाई होगी। यह संकट स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों को प्रभावित करता है, तथा बच्चों के बड़े होने के साथ-साथ यह चुनौती भी बढ़ती जाती है। जीईएम दुनिया भर में शिक्षा में प्रगति, चुनौतियों और रुझानों का एक आधिकारिक और साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन है। इसका प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक शिक्षा रुझानों की निगरानी और विश्लेषण करना और शिक्षा प्रणालियों और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सरकारों और हितधारकों को नीतिगत सिफारिशें प्रदान करना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वर्ष के अंत तक देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों के सापेक्ष 75 मिलियन से अधिक पिछड़ जाएंगे। हालांकि अगर सभी देश अपने लक्ष्य को पूरा कर लेते हैं तो वे 2030 तक स्कूल न जाने वाली अपनी आबादी में 16.5 करोड़ की कमी ला सकेंगे।

भारत में यह एक बड़ी समस्या है। सरकार ने पिछले दिनों लोकसभा में बताया था कि 1.17 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारत का लक्ष्य 2030 तक 100 प्रतिशत नामांकन है। भारत वर्तमान में प्रतिकूल शिक्षण परिणामों और विद्यालयों की कमजोर नेतृत्व क्षमता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत में वर्ष 2023-24 में स्कूल नामांकन में 1 करोड़ से अधिक की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़ों के कारण स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि भारत में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में कमी लाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान व मध्याह्न भोजन योजना जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सहायता को उन देशों की ओर निर्देशित किया जाना चाहिए जहां स्कूल न जाने वाली आबादी सबसे अधिक है। सबसे कमज़ोर समूहों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए तथा सरकारों को शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाना चाहिए।

# योग के प्रभावों के पीछे वैज्ञानिक आधार



डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है।

योग प्राचीन भारतीय दर्शन की एक प्रणाली है जो मन, शरीर और आत्मा को एकीकृत करने का अभ्यास है। इसका शाब्दिक अर्थ है "जुड़ना" या "एकजुट होना", और यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करता है। योग एक साइकोसोमेटिक स्पिरिचुअल यानी मनोदैहिक आध्यात्मिक पद्धति है।

आज विश्व के अनेक देशों में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से सामूहिक योगाभ्यास के आयोजनों के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में इसके महत्व के विषय में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। भारत में लोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग और ध्यान का नियमित अभ्यास करते रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा के निर्वहन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में विश्व समुदाय से एक 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' को अपनाने की संकल्पना व्यक्त की थी। प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून, 2015 को किया गया था।

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है जो मानसिक स्पष्टता और शांति को बढ़ावा देती है। योग वह अंतिम लक्ष्य है जहां व्यक्ति पूर्ण एकता और जागरूकता की स्थिति प्राप्त करता है। योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, तनाव और चिंता को कमी आने, एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ने आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति को बढ़ावा मिलने, भावनात्मक संतुलन और कल्याण में बढ़ावा होने जैसे लाभकारी स्थितियां सम्मिलित हैं। योग का अभ्यास किसी भी उम्र में और व्यक्ति शारीरिक स्थिति के अनुसार किया जा सकता है। नियमित योगाभ्यास जीवन के सभी पहलुओं में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है ।

प्राणायाम संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है, प्रथम प्राण जिसका मतलब जीवन ऊर्जा अथवा जीवन शक्ति से है, जबकि याम का तात्पर्य दीर्घायु होने से होता है। ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन यानी भावातीत ध्यान एक प्रकार का ध्यान है जिसमें व्यक्ति अपने मन को शांत करने के लिए एक मंत्र का जाप करते हुए अपनी चेतना को गहरे स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करता है। भावातीत ध्यान में व्यक्ति अपनी आंखें बंद कर बैठे हुए एक प्रमाणित शिक्षक की सहायता से एक मंत्र का जाप करता है। भावातीत ध्यान तनाव कम करने, चिंता को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और समग्र कल्याण में सुधार लाने जैसी स्थितियों में सहायक होता है। दुनिया के अनेक देशों में लाखों व्यक्तियों द्वारा किया जाने वाला यह अभ्यास एक सरल, प्रभावी और सहज तकनीक का प्रतीक बन गया है।

योगासन, प्राणायाम और भावातीत ध्यान के दौरान शारीरिक क्रियाएं: नॉर्थ अमेरिकन जर्नल ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के अंक 4 (2012) में प्रकाशित एक शोधपत्र के अनुसार योगाभ्यास के दौरान पेट में खिंचाव के कारण पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की कोशिकाएं नवीन/पुनर्जीवित हो जाती हैं, जिसके कारण एंज़ाइम संबंधी प्रक्रियाओं के माध्यम से पेरीफेरल टिशूज़, लीवर यानी यकृत और एडीपोज़ टिशूज़ में ग्लूकोज़ का उपयोग और चयापचय बढ़ सकता है। बेंगलुरु शहर के समीप स्थित 'स्वामी विवेकानंद योग शोध फाउंडेशन' द्वारा संपन्न शोध के अनुसार सक्रिय योगाभ्यास के पश्चात आराम करने की प्रक्रिया में न्युरोप्लास्टिसिटी की संभावना होती है। न्युरोप्लास्टिसिटी का मतलब व्यक्ति के अनुभवों, सीखने और चोटों के जवाब में उसका मस्तिष्क अपनी संरचना और कार्यों को बदल सकता है। इस प्रक्रिया में हाइपर-पिट्यूटरी-पैंक्रिएटिक एक्सिस में परिवर्तन आने की संभावना होती है। इसके अलावा योगाभ्यास के दौरान मांसपेशियों के ढीला पड़ने तथा उनमें रक्त प्रवाह बेहतर होने से इंसुलिन रिसेप्टर की अभिव्यक्ति बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप पेशियों में ग्लूकोज़ का अंतर्ग्रहण बढ़ने के कारण रक्त में शर्करा का स्तर गिर जाता है। योग अभ्यास के पश्चात कोशिकाओं के स्तर पर हिपैटिक लाइपेज़ और लाइपोप्रोटीन लाइपेज़ के स्तरों में वृद्धि हो जाने से लिपिड के स्तरों में सुधार आ जाता है। जिसके कारण लाइपोप्रोटीन का चयापचय प्रभावित होने के परिणामस्वरूप एडीपोज़ टिशूज़ द्वारा ट्राइग्लिसराइड्स का अंतर्ग्रहण बढ़ जाता है।

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है। शोधों से पता चला है कि योगासनों द्वारा पैंक्रियाज के सीधे प्रेरित होने से उसमें इंसुलिन उत्पन्न करने की क्षमता पुनर्जीवित हो सकती है। प्राणायाम के दौरान फेफड़ों में होने वाली अनैच्छिक, स्वचालित प्रतिक्रियाएं श्वास को नियंत्रित करती हैं। ये प्रतिक्रियाएं फेफड़े और वायु मार्ग में मौजूद रिसेप्टरों द्वारा शुरू होती हैं जो विभिन्न प्रेरकों के माध्यम से श्वास की दर और गहराई को समायोजित करने के लिए केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजते हैं। प्राणायाम के दौरान केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली की पारस्परिक क्रिया से शरीर में एक नई समस्थिति (होमियोस्टैसिस) पैदा होती है। भावातीत ध्यान यानी ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन के दौरान संभवत: एसेंडिंग (आरोही) रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम में बदलाव आता है, जिसके कारण मस्तिष्क के तने में मौजूद ऑटोनॉमिक केंद्रों के साथ पारस्परिक क्रिया होती है जो हृदय श्वसनी (कार्डियो रेस्पिरेटरी) और चयापचय (मेटाबॉलिज्म) के पैरामीटरों को प्रभावित करती हैं। रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम मस्तिष्क के तने में स्थित तंत्रिका मार्गों का एक नेटवर्क है जो चेतना, जागृति, ध्यान और संवेदी जानकारी को छानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क का यह हिस्सा यह निर्धारित करता है कि कौन सी जानकारी हमारे ध्यान में लानी है और किस जानकारी की अनदेखी करनी है। दीर्घकालिक भावातीत ध्यान से पड़ने वाले प्रभाव पर संपन्न एक अध्ययन से पता चला है कि इसके नियमित अभ्यास के परिणामस्वरूप मस्तिष्क के विभिन्न भागों जैसे कि दाहिने आर्बिटो फ्रंटल कॉर्टेक्स, दाएं थैलेमस और बाएं इनफीरियर टेंपोरल गाइरस में ग्रे मैटर की मात्रा काफी बढ़ जाती है। एक अन्य अध्ययन में अवसाद यानी डिप्रेशन से पीड़ित रोगियों द्वारा दो माह के सहज योग ध्यान के परिणामस्वरूप उनके इलेक्ट्रोसिफैलोग्राम यानी ईईजी के परीक्षणों में अल्फा क्रियाशीलता में वृद्धि देखी गई थी।

संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ यानी सीओपीडी से पीड़ित 22 रोगियों पर संपन्न एक अध्ययन में उनके द्वारा 6 सप्ताह तक सप्ताह में तीन दिन एक-एक घंटे योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया गया। जिसके परिणामस्वरूप उनके फेफड़ों के कार्य तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया।

21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का औचित्य: 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने के पीछे कारण है कि यह दिन उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है। 21 जून के दिन को ग्रीष्म संक्रांति (समर सोल्सटाइस) भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के अनुसार ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य का दक्षिणायन होना आध्यात्मिक सीढ़ियां को प्राप्त करने के लिए उपयुक्त होता है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए 21 जून को चयन किया गया।

## प्रसंगवश

# वेट-बल्ब तापमान और शुष्क-बल्ब तापमान

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण- सबसे पहले तो एसी... आज हर घर मे 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही।

मानव एक वार्म-ब्लडेड जीव है, जिसके शरीर को निरंतर 37 डिग्री का तापमान मेंटेन करना पड़ता है। इवोल्यूशनरी नजरिये से ये एक मुश्किल बात है। इस तापमान को निरंतर मेंटेन करने के लिए रोज खाने की अनिवार्यता हो जाती है।

आजकल तो जोमैटो-स्विगी का युग है पर एक समय ऐसा भी था, जब खाना ढूंढना और जिंदा बचे रहना भी हमारे पूर्वजों के लिए बड़ी मुश्किल बात होती थी। उसके बावजूद प्रकृति ने यही तापमान हमारे लिए चुना, उसका कारण है-हमारा अपने आसपास फंगी-वायरस-बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों से घिरा होना। 37 डिग्री तापमान पर ज्यादातर सूक्ष्म जीव न्यूट्रलाइज हो जाते हैं। जो नहीं होते, और बदमाशी दिखाएं -उनसे लड़ने के लिए शरीर सबसे पहले तापमान की सेटिंग बदल कर देखता है-आपको बुखार देकर!



विजय राज शर्मा
विज्ञान लेखक

अब अगर हमारे शरीर से बाहर का तापमान 37 डिग्री से ज्यादा हो जाए तो ये हमारे लिए चिंता की बात है। इस स्थिति में शरीर कितना भी कोशिश कर ले, खुद को ठंडा नहीं रख सकता। बायोलॉजिकल फंक्शन ठप होने लगते हैं। मौत भी हो सकती है।

अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा है, तो हम 40-45 डिग्री के तापमान में जिंदा क्यों हैं? वो इसलिए क्योंकि आजकल जो 40 डिग्री चल रहा है, वह ड्राई टेंपरेचर है, यानी बाहरी क्षेत्र का तापमान। जैसे मैंने कहा कि बॉडी पसीने के सहारे और दूसरे कुछ मेथड्स के सहारे अपना टेंपरेचर रेगुलेट करना जानती है। इसलिए बाहरी तापमान कुछ भी हो, मनुष्य का शरीर जिस तापमान को महसूस करता है, उसे वेट-बल्व टेंपरेचर कहते हैं।

यही हमारे काम की चीज है। वेट-बल्ब 25 डिग्री से नीचे हो तो अच्छा है। 26 से 31 के बीच हो तो खतरा है, पर जीने लायक है जी। 31 से जितना ऊपर, उतना ही तबियत खराब और 35 से ऊपर जाते ही-टॉय टॉय फिश अब फिलहाल ऐसी कोई ऑनलाइन संस्था या पोर्टल नहीं है, जो वेट-बल्ब का रियल टाइम अपडेट देती हो। इसलिए सारे एटमोस्फेरिक कंडीशन संज्ञान में लेकर ग्रोक से जून महीने में दिल्ली का वेट-बल्ब निकालने को कहा, जो कि "30-31 डिग्री" आया-मतलब रेड मार्क की दहलीज पर।

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर में 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही। इसलिए आज आउटडोर एरिया गर्म से गर्म होते जा रहे हैं। उसके बाद पेड़ों का कटना, पॉल्यूशन बगैरह है ही। एक और बड़ा कारण-जुगाली करने वाले जानवर, जैसे गाय, भैंस, बकरी इत्यादि।

इन जीवों का डाइजेस्टिव सिस्टम अनेरोबिक होता है। अर्थात इनके पेट का खाना वो सूक्ष्म जीव ब्रेकडाउन करते हैं, जो ऑक्सीजन का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसे जीवों द्वारा भोजन ब्रेकडाउन करने पर एंड प्रोडक्ट्स में से एक होती है-मीथेन-जो कार्बन डाइआक्साइड के मुक़ाबले 25 गुना गर्मी होल्ड करने में सक्षम होती है। आज विश्व में 5 अरब से ज्यादा जुगाली करने वाले जीवों की संख्या ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का एक बड़ा कारण है। बताने की जरूरत नहीं कि इनमें से 90 प्रतिशत जीवों की जनसंख्या का एकमात्र कारण "मांस-उद्योग" है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इसी तरह चलता रहा तो अगले 50-70 सालों में भूमध्य रेखा से 30 डिग्री उत्तर और दक्षिण के बीच में पड़ने वाले क्षेत्रों में रहना असंभव हो जाएगा-अपना भारत भी इसी क्रॉस-सेक्शन में पड़ता है। ऐसा न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम आज से ही उठाना शुरू करें। हमारे वंशजों का पृथ्वी पर क्या भविष्य होगा, ये हमारा आज ही तय करेगा।

# सीरिया फिर अराजकता की ओर



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है।

गत दिसंबर की शुरुआत में जैसे ही बशर अल-असद की सत्ता का अंत हुआ तो उम्मीद जगी थी कि देश में लोकतंत्र और स्थायित्व आएगा। एक नए दौर की शुरुआत होगी। लेकिन अब साफ होता जा रहा है कि यह सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि एक और भयंकर संक्रमण काल का प्रवेश द्वार था। असद के जाने के बाद सीरिया में जो सत्ता का शून्य पैदा हुआ, वह तेजी से अराजकता में बदलता जा रहा है और इसी अराजकता की दरारों से झांक रहा है वही पुराना डरावना चेहरा-इस्लामिक स्टेट यानी आईएसआईएस।

सीरिया में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी अब नाम मात्र की रह गई है। उत्तर-पूर्वी सीरिया में अमेरिका ने अपने दो प्रमुख सैन्य अड्डों-अल-ओमर और ताल बायदर-से सैनिकों को हटा लिया है। अब इन ठिकानों पर न निगरानी कैमरे हैं, न गश्ती दस्ते। बस बची हैं सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ ) की कुछ छोटी टुकड़ियां, जो खुद को निहत्था और असहाय पा रही हैं। इन अड्डों पर कभी अमेरिका का स्पष्ट दबदबा था। इन्हीं से आईएसआईएस की कमर तोड़ी गई थी। अब जब ये लगभग खाली पड़े हैं, तो सवाल उठता है-क्या आईएसआईएस की वापसी का रास्ता खुद अमेरिका ने खोल दिया है?

यह सवाल अब और तीव्रता से पूछा जा रहा है-क्या अमेरिका ने एसडीएफ को बीच रास्ते में छोड़ दिया? वही एसडीएफ जिसे अमेरिका ने खड़ा किया था, प्रशिक्षित किया था और आईएसआईएस के खिलाफ सबसे आगे रखा था। एसडीएफ आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। इसके कमांडर मजलूम अब्दी का कहना है-हमने अमेरिका पर विश्वास किया, उनके निर्देशों पर युद्ध लड़ा, लेकिन अब वही अमेरिका हमें अधर में छोड़कर जा रहा है।

यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका पर ऐसा आरोप लगा हो। अफगानिस्तान, यूक्रेन और अब सीरिया-तीनों ही उदाहरण हैं जहां अमेरिका ने रणनीतिक जरूरत के समय साथ निभाया और फिर अपने हित सधते ही कदम पीछे खींच लिए। दुनिया अब सवाल कर रही है कि क्या अमेरिका सिर्फ तब तक साथ देता है, जब तक उसे राजनीतिक और सैन्य लाभ मिलता है?

सीरिया में अमेरिका की वापसी से जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे भरने के लिए अब रूस, ईरान और तुर्की जैसे देश तैयार बैठे हैं। रूस असद शासन का पुराना समर्थक रहा है और अब वहां की स्थिति पर अपनी पकड़ और मजबूत कर रहा है। ईरान समर्थित मिलिशिया समूह भी अब फिर से उत्तर-पूर्वी सीरिया में सक्रिय होने लगे हैं।

वहीं तुर्की, जो शुरू से एसडीएफ को कुर्द विद्रोहियों के रूप में देखता है और लगातार उनकी गतिविधियों को सीमित करने की कोशिश में जुटा है। बहरहाल एसडीएफ तीन दिशाओं से प्रेशर में है-आईएसआईएस की वापसी, तुर्की का सैन्य दबाव और अमेरिका का साथ छोड़ना। ऐसे में यह सवाल लाजमी है कि क्या एसडीएफ इस सबके बीच अकेले टिक पाएगा?

इतिहास गवाह है कि जब-जब सुरक्षा बल किसी संकटग्रस्त क्षेत्र से हटे हैं, वहां चरमपंथी संगठनों ने अपनी जड़ें और मजबूत की हैं। सीरिया की वर्तमान स्थिति उसी दोहराव की ओर इशारा कर रही है। इस्लामिक स्टेट, जो कभी ख़त्म मान लिया गया था, अब फिर से दमिश्क, रक्का, हामा और डेर-एज़-ज़ोर जैसे शहरों में सक्रिय होता दिख रहा है। उसने सीरियाई शासन के पतन के बाद सरकारी हथियार डिपो से गोला-बारूद लूट लिए थे। एसडीएफ कमांडर अब्दी ने चेताया है कि आईएसआईएस अब फिर से हथियारों से लैस है और आतंक के पुराने नेटवर्क दोबारा सक्रिय किए जा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है। लेकिन सीरिया जैसे देशों में जब मानवीय संकट लौटता है, तो सिर्फ 'चिंता' जताई जाती है, कार्रवाई नहीं होती। वहां के आम नागरिक इसकी कीमत चुकाते हैं। बीते दो महीनों में ही सीरिया में 1 लाख से ज्यादा लोग फिर से विस्थापित हुए हैं। स्कूल बंद हैं, अस्पतालों में दवा नहीं है, बिजली और पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है।

## सोशल फोरम

# हमारे ही किए धरे का हासिल

हमारे आने के पहले भी दुनिया थी और हमारे जाने के बाद भी रहेगी। हमारे आने के पहले कालक्रम से असंख्य लोग आए और चले गए। उसी तरह हमारे जाने के बाद भी असंख्य लोग आएंगे और चले जाएंगे। यह भी स्पष्ट है कि जो दुनिया हम छोड़कर जाएंगे उससे बहुत भिन्न होगी जो हमें मिली थी। पहले आए-गए लोगों के साथ भी कम-ज़्यादा ऐसा ही हुआ होगा और आगे आने-जानेवालों के साथ भी ऐसा ही होगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मतलब, दुनिया क्षण-प्रतिक्षण बदलती रही है, बदल रही है और बदलती रहेगी। इस बदलाव के पीछे मानव निर्मित कारण अहम हैं। असंख्य लोगों द्वारा जाने-अनजाने किए गए का प्रतिफल। हमारी समस्या यह है कि हम तनहा तनहा व्यक्ति के रूप में मनमाफ़िक बदलाव चाहते हैं। आपस में लड़ने-भिड़ने लगते हैं। आजकल लड़ने-भिड़ने का दौर कुछ ज़्यादा ही भयानक हो गया है। आगे और भी हो सकता है।

कारण क्या हो सकता है? दरअसल हम भूल जाते हैं कि किसी न किसी रूप में परस्पर भिन्न, दुनिया का हर व्यक्ति, मनमाफ़िक बदलाव चाहता है। आज हम जहां हैं, जो हैं, हममें से प्रत्येक के बदलाव की आकांक्षाओं और प्रयासों की भिन्न भिन्न दिशा का ही समंजित योग है। बदलाव की हमारी चाहत इस परिप्रेक्ष्य का कितना ध्यान रख पाती है ?

बदलाव की चाहत में मोटी-मोटी एकरूपता न हो, एकरूपता की कोशिश तक न हो, तो स्वाभाविक परिणति यही है। एकरूपता कैसे आ सकती है? उपाय तो है, कठिन भले हो। सही है कि हम परस्पर भिन्न हैं किन्तु एक चीज़ की संभावना हममें सामान्य है। मनुष्यता, इंसानियत। यानी सार्वभौम नैतिकता।

एक समस्या है। जो स्वभावतः नैतिक नहीं हैं, वे नैतिक बनने की बड़ी कड़ी शर्त रखते हैं। कहते हैं, मेरे अकेले के नैतिक बनने से क्या होगा? मैं अकेले बन भी गया तो अनैतिक लोग मेरा जीना हराम कर देंगे। कोई गारंटी दे दे कि अन्य लोग भी नैतिक बन जाएंगे तो मैं सबसे पहले नैतिक बनने को तैयार हूं। यह उनका शातिर बचाव है, जो उनके अनैतिक होने की सबसे कारगर पहचान है। कुछ मानवेतर प्राकृतिक आपदाओं को छोड़ दें तो बाकी सब इसी का परिणाम है।

-फेसबुक वॉल से

# सूचना के पेशेवर योद्धा बनाते हैं असल नैरेटिव



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना।

आज का युग सूचना का युद्धकाल है। किसी भी सरकार की नीतियां कितनी भी अच्छी क्यों न हों, जब तक वह अपने दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से जनता तक नहीं पहुंचा सकती, तब तक उसका असर अधूरा ही रहेगा। यही वजह है कि भारत सरकार की 'भारतीय सूचना सेवा' आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

मोदी सरकार, जो स्वयं संचार के महत्व को गहराई से समझती है और जिसने मन की बात से लेकर माय गॉव, डिजिटल इंडिया, और वैश्विक मंचों तक भारतीय नैरेटिव को मजबूती से रखा है, उसे अब अपनी सबसे अहम संचार सेवा यानी सूचना सेवा को भी उतना ही पेशेवर और शक्तिशाली बनाना होगा। सूचना प्रसारण मंत्रालय के अधीन सूचना सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है कि वे भारत सरकार की योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों को सही, प्रभावी और सामयिक ढंग से जनता और मीडिया के सामने प्रस्तुत करें। चाहे पीआईबी हो या दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो हो या न्यू मीडिया विंग, सभी की सफलता सूचना सेवा के माध्यम से तय होती है।

आज जब सोशल मीडिया पर मिनटों में अफ़वाहें फैलती हैं, जब फेक न्यूज़ और प्रोपेगेंडा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बन जाते हैं, तब सरकार का संचार और नैरेटिव केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं रह जाता, बल्कि यह रणनीतिक राष्ट्रकार्य बन चुका है। इस काम को अंजाम देने के लिए सिर्फ़ वही लोग सक्षम हैं जो मीडिया के पेशेवर हों-जिन्हें जनसंचार, ब्रांडिंग, डिजिटल माध्यम, और नैरेटिव बिल्डिंग की गहरी समझ हो।

आज से कई दशक पहले, भारतीय सूचना सेवा की कमान ऐसे ही पेशेवरों के हाथों में थी। उदाहरण के तौर पर खुशवंत सिंह, 'योजना' पत्रिका के संपादक रहे। कुलदीप नैयर, प्रधानमंत्री शास्त्री के प्रेस सलाहकार रहे। एचवाई शारदा प्रसाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रेस सलाहकार रहे हैं। इनमें से कोई भी भारतीय प्रशासनिक सेवा से नहीं था, लेकिन ये सब संचार के क्षेत्र में सिद्धहस्त पत्रकार, लेखक और रणनीतिकार थे, जो जनता की नब्ज और संचार के माध्यमों को बखूबी समझते थे। मोदी सरकार संचार और मीडिया की ताकत को समझती है। फिर चाहे वह राष्ट्रवाद के नैरेटिव की बात हो, 'न्यू इंडिया' की छवि निर्माण की, या वैश्विक मंचों पर भारत की स्थिति को मज़बूती से रखने की-हर जगह मीडिया ने सरकार की छवि गढ़ने में भूमिका निभाई है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना। ये दोनों ही काम सिर्फ वही व्यक्ति कर सकता है जो मीडिया की भाषा, मनोविज्ञान और उपकरणों को अच्छी तरह समझता हो।

मोदी सरकार ने हाल के वर्षों में विभिन्न मंत्रालयों में लैटरल एंट्री के ज़रिए नीति आयोग, पर्यावरण मंत्रालय, रेलवे, आयुष मंत्रालय में विशेषज्ञों की नियुक्ति की। इसका उद्देश्य यही था कि पेशेवरों के ज़रिए बेहतर नीति और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। मेडिकल, इंजीनियरिंग, सांख्यिकी सेवा की तरह आईआईएस सेवा में केवल मीडिया अनुभवी प्रोफेशनल को ही प्रवेश की अनुमति हो। इस सेवा के ग्रुप बी के पेशेवर अधिकारियों के लिए विशेष प्रमोशन स्कीम लाई जाए, जिससे वे नीति निर्धारण स्तर तक पहुंच सकें। इसके अलावा एडिटोरियल थिंक टैंक की स्थापना हो, जिसमें सूचना मंत्रालय के अधीन अनुभवी पत्रकारों, रणनीतिकारों और भाषा विशेषज्ञों का थिंक टैंक बने, जो सभी मंत्रालयों को नैरेटिव बिल्डिंग में सहयोग करे। सभी अधिकारियों की संचार दक्षता (फैक्ट-चेकिंग, सोशल मीडिया रिस्पांस, विजुअल संचार आदि) का मूल्यांकन किया जाए और उसे प्रमोशन से जोड़ा जाए।

यूजीसी के अनुसार, देश में हर साल 40,000 से ज्यादा मीडिया प्रोफेशनल विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से निकलते हैं। इनमें आईआईएमसी, माखनलाल, जामिया, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अनेक केंद्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। यदि सरकार चाहे, तो इन प्रतिभाशाली लोगों का उपयोग करके अपने सूचना तंत्र को एक वैश्विक स्तर की शक्ति बना सकती है। यह सच है कि अब युद्ध सिर्फ बंदूक से नहीं, बल्कि सूचना के हथियार से लड़ा जाता है। भारत को इस युद्ध में जीतना है, तो उसे अपने संचार तंत्र में मीडिया प्रोफेशनल्स को महत्व देना होगा। इसी कड़ी में भारतीय सूचना सेवा को अब सिर्फ प्रशासनिक सेवा नहीं, बल्कि एक प्रोफेशनल मीडिया कॉर्प्स के रूप में पुनर्गठित करने की जरूरत है। यह केवल सुधार का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और छवि निर्माण का मामला है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मोहल्ला बड़ा महादेव निवासी कोमल गुप्ता पत्नी अंशुल गुप्ता ने गुरुवार की रात घरेलू कलेश के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई और आनन-फानन परिजन महिला को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद भी महिला की हालत नाजुक बनी रहने पर चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन महिला को उपचार के लिए बाहर ले गए।

### हज कर लौटे कांग्रेस नेता का किया स्वागत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष समीर सैफी कुछ दिन पहले हज पर गए थे। उनके वापस लौटने पर गुरुवार को विजय शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसी ने जिला न्यायालय स्थित उनके चैंबर पर पहुंचे और स्वागत किया। कहा कि नसीब वाले ही हज पर जाते हैं। समीर सैफी एक अच्छे इंसान भी है। इस दौरान सरदार बलवीर सिंह, दुष्यंत कुमार, मुनेश कुमार ओली, आसिफ, मोहम्मद अब्बास, भारत सिंह, सुभाष यादव आदि मौजूद रहे।

### कमरे में पंखे से लटका मिला वृद्ध का शव

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के विकास नगर में 65 वर्षीय वृद्ध ने पंखे से लटक जीवन-लीला समाप्त कर ली। विकास नगर निवासी 65 वर्षीय वृद्ध गुरुवार की रात तीसरी मंजिल पर बने कमरे में जाकर सो गया। शुक्रवार की सुबह 6 बजे परिजनों ने वृद्ध को आवाज देकर बुलाया। कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिजन कमरे में पहुंचे तो वृद्ध पंखे पर लटका मिला। इसके बाद शव नीचे उतारा। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इंकार करने पर पुलिस वापस लौट गई।

### युवक ने किया कीटनाशक का सेवन, रेफर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** युवक ने धोखे से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। शुक्रवार शाम 5 बजे विकास नगर निवासी हर्ष कुमार अपने घर पर पहुंचा। गिलास में रखी कीटनाशक दवा को पानी समझ कर पी गया। इसके बाद युवक कमरे में जाकर सो गया। जब हालत बिगड़ी तो कीटनाशक दवा के सेवन करने की जानकारी हुई। इसके परिजन युवक को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# योग विश्व को भारतीय परंपरा का अमूल्य उपहार

## योग का महत्व बताया, आज जिले में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** श्री नारायण सेवा समिति की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर ब्रजनगर में विचार गोष्ठी हुई। जिसमें समिति अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय ने कहा कि योग विश्व को भारतीय परंपरा का अमूल्य उपहार है।

केजी मंगलम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की संस्तुति पर संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसंबर 2014 को आधिकारिक तौर पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। विपिन गुप्ता ने कहा कि 21 जून प्रतीकात्मक महत्व का दिन है, यह एक ग्रीष्म संक्रांति है। केजी गुप्ता ने कहा कि योग एक प्राचीन प्रथा है, जिसे अब बेहतर स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए दुनिया भर में अपनाया जाता है। हरीश कठेरिया ने कहा कि इस बार योग की 11वीं वर्षगांठ की है एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग या योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ का आयोजन समग्र कल्याण व पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने को किया जा रहा है। इस दौरान डॉ. जयशंकर दुबे, मुकुंद अग्रवाल, नितेश उपाध्याय, डॉ. टीएस पाल, कृष्ण गोपाल मंगलम, विपिन गुप्ता रहे।


बहजोई में शिविर के दौरान योग करते लोग। ● अमृत विचार


बिंदल फार्म में योगाभ्यास करती महिलाएं। ● अमृत विचार

**योग से निरोग रहने के दिए गए टिप्स : बहजोई** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के तत्वाधान में बीएमबीएल जैन कॉलेज परिसर में दो दिवसीय योग शिविर का आरंभ किया। जिसमें पहुंचे युवाओं को योग से निरोग रहने के टिप्स दिए। योग शिक्षक संभव जैन व खुशीराम राणा ने लोगों को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। संभव जैन ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान करते हुए बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन है बल्कि मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति का भी माध्यम है। इस दौरान राजीव गुप्ता, सोनीपत, आनंदपुर ग्राम प्रधान गजेंद्र राणा, हरनाम सिंह, शंकर सिंह राणा, राजकुमार, ललतेश राणा, कुश नंदन, नागेश कुमार, देवेंद्र यादव, नेत्रपाल सिंह, जसवीर सिंह, दीपक, अखिलेश,खुशीराम राणा रहे।

**धूमधाम से मनाया जाएगा योग दिवस : चन्दौसी :** मॉडल पब्लिक एजूकेशन कालेज में राष्ट्रीय योजना की ओर से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। जिसका विषय एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। इसको लेकर स्वयंसेविका काजल, राखी, उजाला की ओर से रंगोली बनाकर महिलाओं को संदेश दिया। शुक्रवार को महाविद्यालय के समस्त महिला स्टाफ व स्वयंसेविकाओं का योगाभ्यास किया। जिसमें डॉ. मधु राठौर व शर्मिल उपाध्याय ने योग प्रशिक्षण दिया। डॉ. कविता चौधरी ने कहा कि योग करने से शरीर लचीला व मजबूत बनता है तथा अनेक बीमारियां खत्म हो जाती है

### शहर से गांव तक होंगे योग संबंधी कार्यक्रम

**बहजोई/ संभल, अमृत विचार :** शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे जनपद में तहसील स्तर ब्लॉक स्तर मनाया जाएगा। जनपद स्तरीय कार्यक्रम शशि मदन पब्लिक स्कूल में होगा। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के तहत योग की थीम के साथ जनपद स्तरीय कार्यक्रम शशि मदन पब्लिक स्कूल मझावली पर सुबह 6 :30 बजे से होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मवीर सिंह प्रजापति रहेंगे। अति विशिष्ट तिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी रहेंगी। जनपद के नोडल अधिकारी के रूप में कमिश्नर मुरादाबाद को नामित किया गया है। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने जिला विकास अधिकारी रामाशीष को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया है। खंड विकास अधिकारी बनियाखेड़ा कमलकांत को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। चंदौसी बहजोई संभल में भी योग कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### योग साधकों को कराए योगासन

**संभल , अमृत विचार :** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति एवं नगर पालिका परिषद संभल के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे योग शिविर का आरंभ पतंजलि के राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, इंदल सिंह, डॉ. प्रदीप त्यागी, जसपाल सिंह, कृष्णा मिश्रा, रेनू वार्ष्णेय, कृष्ण ग्रेवाल, प्रतिज्ञा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। जिसके बाद ओउम और प्रार्थना मंत्रों का उच्चारण हुआ। शिविर में साधकों को डिप्रेशन में लाभकारी योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। जिसमें बालासन, सुखासन, अधोमुख श्वानासन, पश्चिमोत्तासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति रहे। नगर के शंकर इंटर कॉलेज में चल रहे योग शिविर में छठे दिन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, शकरपुर द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जिसमें डॉ. प्रदीप त्यागी ने 70 योग साधकों को दवा वितरित की। सबसे ज्यादा रोगी ज्वाइंटन पेन के रहे। रक्तचाप, उदर वात और अम्लपित्त के रोगियों ने भी दवा ली। इस दौरान परीक्षित मोंगिया, शंकर शर्मा, गजेंद्र आर्य, गगन वार्ष्णेय, विकास वर्मा, हरनाम सिंह, संजय गुप्ता, अमित शुक्ला, गुलशन मदान, प्रियांशु जैन, सनी गुप्ता, जसपाल सिंह, विकास वर्मा, संजय गुप्ता, वीकेश शर्मा, अनूप टंडन, सुशील गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, बीनू अग्रवाल, ऋषभ श्रीवास्तव, मुदिता,गुप्ता, सरिता, रीना, साधना पूठिया, दिव्या, मधु गंभीर, रुचि आदि रहे।

### शिविर में पहुंच लोग कर रहे योगाभ्यास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** समर्पण वेलफेयर सोसायटी की ओर योग सप्ताह को लेकर 17 से 21 जून तक योग शिविर का आयोजन मयूर विहार में किया जा रहा है। जिसमें लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। सोसायटी की सचिव अभिलाषा प्रजापति ने बताया कि योग शारीरिक व्यायाम, शारीरिक मुद्रा, कमर दर्द, ध्यान, सांस लेने की तकनीकों और व्यायाम को जोड़ता है। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एवं वूमेन प्राइड की और बिंदल फार्म में 11 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें योग प्रशिक्षक श्रुति अग्रवाल विभिन्न आसनों का योगाभ्यास कराया। बताया कि योग करने से अनेक प्रकार की बीमारियां स्वत: ही समाप्त हो जाती है। शिविर में डॉ. सुधा चौधरी, शुभा कागजी, अलका मंगल, शुभ्रा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, काव्या, प्रियांशी, वंदना, नैना, निधि, मंजरी आदि मौजूद रही।

## दरगाह शिफ्ट कराने के लिए लगाए गार्डर

**संभल, अमृत विचार :** संभल-बहजोई मार्ग पर हयातनगर थाने से आगे अतिक्रमण की जद में आई मजार को शिफ्ट किए जाने का काम तेजी से चल रहा है। मजार के नीचे जैक के अब लोहे के गार्डर लगाए जा रहे हैं।

हयातनगर थाने से आगे प्राचीन धर्म कूप मंदिर और उसके सामने स्थित मस्जिद का जो हिस्सा अतिक्रमण की जद में आया था वह तुड़वा दिया था लेकिन दरगाह को 30 फिट पीछे शिफ्ट किया जाना है। मस्जिद कमेटी के लोगों के कहने पर रामपुर के ठेकेदार ने काम शुरू किया है। तीन दिन पहले मजार के नीचे जैक लगा दिए गए थे और अब गार्डर लगाए जा रहे हैं। जिसके बाद बैयरिंग भी लगेंगे। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद मजार को पहले साइड में और फिर पीछे की तरफ ले जाकर शिफ्ट किया जाएगा। रामपुर जिले के ठेकेदार नन्हें ने बताया कि मजार को शिफ्ट करने के लिए काम चलते हुए 12 दिन हो गए। अभी 15 दिन और लग सकते हैं।

# हिंसा में शामिल 4 आरोपी गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे की कार्रवाई के दौरान हुई हिंसा में शामिल उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार को पुलिस ने हिंसा आरोपी पिता पुत्र व दो सगे भाइयों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अब तक पुलिस 96 आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे की कार्रवाई शुरू हुई तो बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। हजारों की भीड़ ने जहां जामा मस्जिद की तरफ कूच कर पुलिस पर पथराव किया था, वहीं फायरिंग भी की गई थी। वाहनों को आग लगाने के साथ ही सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया था। इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हुई थी जबकि 29 पुलिसकर्मी पथराव व गोली लगने से घायल हुए थे। हिंसा के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व वीडियो फोटो के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर गिरफ्तारी का सिलसिला शुरू किया था। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से ही हिंसा के चार और आरोपियों की पहचान हुई तो शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने संभल में हिंसा वाली जगह जामा मस्जिद से कुछ ही दूर कोट गर्बी निवासी हैदर अली, उसके भाई मुनव्वर अली के अलावा अब्दुल अली वह उसके बेटे अकबर अली को गिरफ्तार किया गया है। सीसीटीवी वीडियो से इन चारों के 24 नवंबर की हिंसा में शामिल होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद से ही पुलिस चारों को तलाश रही थी।


संभल पुलिस की गिरफ्त में हिंसा आरोपी पिता पुत्र व सगे भाई।

● **अब तक 96 आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है पुलिस**

शुक्रवार को आरोपियों के घरों पर मौजूद होने की सूचना मिली तो पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया। अदालत ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र में महिला का शव घर में फंदे से लटका मिला। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव पंसुखा मिलक निवासी भीम सिंह ने 13 साल पहले गांव की शशि से प्रेम विवाह किया था। वैवाहिक जीवन में शशि बेटे और बेटी को जन्म दिया। बताते हैं कि किसी बात को लेकर पति और पत्नी के बीच विवाद हो गया था। जिसके बाद भीम सिंह घर से बाहर चला गया। जिसके बाद शशि का शव घर में ही फंदे से लटका मिला। शशि की मौत की सूचना मिलने पर मायके से लोग पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंची तो मायके वालों ने शशि की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### किसानों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**गुन्नौर, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने शुक्रवार को तहसील पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में किसानों से जुड़ी कई समस्याओं को उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। जिलाध्यक्ष महीपाल सिंह के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भूमि की फर्द में अंश निर्धारण की गलत प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। भूमि के अंश बंटवारे में सभी खातेदारों को समान हिस्सेदार बना दिया गया है। संगठन ने मांग की कि प्रत्येक गांव में विशेष कैंप लगाकर सही अंश निर्धारण की प्रक्रिया कराई जाए। खाद और बीज की सरकारी दुकानों पर किसानों को समय से उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने की मांग भी ज्ञापन में की गई है। प्रदर्शन में धीरेन्द्र सिंह, रामपाल सिंह, दानवीर सिंह, अतर सिंह, हरनाम सिंह, राघवेन्द्र, अमित और नरेश आदि मौजूद रहे।

### छज्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 6 घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में मकान के छज्जे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई और पथराव हुआ। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। जुनावई थाना क्षेत्र के देवर कंचन गांव में मकान का लिंटर डलवाते समय रनवीर छज्जा रास्ते की तरफ निकालने लगा। जिसका विरोध आंगनबाड़ी सर्वेश कुमारी द्वारा किया गया। सर्वेश कुमारी के पति मेघराज सिंह ने भी पुलिस से शिकायत की थी। विरोध होने पर शुक्रवार को शाम दोनों पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे चले और ईंटें भी चलाई गईं। मारपीट में एक पक्ष से आंगनबाड़ी कार्यकत्री सर्वेश कुमारी, बेटी भूमिका तथा दूसरे पक्ष से रनवीर की बेटी करिश्मा, अंजली, पत्नी कलावती और थाना क्षेत्र के गांव हत्यावली निवासी रिश्तेदारी में आई तारावती घायल हो गईं। घायलों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामले को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

### जुमे की नमाज अदाकर मांगी दुआ



**संभल, अमृत विचार :** संभल में शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। शुक्रवार को सुबह ही अधिकारी अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैद हो गए। जामा मस्जिद पर भारी पुलिस और पीएसी बल तैनात किया गया। जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निर्धारित समय पर जुमे की नमाज अदा करते हुए दुआ मांगी। दूसरी मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। अधिकारी भी अधीनस्थों के संपर्क में रहकर जानकारी लेते रहे। बताते चलें कि 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के विरोध में हिंसा हुई थी। तभी से जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहता है।

### वैश्य अमित वार्ष्णेय बने युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष



**बहजोई, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज बोरा ने नगर के व्यापारी वैश्य अमित वार्ष्णेय को युवा इकाई का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने मनोनयन पत्र देते हुए उम्मीद जताई कि वह संगठन की मजबूती के लिए लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करेंगे। संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### बुखार पीड़ित महिला की झोलाछाप के उपचार से मौत

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव ढाटी निवासी मालती देवी (58 वर्ष) पत्नी जयलाल को बुखार आने पर गुरुवार को झोलाछाप के अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान दोपहर के वक्त महिला की हालत बिगड़ गई। जिसके बाद महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों में महिला की मौत पर कोहराम मच गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि झोलाछाप द्वारा ड्रिप में गलत इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों में वार्ता शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। परिजनों ने महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

### भैंस बांधने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर क्षेत्र में गली में भैंस बांधने को लेकर दो पक्षों के लोगों के बीच कहासुनी के बाद लाठी-डंडे चले। मारपीट में 3 महिलाओं सहित 8 लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी गुलजार पक्ष की भैंस गली में घर के गेट पर बांधी जाती है। दूसरे पक्ष ने उस तरफ घर के दरवाजे लगा लिए हैं। भैंस बांधने को लेकर अक्सर विवाद रहता है। शुक्रवार को सुबह 6 बजे दोनों पक्षों के लोग कहासुनी के बाद आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। जिसमें गुलजार पक्ष से जरीफा, हमसीरन, आदिल, तरन्नुम, इकरार तथा दूसरे पक्ष से नन्हें, मुस्ताक, अमान घायल हो गए। जिसके बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। गुलजार ने आरोप लगाया कि गुरुवार को रात दूसरे पक्ष ने घर पर पथराव भी किया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नाला सीधा करने को अतिक्रमण तोड़ा

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** प्रशासन ने शक्ति नगर में अभियान चलाकर जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया। नवनिर्मित नाला तिरछा होने पर सीधा कराने को अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद नाले का सीधा निर्माण कराया जाएगा।

कुछ दिन पहले शक्ति नगर में अतिक्रमण अभियान चलायाथा। इसके बाद शक्ति नगर में सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण कराया। नाला निर्माण के बाद सड़क निर्माण कराया जाएगा। मगर शक्ति नगर में दो स्थानों पर नाला तिरछा बना दिया। जिसकी शिकायत आला अधिकारियों के पास पहुंची। शुक्रवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, नगर पालिका के ईओ धर्मराज राम व नगर पालिका के स्टाफ के साथ शक्ति नगर पुलिसबल के साथ पहुंच गए। दो स्थानों पर नाले का निर्माण तिरछा पाया गया। जिसे सीधा करने के लिए दो जेसीबी से अतिक्रमण हटवाने का कार्य आरंभ कर दिया गया। एक जगह महिला ने अतिक्रमण हटाने का विरोध किया तो एसडीएम ने महिला को समझाने का प्रयास किया। महिला का कहना था कि पूर्व में उसके मकान का अतिक्रमण को हटाया जा चुका है। एसडीएम ने बताया कि शक्ति नगर 50 मीटर नाले को तिरछा बना दिया। जिससे सड़क को चौड़ाई कम हो गई और आने वाले समय में जाम की स्थिति बन सकती है। इसलिए नाले को सीधा कराने के लिए अतिक्रमण हटवाकर नाले का सीधा निर्माण कराया जाएगा। साथ ही स्टेशन रोड स्थित ठेले-खोमचे हटाए गए।


अतिक्रमण अभियान के दौरान एसडीएम से बहस करती महिला। ● अमृत विचार

● **नाला तिरछा होने पर नाले को सीधा करने का कार्य शुरू**

## सुबह मौसम सुहाना दिन में आया पसीना

**संभल , अमृत विचार :** भले ही संभल जिले में शुक्रवार को सुबह समय कहीं आसमान में काले बादल छाये रहे तो कहीं बूंदाबांदी हुई तो मौसम सुहाना हो गया। लेकिन, दोपहर के वक्त धूप निकलने पर पारा चढ़ गया। गर्मी का माहौल बनने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को सुबह समय संभल सहित कई क्षेत्रों में आसमान में काले बादल नजर आए और कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी हुई। जिससे लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। लोगों ने तैयार होने के बाद कामकाज वाले स्थानों का रुख किया तो चेहरे खिले नजर आए। जैसे ही समय बढ़ा तो गर्मी भी तेवर दिखाने लगी। तेज धूप निकल आने पर भीषण गर्मी के कारण लोगों के माथे से पसीना टपकने लगा। उस वक्त लोग दिक्कतों से जूझते नजर आए। हालांकि दोपहर के वक्त धूप नहीं रही, लेकिन उमस के कारण लोग परेशान हुए।

# नगर निकायों के विकास कार्यों को डीएम की मंजूरी

**संवाददाता, बहजोई**

● **डीएम ने विकास कार्य गुणवत्ता के अनुसार कराने के दिए निर्देश**

● **15वें वित्त आयोग से जनपद के नगर निकायों में करोड़ों रुपये से होंगे विकास कार्य**

**अमृत विचार :** नगर निकायों में 15वें वित्त आयोग के तहत कराये जाने वाले का कार्यों व अन्य वित्तीय राशि को लेकर बैठक हुई। इसमें नगर निकायों के विकास के लिए धनराशि को लेकर किए जाने वाले कार्यों को मंजूरी दी।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने नगरपालिका व नगर पंचायतों में कराये जाने वाले कार्यों को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। नगर पालिका संभल के तहत मुरादाबाद रोड़ पर प्रकाश की व्यवस्था के लिए स्मार्ट पोल, डबल आर्म पोल एवं एलईडी, नगरपालिका के अन्तर्गत दुकानों का निर्माण, विभिन्न वार्डों में सीसी रोड एवं नाला निर्माण, इंटरलॉकिंग, नगरपालिका चंदौसी के तहत सीसी रोड, नाला निर्माण, फौव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण, डेकोरेटिव पोल को लेकर चर्चा की। स्ट्रीट वेंडिंग जोन को लेकर निर्देश दिए। चंदौसी के नाला निर्माण के एस्टीमेट को लेकर कहा कि लोक निर्माण विभाग के सहायक इंजीनियर द्वारा एस्टीमेट चेक किये जाएं। बबराला के तहत पीएम श्री विद्यालय के अवशेष भाग को लोहे के जाल द्वारा कवर्ड करने को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, ईओ बहजोई आशुतोष तिवारी, चेयरमैन बहजोई राजेश शंकर राजू, चंदौसी चेयरमैन चंदौसी लता वार्ष्णेय, ईओ संभल मणि भूषण तिवारी रहे।

### फर्जीवाड़ा करने वाले गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** ऐंचोड़ा कंबोह थाना पुलिस ने जमीनों की खरीद फरोख्त के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के सदस्य पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव बालियान ने बताया कि पुलिस ने गांव हाफिजपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद निवासी नाजिम पुत्र काले खां उर्फ काले पहलवान को गिरफ्तार किया है। नाजिम गिरोह बनाकर जमीनों के नाम पर फर्जीवाड़ा करता था। वह और उसके गिरोह के लोग फर्जी जमीन दिखाकर बिना बैनामा कराये ही पैसा हड़प लेते थे। गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद नाजिम को इकौंदा चौराहा से गिरफ्तार किया गया है।

### आटो के खंदक में पलटने से चार लोग घायल

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में ऑटो अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गया। जिसमें दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। थाना क्षेत्र के ओबरी गांव निवासी मोहम्मद रफी के बेटे आमिर हुसैन की बरात मंगलवार को अमरोहा जिले के गजरौला थाना क्षेत्र के महमूदाबाद गांव गई थी। बुधवार को दूल्हा पक्ष अन्य परिजनों के साथ दुल्हन को मायके वालों से मिलाने के लिए महमूदाबाद पहुंचा और देर शाम घर लौट आया। गुरुवार को शाम नवविवाहिता के मायके के लोग ऑटो से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ओबरी पहुंचे। गुरुवार रात लौटते समय मनौटा-रतनपुर कलां मार्ग पर चंदवार गांव के सामने ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गया। हादसा होने पर लोगों में चीख पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में गांव महमूदाबाद निवासी शहाबुद्दीन, उनकी पत्नी तबस्सुम, जुबैर, उसकी पत्नी रेहाना गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का पास के ही निजी अस्पताल में उपचार कराया गया।

## शिक्षिका से 18 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालय में शिक्षक हयातनगर थाना क्षेत्र के बबैना गांव निवासी शिखा का कहना है कि गुवाहाटी के रहने वाले परविंदर सिंह ने उसे कोयले के व्यवसाय में पैसा लगाकर मोटी कमाई का लालच दिया तो वह झांसे में आ गई। अपने वेतन की इकट्ठा रकम के साथ ही बैंक से लोन लेकर 18 लाख रुपये परविंदर सिंह को दे दिए।

शिखा का कहना है कि 4 माह बाद जब परविंदर ने पैसे नहीं लौटाए तो शिखा ने तगादा किया। दो बार में डेढ़ लाख रुपये परविंदर ने शिखा को दिए। लेकिन उसके बाद पैसा वापस करने से इंकार कर दिया। पैसे मांगने पर परविंदर पर जान से मारने की धमकी दी। शिखा ने 19 नवंबर को नखासा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को नखासा थाना पुलिस ने आरोपी परविंदर को गिरफ्तार कर लिया।

# श्री भगवंतपुर देवी मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

**संवाददाता, बहजोई**

● **डीएम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर पालिका व ट्रस्ट पदाधिकारी से की बात**

**अमृत विचार :** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर मेले की भूमि पर नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण को लेकर जिलाधिकारी ने हस्तक्षेप किया। खुद मौके पर पहुंचकर डीएम ने समस्या का समाधान खोजा। पालिका व ट्रस्ट के पदाधिकारियों से बातचीत के बाद सौंदर्यीकरण मेला भूमि पर नहीं बल्कि मंदिर में कराने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को एक बार फिर से ईओ अभिषेक तिवारी पुलिस बल के साथ निर्माण कार्य करने के लिए पहुंच गए। जैसे ही वह निर्माण कार्य करने पहुंचे तो वहीं श्री भगवंतपुर देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इसका विरोध करना प्रारंभ कर दिया। कुछ देर बाद ही जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया मौके पर पहुंच गए। डीएम ने जहां ईओ व चेयरमैन राजेश शंकर राजू से वार्ता की वहीं ट्रस्ट से जुड़े लोगों का भी पक्ष जाना। डीएम ने कहा मंदिर के सौंदर्यीकरण की धनराशि आई है। मंदिर में ही सौंदर्यीकरण होगा। इसके बाद डीएम ने नगर पालिका तथा ट्रस्ट के पदाधिकारी की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिसमें तय हुआ कि मेले की भूमि पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं होगा। मंदिर में सौंदर्यीकरण का कार्य पालिका कराएगी। निर्माण कार्य को लेकर चल रहे विवाद का आखिरकार डीएम के हस्तक्षेप के बाद ही समाधान निकाल गया।

## लापरवाही पर गुन्नौर के एडीओ पंचायत निलंबित

**बहजोई, अमृत विचार :** गुन्नौर के एडीओ पंचायत कुलदीप कुमार को विकास कार्यों में लापरवाही बरतने और विभागीय दायित्वों के प्रति उदासीनता के चलते पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार ने निलंबित कर दिया।

यह कार्रवाई डीएम ने डीपीआरओ की रिपोर्ट के आधार पर की। रिपोर्ट के अनुसार गुन्नौर ब्लाक की ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आवश्यक उपकरण जैसे वयस्क वजन मशीन, बेबी वजन मशीन, स्टेडियोमीटर और इन्फैंटोमीटर उपलब्ध नहीं कराए थे। फैमिली आईडी जनरेशन, संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान और स्वच्छ भारत मिशन जैसे कार्यक्रमों में एडीओ की सक्रिय भागीदारी नहीं पाई गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए भेजे गए लिंक पर भी वह प्रतिभाग नहीं कर सके थे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## काला खेड़ा पुल के पास हुआ हादसा, मजदूरी करता था गजराज

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के संभल मार्ग पर गुरुवार देर रात बाइक एवं ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे की जानकारी पर मौके पर पहुंची 112 डायल पुलिस ने घायल बाइक सवार को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।


मृतक का फाइल फोटो।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव गुर्जरों वाली चकुनी में हरकेश का परिवार रहता है। उनका 37 वर्षीय बेटा गजराज सिंह गुरुवार देर रात गजरौला से बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक संभल मार्ग पर सैदनगली थाना क्षेत्र में काला खेड़ा पुल से थोड़ा आगे पहुंची तो अचानक सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी पर पुलिस ने 37 वर्षीय घायल गजराज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पुलिस ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं युवक की मौत की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन मोर्चरी पहुंच गए। मृतक अपने पीछे तीन बेटे तथा एक बेटी के अलावा पत्नी अंजलि को रोते बिलखते छोड़ गया है। वह मजदूरी कर परिवार का पालन करता था। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। दोनों वाहनों को कब्जे में लिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### दो बाइकों की टक्कर में बाइक सवार 3 लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** हसनपुर के मोहल्ला घासमंडी निवासी देवेंद्र पुत्र लाखनसिंह शुक्रवार दोपहर अपने दोस्त राजू के साथ मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे वह गजरौला-हसनपुर मार्ग पर उमंग डेयरी के पास पहुंचा तो सामने से आई तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार देवेंद्र व राजू समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने देवेंद्र की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक में पीछे से घुसी बाइक, 3 युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर आगे चल रहे ट्रक में बाइक पीछे से जा घुसी। जिसमें बाइक पर बैठे तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल 112 डायल पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव ओसामाफी निवासी अमित शर्मा पुत्र नरेशचंद शर्मा सैदनगली नगली थाना क्षेत्र के गांव राजा नांगल निवासी सतीश पुत्र उदल तथा शंकर पुत्र शीलचंद के साथ बाइक से रहरा की दिशा को जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर रुस्तमपुर खादर गांव के निकट पहुंची तो अचानक आगे चल रहे ट्रक में पीछे से उनकी बाइक जा घुसी। जिसमें बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। डायल पीआरबी की मदद से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। फिलहाल कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## बेटे को बचाने आए पिता का सिर फोड़ा

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में मेवाराम पुत्र मुंशी परिवार रहता है। आरोप है कि गुरुवार शाम उनका पुत्र लोकेश खेत से अपने घर को जा रहा था। तभी गांव के कुछ युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर वह बेटे को बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने सरिया मार कर बुरी तरह से घायल कर दिया। गंभीर हालत में पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# सावन में जिले से गुजरेंगे लाखों शिवभक्त

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण करने को पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर ली है। रूट डायवर्जन सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंथन किया जा रहा है। जिले में 35 से अधिक शिवालयों पर भगवान शंकर का जलाभिषेक किया जाएगा।

10 जुलाई से कांवड़ यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। इस बार सावन में 4 सोमवार पड़ेंगे और 9 अगस्त को इसका समापन होगा, जबकि 23 जुलाई को सावन माह की शिवरात्रि है। जिसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जाएंगे। सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई को है। उससे पहले ही शिव भक्त हरिद्वार व गढ़ मुक्तेश्वर के लिए रवाना होंगे। भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए जल लेने के लिए जत्थों के साथ रवाना होंगे। कांवड़ियों के लिए पंडाल लगाया जाएगा भंडारों का आयोजन किया जाएगा। अमरोहा-जोया मार्ग, बिजनौर मार्ग, कैलसा मार्ग, गजरौला मंडी धनौरा मार्ग पर कांविड़यों की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए शिवालयों की सूची तैयार की जा रही है। इन शिवालियों पर सीसीटीवी ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी। अमरोहा शहर के वासुदेव तीर्थ स्थल पर शिव भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। गजरौला के चकेश्वर मंदिर, नौगांवा सादात के गजस्थल में प्राचीन शिव मंदिर, मंडी धनोरा में पत्थरकुटी मंदिर सहित करीब 35 शिवालियों में शिव भक्त जलाभिषेक करेंगे।

### पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती है कांवड़ यात्रा

**अमरोहा, अमृत विचार :** संभल, मुरादाबाद, रामपुर समेत आसपास अन्य कई जिलों के शिव भक्त हरिद्वार व बृजघाट से कांवड़ में गंगा जल लेकर जिले से गुजरते हैं। यात्रा के मद्देनजर अमरोहा-बिजनौर, गजरौला-चांदपुर स्टेट हाईवे संग नेशनल हाईवे तक पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। मंदिर और शिवालयों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। जिन भी मार्गों से कांवड़िए गुजरते हैं, वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे।

### सीओ ने ली बैठक

**अमरोहा, अमृत विचार :** सावन कांवड़ यात्रा को लेकर एसपी ने जिले के सभी सीओ और थाना प्रभारियों को तैयारी करने के निर्देश दिए है। शुक्वार को सीओ अवधमान भदौरिया और थाना अमरोहा देहात प्रभारी ने आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक की। सकुशल संपन्न कराने को लेकर बम्बूगढ़ चौकी थाना अमरोहा देहात पर संभ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गयी। त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की। सीओ ने कहा कि भंडारे के आयोजन के लिए परमिशन लेनी होगी। इसके अलावा शांति व्यवस्था बनाने में मदद की जाए।

# एनसीबी की टीम ने नशीली दवाएं व इंजेक्शन किए बरामद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- थोक विक्रेता शुभम माहेश्वरी को साथ ले गई टीम

**अमृत विचार :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने शहर के बड़े बाजार से दवाओं के थोक विक्रेता के यहां छापेमारी कर भारी मात्रा में नशे की दवाएं व इंजेक्शन और एक्सपायरी डेट की दवाएं बरामद कीं। टीम थोक विक्रेता शुभम महेश्वरी को कोर्ट से रिमांड लेकर अपने साथ ले गई है।

पुलिस के मुताबिक नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम गुरुवार की रात अमरोहा पहुंची थी। दरअसल सोमवार को नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने बृजघाट में छापेमारी कर नशे की दवाएं बरामद की थीं। जिसमें अमरोहा के युवक को पकड़ा था। पूछताछ में अमरोहा में भी नशे की दवाओं की आपूर्ति की बात सामने आई थी। उसके बाद गुरुवार रात नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम मोहल्ला बड़ा बाजार में स्थित दवाओं के थोक विक्रेता शुभम महेश्वरी के यहां पहुंची। जहां टीम ने उनके गोदाम से नशे की दवाएं व इंजेक्शन बरामद किये। इसके अलावा एक्सपायरी डेट की भी दवाइयां मिलीं। देर रात तक टीम ने गोदाम से दवाएं बरामद कीं और अभिलेख जुटाए। इसके बाद टीम ने शुभम महेश्वरी को हिरासत में ले लिया। शुक्रवार को टीम ने युवक को अदालत में पेश किया तथा साथ ले गई। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने थोक विक्रेता शुभम महेश्वरी को पकड़ा है और उसे साथ ले गई है। अभी जानकारी नहीं है कि कितनी नशीली दवाएं व इंजेक्शन बरामद हुए हैं।

# एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** एसपी अमित आनंद ने पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली। जिसके बाद पुलिस लाइन में स्टोर, पीआरवी वाहन, डॉग स्कवॉड, परिवहन शाखा, भोजनालय का निरीक्षण किया। प्रतिसार निरीक्षक को स्वच्छता संबंधित आवश्यक निर्देश दिये। पीआरवी वाहनों पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनके उपकरणों और संचालन के बारे में भी पूछताछ की। पुलिसकर्मियों से शस्त्र हैंडलिंग का अभ्यास कराया तथा फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल के निरीक्षण के सम्बन्ध में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं/इकाईयों, एमटी शाखा, शास्त्रागार, क्वार्टर गार्द, भोजनालय, बन्दी वाहन, डॉग स्कवॉड, पीआरवी वाहन आदि का निरीक्षण किया। क्वार्टर गार्ड के निरीक्षण में सुरक्षा गार्डों की मुस्तैदी का परीक्षण किया।

### वांछित अपराधियों को भेजा जाए जेल

**अमरोहा, अमृत विचार :** एसपी अमित आनंद ने थाना रजबपुर, धनौरा, सैदनगली, एचटीयू थाना के थाना प्रभारियों, पैरोकार/कोर्ट मोहर्रिर, मॉनिटरिंग सेल के साथ कानून व्यवस्था व विचाराधीन मुकदमों की समीक्षा की। वांछित, गैर जमानती वारण्टियों एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। लम्बित एसआर केस के लम्बित मामलों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की समीक्षा कर कार्रवाई के निर्देश दिए। ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत न्यायालय में चल रहे लम्बित वादों, गोवध व पॉक्सो की समीक्षा कर प्रकरण में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने को लेकर निर्देश दिए।

### चामुंडा मंदिर के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली के वार्ड 4 मोहल्ला बगीची में चामुंडा मंदिर के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास चेयरमैन डॉ. अनुकृति चौधरी ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री( महिला मोर्चा) वर्षा वशिष्ठ, मंडल उपाध्यक्ष उझारी मण्डल ( महिला मोर्च) संगीता सैनी, रजनी वर्मा, ममता, ज्ञानवती, सरोज देवी, योगेश सैनी, अमर सिंह जाटव, अभय त्यागी, रिंकू सिंह जाटव, बॉबी शर्मा, संजय शर्मा, जगपाल सिंह कटारिया, राजू सैनी, हरपाल सिंह बाबूराम, विपिन त्यागी, कल्लू सैनी, कुलदीप जाटव,दीपक कुमार, पवन टॉक, सुधीर टॉक, मनोज जोशी,राजकुमार टॉक आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली

**बिजनौर, अमृत विचार :** बिजनौर कोतवाली शहर क्षेत्र के रामपुर बकली गांव में युवक ने फंदे से लटक कर जान दे दी। रेस्टोरेंट में काम करने वाले 23 वर्षीय सचिन भारद्वाज का शव उनके घर में पंखे से लटका मिला। सचिन की दो साल पहले मथुरा निवासी काजल से शादी हुई थी। दंपति की डेढ़ साल की एक बेटी है। काजल पिछले तीन महीने से अपने मायके में रह रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Ph.D. Admission Notice
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC
REGISTRAR

# मोहर्रम पर निर्धारित मार्गों से ही जुलूस निकालें

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मोहर्रम और श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक हुई।

बैठक में एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी ने शांति बनाए रखने और आपसी भाईचारा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। सभी ताजियेदार निर्देशों के अनुसार ताजियों की लंबाई-चौड़ाई रखें और निर्धारित मार्गों से ही जुलूस निकालें। उन्होंने विशेष रूप से सावन कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। पुलिस प्रशासन ने सभी उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और कोई भी समस्या होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी नियमों का पालन करते हुए मोहर्रम और कांवड़ यात्रा दोनों ही पर्व अपनी परंपरागत तरीके से और पूरी गरिमा के साथ मनाए जाए। बैठक में अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, कोतवाली प्रभारी वरुण कुमार, कस्बा इंचार्ज संदीप पवार, सी चुन्नीलाल,अंकुर अग्रवाल, सचिन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, नूर मोहम्मद, नवाब सैफी उपस्थित रहे।

### 12 फीट के ताजिये पर अड़ा शिया समुदाय

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहर्रम से पहले नगर में ताजियों की ऊंचाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शिया समुदाय के इमाम केसर अहमद ने ऐलान कर दिया है कि अगर प्रशासन 12 फीट के ताजिये की अनुमति नहीं देता है, तो शिया समुदाय ताजिया जुलूस का बहिष्कार करेगा। इमाम का कहना है कि ताजिये पहले ही 12 फीट के बन चुके हैं, लेकिन अब प्रशासन 10 फीट की नई सीमा थोप रहा है, जो उन्हें किसी सूरत में मंजूर नहीं है। इस मुद्दे पर प्रशासन और शिया समुदाय के बीच बातचीत से ही हल निकलने की उम्मीद है।

## सार संक्षेप



### छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत योग कर के जनता को जागरूक किया। शुक्रवार को एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय के अंतर्गत 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर स्थित झम्मन लाल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा के निर्देशन में छात्राओं ने योगासन किया। महिलाओं के लिए योग के क्या-क्या लाभ है इस पर चर्चा करते हुए कहा कि प्राणायाम से तनाव कम होता है और योग से मांसपेशियां भी मजबूत रहती है, पाचन तंत्र सुदृढ़ रहता है और बेहतर नींद आती है। योग से धैर्य साहस और सहनशक्ति में वृद्धि होती है इसीलिए प्रतिदिन योग अवश्य करें। इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर शमा परवीन व समस्त महिला स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### किसानों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाकियू असली की मासिक पंचायत में किसान नेताओं द्वारा अधिकारियों पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग की और इसी के साथ उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन करेंगे। शुक्रवार को नगर के अमरोहा मार्ग स्थित तहसील में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत हुई। पंचायत में तहसील अध्यक्ष चौधरी समरपाल सिंह ने कहा कि काला खेड़ा चीनी मिल की पेराई क्षमता बढ़ाई जाए। विद्युत विभाग द्वारा लगातार बिल सही करने के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है उसे तत्काल बंद कराया जाए। पंचायत के अध्यक्ष का रामवीर सिंह ने की तथा संचालन गोवर्धन द्वारा किया गया। पंचायत में चौधरी परम सिंह, रमेश चंद्र, रणवीर सिंह, मुरली सिंह, शराफत अली, शहाबुद्दीन, उमर, थान सिंह, जयसिंह राणा, लाल सिंह, राहुल चौधरी, मुखी राम चौहान आदि मौजूद रहे।

### मारपीट में 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव बागड़पुर निवासी सुरेंद्र पुत्र जिले राम 5 जून को गांव फिरोजपुर से बुरावली को जा रहा था। किसान सुरेंद्र का आरोप है कि वहां कुछ लोग गाली गलौज कर रहे थे। जब उसने मना किया तो आरोपियों ने उसे रस्सी से बांधकर गाड़ी में बैठा लिया तथा उसकी लाठी-डंडों से जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में सूबे पुत्र मुने सिंह ग्राम पतेई खादर, अनमोल भाटी पुत्र सुरेंद्र ग्राम खरखोदा, नीतू पुत्र नरेश गांव खरखोदा थाना रहरा, रणवीर उर्फ लड्डू पुत्र नरेश ग्राम बिजनौरा थाना सैदनगली पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### मारपीट और आग लगाने में 50 लाख मुआवजा मांगा

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव दौलतपुर में 18 जून को इबले हसन के घर पर गाड़ी निकालने को लेकर हुए विवाद का बदला लेने के लिए जाटव समाज के लोगों ने हमला कर दिया था। आरोप है कि महेंद्र और उनके साथियों ने घर में घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने पूरे घर को आग के हवाले कर दिया। शुक्रवार को केंद्रीय लोक शिकायत निवारण परिषद के बैनर तले दर्जनों लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। मांग की गई है कि सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। एफआईआर में पशु क्रूरता अधिनियम की धारा जोड़ी जाए। आरोपियों से नुकसान की भरपाई कराई जाए। पीड़ित परिवार को सरकार 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद दे। इस अवसर पर मजहर मलिक, बंटी आर्य, फैसल, सुहैल अमरोहावी, अफान, कामरान उद्दीन, मुस्तकीम, युसूफ मलिक, नवील, सागर, हमज़ा आदि रहे।

### भूमि विवाद में भाकियू टिकैत ने दी आंदोलन की चेतावनी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने तहसीलदार मुसाराम थारू को ज्ञापन देकर जमीन पर कब्जे को लेकर दर्ज मुकदमे में उचित कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को भाकियू टिकैत के पदाधिकारी तहसीलदार से मिले। ज्ञापन देकर कहा कि तहसील क्षेत्र के गांव भगवानपुर भूड़ के अजीम ने एक कृषि भूमि की जमीन संजीदा से खरीदी थी। जब अजीम ने जमीन खाली कराने को शिकायती पत्र दिया तो गठित राजस्व टीम को संजीदा ने गलत जानकारी देकर गुमराह किया। राजस्व टीम के साथ बदसलूकी भी की। पुलिस ने दवाब में अजीम पक्ष के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज करा दी। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दर्ज मुकदमे में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन को विवश होंगे।

### स्कूल के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला चमन स्थित प्राथमिक विद्यालय शिव मंदिर कोट एवं कन्या कंपोजिट कोट दोनों विद्यालय एक भवन में संचालित होते हैं। जिसके वसीम अहमद खान इंचार्ज अध्यापक हैं। गुरुवार रात चोरों ने किसी समय विद्यालय के दो कमरों के ताले तोड़कर चोरी की। शुक्रवार सुबह इंचार्ज अध्यापक विद्यालय पहुंचे तो ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। चोरी होने की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। इंचार्ज अध्यापक वसीम अहमद खान ने बताया कि चोरी में 20000 का सामान गया है। पूर्व में भी इस विद्यालय में चोरी हो चुकी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि चोरी की सूचना पर पुलिस में मौका मुआयना किया गया है।

### करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** घर में लगे हैंडपंप पर लगी मोटर में करंट आने से महिला की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। क्षेत्र के गांव पखरोला निवासी अनवर अली की पत्नी सबा परवीन ( 45 ) शुक्रवार को घर में लगे हैंडपंप से पानी लेने के लिए गई थी। इसी दौरान हैंडपंप में लगी मोटर में अचानक बिजली का करंट आ गया। जिसमें महिला सबा परवीन करंट की चपेट में आ गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले महिला को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2245516723 का प्रमाण पत्र-सह-अंक पत्र खो गया है। **राशि चौधरी पुत्री अजब सिंह केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद 244413**

सूचना
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230632234 का प्रमाण पत्र-सह -अंक पत्र खो गया है। **उपासना पुत्री सरवन केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद 24 4413**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

## एक नजर

### लेजर शो से दिखाई जाएगी शहीदों की शौर्य गाथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश सेवा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों के बलिदान और पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए डिजिटल व्यवस्था बनायी जाएगी। लखनऊ के कैन्टोनमेंट क्षेत्र स्थित स्मृतिका वॉर मेमोरियल में जल्द ही लेजर लाइट एंड साउंड शो की शुरुआत होगी। उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। इसका उद्देश्य देश के वीर सपूतों के अदम्य साहस और बलिदान को आधुनिक तकनीक से जन-जन तक पहुंचाना है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

# योग दिवस के लिए नगर विकास विभाग ने सजाए 100 पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योग के लिए सभी जरूरी सुविधाओं से युक्त हैं पार्क
- रोजाना स्थानीय लोग पार्कों में कर सकेंगे योग



**अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं। इन पार्कों में योग और संबंधित गतिविधियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। योग दिवस के बाद भी इसमें लोग रोजाना योग कर सकते हैं।

योग पार्कों का विकास आयुष मंत्रालय के तय मानकों के अनुरूप किया गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। इस थीम के अंतर्गत नगर विकास विभाग ने पूरे प्रदेश में स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से 100 से अधिक योग पार्क स्थापित किए हैं। जहां योग दिवस के बाद भी पूरे वर्ष योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात के मुताबिक, नगर निगम वाराणसी में शहीद उद्यान, बेनिया बाग पार्क, हरिश्चंद्र पार्क के साथ ही नमो घाट, अस्सी घाट और रविदास घाट पर भी योग किया जाएगा। इसी तरह नगर निगम आगरा में बल्केश्वर पार्क, सेंट्रल पार्क आवास विकास,कालिंदी पार्क और नगर निगम कार्यालय पार्क को योग पार्क के तौर पर विकसित किया गया है।

राजधानी लखनऊ में गुलाब पार्क, स्वर्ण जयंती पार्क, झंडे वाला पार्क, ईडी पार्क जैसे 9 योग पार्कों को विकसित किया गया है। इसी क्रम में कानपुर नगर निगम ने भी नानाराव पार्क, बुद्ध पार्क, संजय वन और परशुराम वाटिका को योग पार्क बनाया है। सबसे ज्यादा योग पार्क झांसी नगर निगम ने लगभग 12 योग पार्क व मथुरा-वृदांवन में लगभग 8 योग पार्क विकसित किये गये हैं। जबकि अयोध्या और फिरोजाबाद में 3-3, गाजियाबाद में 10 योग पार्क विकसित किये गये हैं। सभी जिलाधिकारियों, स्थानीय निकाय निदेशालय और नगर निगमों के आयुक्तों को निर्देश दिये हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग पार्कों में मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और योग प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त स्थान को सुनिश्चित करें।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से सभी जुड़ें : योगी



मुख्यमंत्री योगी ने कहा शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। योग भारत की विरासत है और प्रधानमंत्री मोदी ने 11 वर्ष पूर्व इसे वैश्विक मान्यता दिलाई। उन्होंने कहा गांव से लेकर नगर तक के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हिस्सा बनें। योग से जुड़कर स्वस्थ दिनचर्या की शुरुआत करें, क्योंकि कहा गया है कि धर्म के साधनों के लिए शरीर माध्यम है, इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना जरूरी है।

### सचिवालय में तैनात कंप्यूटर सहायक बर्खास्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** सचिवालय प्रशासन विभाग ने सचिवालय में कंप्यूटर सहायक के पद पर कार्यरत निधि सिंह को नौकरी दिलाने के नाम पर धन उगाही और अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोपों के चलते शुक्रवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आरोपों की जांच में सहयोग नहीं करने पर एकपक्षीय जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। विशेष सचिव फूल चंद्र ने निधि सिंह को सेवा से पदच्युत किए जाने का आदेश जारी कर दिया है। इस मामले में वर्ष 2022 से विभागीय कार्यवाही शुरू की गई थी।

# घरेलू सेवाओं में युवाओं को दक्ष बनाएगा हुनर हाथ प्रोजेक्ट

## प्रदेश के 5 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगी शुरुआत

- भोजन, सफाई, देखभाल जैसे कार्यों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में पायलट प्रोजेक्ट हुनर हाथ का प्रस्तुतिकरण देखते कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह और मिशन निदेशक पुलकित खरे।

**अमृत विचार :** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा जल्द ही 'हुनर हाथ' पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत पांच जिलों में की जाएगी। इसका उद्देश्य कौशल के साथ रोजगार और समाज को विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह द्वारा इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। प्रिया सिंह ने बताया कि 'हुनर हाथ' के माध्यम से घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य को योग्य और कुशल सेवा प्रदाता सरलता से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में इस योजना को पांच जिलों में लागू किया जाएगा, जहां चयनित युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को भोजन पकाने, घर की साफ-सफाई, देखभाल सेवाएं, घरेलू उपकरणों का सामान्य रख-रखाव आदि घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में पब्लिक और प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से आवासीय एवं अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि 'हुनर हाथ' योजना न केवल युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि समाज की घरेलू स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी एक भरोसेमंद सेवा नेटवर्क तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी एक केंद्रीकृत 'हुनर हाथ' पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर इन प्रशिक्षित युवाओं की सेवाएं प्राप्त कर सकेगा।

### योजना को मॉडल के तौर पर किया जाएगा स्थापित

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रशिक्षित युवाओं का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाए और पोर्टल पर सेवाओं को वर्गीकृत करते हुए जनसामान्य के लिए सुलभ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं सेवा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि इस योजना को प्रदेश में एक मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सके। बैठक में मिशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव दिए।

### प्रदेश में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य में 2.85 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार हो चुकी हैं। यह पिछले सीजन से 70 हजार हेक्टेयर अधिक है। जबकि 16 हजार हेक्टयर से अधिक में धान की बुवाई हो चुकी है। पिछले सीजन यह आंकड़ा साढ़े पांच हजार रहा था। मानसून की आमद के साथ प्रदेश में खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई रफ्तार पकड़ रही है। इस बार धान, मोटे अनाज से लेकर दलहन-तिलहन में भी पिछले सत्र के मुकाबले तेजी दिख रही है। ज्वार, बाजरा, मूंग, अरहर की बुवाई भी पिछले सीजन से ज्यादा रही है। 30 हजार हेक्टेयर में ज्वार और साढ़े पांच हजार हेक्टेयर में बाजरा बोया जा चुका है, जबकि 13 हजार हेक्टेयर से ज्यादा में अरहर की बुवाई हो चुकी है।

# औद्योगिक भूखंडों की होगी मेगा ई-नीलामी

## यूपीसीडा ने शुरू की तैयारी, नई औद्योगिक इकाइयों की होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ई-नीलामी वाले 16 जिलों में कानपुर, उन्नाव, अमेठी व शाहजहांपुर शामिल

**अमृत विचार :** प्रदेश के 16 जिलों में 144 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए मेगा ई-नीलामी करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में नए उद्यम लगाने के लिए इच्छुक उद्यमियों को औद्योगिक प्राधिकरणों द्वारा न केवल भूमि उपलब्ध करायी जाए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया पूरी हो।

इस प्रक्रिया के जरिए मथुरा, मैनपुरी, शाहजहांपुर, हमीरपुर, जालौन, झांसी, फतेहपुर, कानपुर, बांदा, बागपत, उन्नाव, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, वाराणसी व अमेठी में औद्योगिक भूखंड आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। बागपत में चिह्नित 5097.10 वर्ग मीटर का भूखंड उप्र. औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति (यूपीआईआईईपीपी-2022) के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी अनुमोदित मेगा प्रोजेक्ट के लिए आरक्षित है। इन सभी प्लॉट्स के रिजर्व प्राइस तय हैं। इनके लिए 5 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। सभी आवेदनों में से पात्र आवेदनों को चिह्नित कर 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, सभी आवेदन की स्क्रीनिंग करने के बाद पात्र आवेदनकर्ताओं को 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी में हिस्सा लेकर बोली लगाने का मौका मिलेगा। प्रपत्र डाउनलोड व पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट और निवेश मित्र पोर्टल पर लॉगिन किया जा सकता है।

### अमेठी में होगी सर्वाधिक 33 भूखंड की नीलामी

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में सर्वाधिक 33 भूखंड अमेठी में नीलामी के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें आईआईडीसी बंथरा में 300 वर्ग मीटर के भूखंड सबसे छोटे हैं, जिसमें प्रत्येक की रिजर्व प्राइस 16.47 लाख रुपये है। यहां पर लेदर गुड्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना हो सकेगी। जबकि सबसे बड़ा भूखंड 13,197 वर्ग मीटर का है, जो कि कानपुर के मलवां में स्थित है, जिसकी रिजर्व प्राइस 3.74 करोड़ रुपये है और इसका उपयोग सामान्य केटेगरी के औद्योगिक इकाई लगाने में हो सकेगा। प्रक्रिया के जरिए मथुरा में 14, मैनपुरी में 11, शाहजहांपुर में 9, हमीरपुर में 9, जालौन में 8, झांसी में 4, पतेहपुर में 15, कानपुर में 9, बांदा में 3, उन्नाव में 7, सहारनपुर में 8, मुजफ्फरनगर में 4, हापुड़ में 7 तथा वाराणसी में 2 औद्योगिक भूखंड की ई-नीलामी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा, जिससे नए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

# निजीकरण पर सरकार को भेजी अंतरिम रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की

**अमृत विचार :** प्रदेश के 42 जिलों में ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण प्रस्ताव पर नियामक आयोग ने सरकार को जो अंतरिम रिपोर्ट भेजी है, उनमें कई वित्तीय खामियां मिलीं हैं। इसकी भनक लगते ही उपभोक्ता परिषद ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग उठाई है।

दरअसल, उप्र. विद्युत नियामक आयोग ने सरकार से प्राप्त निजीकरण के मसौदे पर बड़े पैमाने पर वित्तीय व संवैधानिक कर्मियों का खुलासा करते हुए एक भारी भरकम कर्मियों से संबंधित अपनी अंतरिम रिपोर्ट राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग को भेजी है। इसको लेकर उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इस मसौदे को तैयार करने वाले सभी उच्च अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच बैठाकर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। परिषद के मुताबिक, जरूरत पड़ने ऐसे उच्च अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए, जिनके द्वारा देश के बड़े निजी घरानो के हित में पूरा प्रस्ताव तैयार किया गया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के 42 जिलों में निजीकरण के मसौदे पर राज्य सरकार ने सभी संवैधानिक व वित्तीय पहलुओं पर सलाह मांगी थी। इसके विरोध में लगातार उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग के सामने आधा दर्जन से ज्यादा लोग महत्व प्रस्ताव व आपत्तियां दाखिल की थीं।

### मंत्री और अधिकारियों में चल रहा झगड़ा : अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि एक उप मुख्यमंत्री ने लिखकर मुख्यमंत्री से शिकायत की है कि उनके विभाग के अधिकारी ने उन्हें ट्रांसफर लिस्ट नहीं दिखाई। अधिकारी अपने मन से काम करना चाहते हैं, मंत्री अपने मन से। मंत्री और अधिकारियों का झगड़ा चल रहा है।

सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अलग झगड़ा चल रहा है। सीएमओ और डीएम के बीच लड़ाई में विधायकों में भी बंटवारा हो गया। शिक्षा विभाग, लोकनिर्माण विभाग समेत हर जगह ट्रांसफर का रेट है।

# दवा सप्लाई में गड़बड़ी के आरोपी पूर्व विधायक की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने ईओडब्ल्यू से तीन माह में रिपोर्ट तलब की
- सीबीआई जांच में अनियमितता के मामले में पाए गए थे दोषी

**अमृत विचार :** प्रदेश के 37 जिलों में दवा सप्लाई में आर्थिक अनियमितता और बहराइच के पयागपुर में 500 बेड के अस्पताल बनवाने में धांधली के आरोपी सपा नेता व पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के खिलाफ मामलों में जांच होगी। शासन ने ईओडब्ल्यू को मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच का निर्देश दिया है। शासन द्वारा ईओडब्ल्यू से तीन माह में रिपोर्ट तलब की गई है।

राज्य सरकार में प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री ने धांधली की शिकायत पर मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच कराए जाने का निर्णय लिया है। मालूम हो कि शिकायत पिछले वर्ष सितंबर माह में की गई थी। इससे पूर्व सीबीआइ ने वर्ष 2012 में पूर्व विधायक के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता के मामले में जांच की थी और वह दोषी पाए गए थे। भ्रष्टाचार के मामले में विजिलेंस की खुली जांच में वह आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी दोषी पाए गए थे और उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। वर्तमान में मुकेश श्रीवास्तव सपा में हैं। वह व उनकी पत्नी पूजा श्रीवास्तव एनआरएचएम घोटाले में आरोपी थे और दंपति को जेल जाना पड़ा था।

# 30 को नर्सिंग शिक्षक सीखेंगे कार्य की बारीकियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग शिक्षा के उत्तरोत्तर विकास के लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा 30 जून को राइटिंग एजुकेशनल व लर्निंग आब्जेक्टिवस विषयक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में सभी नर्सिंग कॉलेज के शिक्षक हिस्सा लेंगे, इसमें विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे।

यह जानकारी स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि बेहतर नर्सिंग शिक्षा के लिए शिक्षा की नई तकनीक पर शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए कार्यशाला में एरा नर्सिंग कॉलेज में पीडियाट्रिक नर्सिंग के विभागाध्यक्ष प्रो.एचसीएल रावत व्याख्यान देंगे। उन्होंने बताया कि हर नर्सिंग कॉलेज से छह शिक्षकों का इस वेबिनार में प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा।

# छह लेन की एलिवेटेड रोड दिलाएगी जाम से मुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2219 करोड़ की परियोजना मंजूर हुई
- लखनऊ से अयोध्या, सीतापुर जाने वालों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** लखनऊ में पॉलिटेक्निक चौराहे से किसान पथ तक छह लेन की एलीवेटेड रोड बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं समेत बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर व सीतापुर की ओर जाने वाले वाहनों को जाम से मुक्ति मिलेगी। नौ किलोमीटर लंबा यह एलिवेटेड रोड 2219 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इससे शहर के लगभग 30 लाख लोगों को फायदा होगा।

अयोध्या रोड पर छह लेन की एलीवेटेड रोड पालीटेक्निक चौराहे से उठेगा और किसान पथ से कनेक्ट होगा। इससे अयोध्या जाने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को पालीटेक्निक चौराहे से इंदिरा नहर तक जाम में फंसकर अपना समय नहीं खराब करना पड़ेगा। यही नहीं अयोध्या के अलावा, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, सीतापुर जाने वाले हल्के व भारी वाहनों की गति बढ़ेगी और ईंधन कम खर्च होगा। एलीवेटेड रोड को पालीटेक्निक फ्लाईओवर से जोड़ा जाएगा और ऊपर से किसान पथ से जोड़ दिया जाएगा। अगर किसी को आउटर रिंग रोड पर जाना हो, वह इसका प्रयोग करके सीधे शहर के बाहर जा सकता है।

यही नहीं आगरा एक्सप्रेस वे, शहीद पथ के साथ ही सुलतानपुर, हरदोई, कानपुर, रायबरेली हाईवे से सीधे जुड़ेगा। इसके अलावा एलडीए द्वारा बनाए जा रहे ग्रीन कारिडोर से भी कनेक्ट हो सकेगा। कुल मिलाकर पुराने लखनऊ के साथ ही इंदिरा नगर, मुंशी पुलिया, आइआइएम रोड, इस्माइलगंज, गोमती नगर, खुर्रमनगर, एचएएल सहित 30 लाख की आबादी एलीवेटेड रोड से होकर अपने गंतव्य को सीधे जा सकेगी।

### हाईकोर्ट के पास जाम में नहीं फंसेगा ट्रैफिक

**अमृत विचार :** पूर्वांचल से आने वाला ट्रैफिक हाई कोर्ट के पास जाम में नहीं फंसेगा। वर्तमान में यहां सुबह व शाम पूरा नौ किमी. का पैच जाम से जूझता रहता है। लोग सीधे एलीवेटेड रोड का प्रयोग करते हुए पालीटेक्निक फ्लाईओवर, मुंशी पुलिया फ्लाईओवर होते हुए खुर्रमनगर, टेढ़ी पुलिया फ्लाईओवर, प्रस्तावित इंजीनियरिंग कालेज फ्लाईओवर, मडियांव फ्लाईओवर, आइआइएम फ्लाईओवर होते हुए सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएगा। जो सवा घंटे इस 25 किमी. की दूरी तय करने में लगते हैं, अब 25 मिनट में दूरी तय हो सकेगी। एलीवेटेड रोड के नीचे भी जाम पूरी तरह से खत्म हो जाएग। हाईकोर्ट आने वाले लोगों को जहां राहत मिलेगी, वहीं लोहिया अस्पताल के साथ ही निजी अस्पताल जाने वाले लोगों को सहूलियत होगी।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :21 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी- 07.18 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोग नई जॉब की शुरुआत कर पायेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बना सकते हैं।

**वृष** — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकांत में आपको समय नहीं बिताना चाहिए। सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिये। जो भी काम करें वो सोच-समझकर करें।

**मिथुन** — आज अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का वातावरण सकारात्मक रखने का प्रयास करें। व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन अत्यन्त सुखमय रहेगा।

**कर्क** — आज आप महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक संबंध रहेंगे। पुराने लोन को चुकाने का अवसर मिलेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**सिंह** — आज आपको गैरकानूनी कार्यों से बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचारों का प्रभाव रहेगा। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें।

**कन्या** — आज व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से अधिक शेयर न करें। कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। अनावश्यक चिंता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिंता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं।

**तुला** — आज व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। सभी काम योजना बनाकर करेंगे तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे।

**वृश्चिक** — आज अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करना उत्तम होगा। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानांतरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें।


**धनु** — आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अचानक ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है।

**मीन** — आज नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है। क्रोध और आडम्बर से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर समस्या होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 07.50 तक तत्पश्चात भरणी।


## वर्ग पहेली-8

**बाएं से दाएं**

3.1. सुरमा ,काजल 2. रसांजन।
4.1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।
5.1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा
6.1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।
9.1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

**ऊपर से नीचे**

1.1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।
2. उल्लू।
3.1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।
6.1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफ़लिसी।
7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।
8.1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।




### वर्ग पहेली -7 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | स | | 2 कु | | | |
| | | 3 प | ल | टा | ना | |
| 4 चा | | | बु | | | 5 नि |
| 6 क | ल | क | ला | ना | | रु |
| चौ | | | ह | | | पा |
| बं | | 7 झों | ट | | | धि |
| द | | की | | 8 गां | धि | क |

## सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | | 1 | | | |
| 5 | | 2 | | 8 | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | 6 | 3 |
| | 4 | | 3 | | | 9 | | 6 |
| | | 8 | 1 | | 6 | 5 | | |
| 6 | | 3 | | | 2 | | 1 | |
| 9 | 1 | | | 4 | | | 5 | |
| | | | | 6 | | 1 | | 8 |
| | | | 5 | | 3 | | 7 | |

### सुडोकू - 14 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 |

# गिरावट थमी, तीन दिन बाद बाजार गुलजार

## सेंसेक्स में आया 1,046 अंक का उछाल, निफ्टी ने फिर किया 25,000 के अंक को पार

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,046 अंकों का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से शुक्रवार को बाजार में तेजी आई।

कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच विदेश से बड़े पैमाने पर सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,046.30 अंक उछलकर 82,408.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.62 अंक बढ़ा था। वहीं एनएसई का निफ्टी 319.15 अंक चढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,463 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,484 शेयरों में गिरावट आई और 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1,289.57 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की तेजी आई और निफ्टी 393.8 अंक यानी 0.59 प्रतिशत चढ़ा।



- **वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से तेजी आई**
- **प.एशिया में तनाव कम व विदेशी पूंजी की लिवाली से समर्थन मिला**

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत होने की उम्मीद से प. एशिया में तनाव कम होने और सैन्य कार्रवाई का जोखिम कम होने से शेयर बाजार में तेजी आई। इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ, जिससे घरेलू बाजारों को लाभ मिला और विदेशी निवेशकों की धारण मजबूत हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, इटरनल (पूर्व में जोमैटो) और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर मारुति का शेयर गिरकर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.20 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.55 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार देखा जाए तो सभी सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान दूरसंचार में 2.73 प्रतिशत, रियल्टी में 2.22 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी में 1.42 प्रतिशत, पूंजीगत सामान में 1.17 प्रतिशत, बैंक में 1.15 प्रतिशत, सोच-विचार कर खरीदी जाने वाली वस्तुओं में 1.12 प्रतिशत और धातु में 1.10 प्रतिशत की तेजी आई।

### एफआईआई ने 934.62 करोड़ के खरीदे शेयर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि ईरान-इजराइल संघर्ष में नरमी आने के संकेत मिलने वाली खबरों के बाद बाजार की धारणा में सुधार हुआ। अमेरिका ने किसी कार्रवाई में देरी का संकेत दिया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें घटीं। इसके अलावा, एफआईआई की लगातार खरीदारी ने बाजार और समर्थन दिया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए, जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार में बढ़त का रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.93 प्रतिशत गिरकर 77 .33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 934 .62 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी 605 .97 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की लिवाली की। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 82 .79 अंक नुकसान में रहा था, जबकि एनएसई निफ्टी में 18 .80 अंक की गिरावट आई थी।

## क्रेडिट रिस्क : समझ और सावधानियां

शेयर बाजार में निवेश करते समय कई प्रकार के जोखिम सामने आते हैं, जिनमें से एक प्रमुख जोखिम क्रेडिट रिस्क है। क्रेडिट रिस्क का तात्पर्य उस संभावना से है जब कोई कंपनी या संस्था, जिसके सिक्योरिटीज में आपने निवेश किया है, समय पर ब्याज या मूलधन लौटाने में असफल हो जाती है। यह जोखिम खासकर डिबेंचर, बॉण्ड या अन्य डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के समय सामने आता है। कंपनियों की वित्तीय स्थिति, बाजार की अनिश्चितता और नियामक नीतियों के बदलाव इस जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं।



### क्या है क्रेडिट रिस्क

- क्रेडिट रिस्क वह जोखिम है, जिसमें उधार लेने वाली कंपनी या संस्था अपने ऋण दायित्वों को समय पर पूरा नहीं कर पाती। जब कोई निवेशक किसी कंपनी के बॉण्ड या डिबेंचर में पैसा लगाता है, तो उसे उम्मीद होती है कि उसे समय पर ब्याज और मूलधन मिलेगा, लेकिन यदि कंपनी दिवालिया हो जाए या वित्तीय संकट में आ जाए, तो भुगतान में चूक हो सकती है।

### निवेशकों के लिए संभावित लाभ

- **उच्च रिटर्न की संभावना** : उच्च क्रेडिट रिस्क वाले बॉन्ड्स आमतौर पर अधिक ब्याज दर (कूपन रेट) प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन** : जोखिम समझकर निवेश करने से पोर्टफोलियो में विविधता आती है, जिससे संभावित रिटर्न बढ़ सकते हैं।
- **कम कीमत पर प्रवेश** : बाजार में अस्थिरता के समय कम रेटिंग वाली सिक्योरिटीज सस्ते में मिलती हैं, जिनमें सुधार की संभावना हो सकती है।

### मुख्य जोखिम

- **पूंजी हानि** : अगर कंपनी डिफॉल्ट कर जाए तो मूलधन डूब सकता है।
- **रेटिंग में गिरावट** : रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग कम करने से सिक्योरिटी का बाजार मूल्य गिर सकता है।
- **तरलता संकट** : कम रेटिंग वाले बॉन्ड्स को बाजार में बेचना मुश्किल हो सकता है।

# अनिश्चितता को कम करेगा मौद्रिक उपायों का पैकेज, वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की हाल की बैठक में कहा था कि मौद्रिक नीति के रुख को तटस्थ करने से उभरती घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थितियों के जवाब में नीति दर में कटौती, रोक या वृद्धि के लिए जरूरी लचीलापन मिलेगा।

चार-छह जून को हुई एमपीसी की बैठक के शुक्रवार को जारी ब्योरे से यह जानकारी सामने आई है। एमपीसी ने इस बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती करने का फैसला किया था। इस तरह रेपो दर में इस साल फरवरी से लेकर अबतक कुल कटौती बढ़कर एक प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने मौद्रिक नीति के रुख को भी उदार से संशोधित कर तटस्थ करने का फैसला किया था। बैठक के ब्योरे के मुताबिक, छह-सदस्यीय एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक में मल्होत्रा ने कहा, मौद्रिक उपायों का यह पैकेज अनिश्चितता के समय में कुछ निश्चितता प्रदान करेगा और इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। समिति के 6 में से 5 सदस्यों ने रेपो दर में 0.50% की कटौती के पक्ष में मत दिया जबकि बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने 0.25% की कटौती का सुझाव दिया था।



# 8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 0.7 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश के 8 प्रमुख बुनियादी उद्योग की वृद्धि दर मई 2025 में घटकर 0.7% रह गई, जो पिछले नौ महीनों में सबसे कम है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछली सबसे कम वृद्धि दर अगस्त, 2024 में थी, जब इन ढांचागत क्षेत्रों के उत्पादन में 1.5% की गिरावट आई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल मई में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 6.9% थी। अप्रैल में इन प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के उत्पादन में 1% की वृद्धि दर्ज की गई थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि चार प्रमुख क्षेत्रों- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक एवं बिजली के उत्पादन में मई के दौरान गिरावट दर्ज की गई। रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर सकारात्मक रही। साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में 8 प्रमुख क्षेत्रों में कुल 0.8% की वृद्धि दर्ज की गई है।

# प. एशिया संघर्ष का भारत पर प्रभाव सीमित

**कोलकाता, एजेंसी**

- **रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति**

साख तय करने वाली एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा है कि प. एशिया में जारी संघर्ष का फिलहाल भारत की कंपनियों के वैश्विक व्यापार पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि अगर अनिश्चितताएं बढ़ती हैं, तो कुछ क्षेत्रों पर इसका असर पड़ सकता है। अनिश्चितताओं ने वैश्विक कच्चे तेल के बाजारों को प्रभावित किया है।

एक सप्ताह में ब्रेंट क्रूड 73 से 76 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहा है। अप्रैल और मई के दौरान, ब्रेंट क्रूड 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ था। तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में और उछाल आ सकता है। इससे तेल उत्पादक कंपनियों को फायदा होगा और रिफाइनरी कंपनियों के मार्जिन में कमी आएगी। क्रिसिल ने कहा कि संघर्ष में शामिल दो देशों, इजराइल और ईरान के साथ भारत का सीधा व्यापार कुल व्यापार का एक प्रतिशत से भी कम है। ईरान को भारत का मुख्य निर्यात बासमती चावल है, जबकि इजराइल के साथ व्यापार अधिक विविधतापूर्ण है। पश्चिम एशिया में अनिश्चितताओं के बढ़ने से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान आने की संभावना है। विशेष रसायन, पेंट, विमानन और टायर जैसे कुछ अन्य क्षेत्र इसका प्रभाव महसूस कर सकते हैं।

### ईरान-इज़राइल संघर्ष के प्रभाव का आकलन करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी व्यापार पर ईरान-इजराइल संघर्ष के प्रभाव का आकलन करने और संबंधित मुद्दों का समाधान निकालने के मकसद से वाणिज्य मंत्रालय पोत परिवहन, निर्यातकों, कंटेनर कंपनियों और अन्य विभागों सहित हितधारकों के साथ बैठक करेगा। अधिकारी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल करेंगे। हम मालभाड़े से जुड़े मुद्दे उठाएंगे। बर्थवाल ने पहले कहा था कि भारत, स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। निर्यातकों ने कहा कि अगर युद्ध और बढ़ता है तो इससे विश्व व्यापार पर असर पड़ेगा और हवाई तथा समुद्री माल ढुलाई की दरें बढ़ जाएंगी।



## एक नजर

### उपमुख्यमंत्री और विधायक को मारने की मिली धमकी

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस विधायक राकेश कालिया को सोशल मीडिया पर अप्रत्यक्ष रूप से दी गई जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने कुख्यात गैंगस्टर अमरीश राणा की गिरफ्तारी पर फेसबुक पर पोस्ट साझा की थी। उसने लिखा, लोग फिर से तलवार मांग रहे हैं। अन्य व्यक्ति ने जवाब दिया, इसका इस्तेमाल एक राजनेता पर होगा। पूछे जाने पर कि किस अपराध के लिए? तो व्यक्ति ने कहा, केवल उपमुख्यमंत्री और विधायक राकेश कालिया ही जानेंगे। शिकायतकर्ता अरुण ने हरोली थाने में मामला दर्ज कराया है।

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक महिला नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाटोला और कलपर गांव के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। छोटेबेठिया क्षेत्र के कोटरी नदी के किनारे आमाटोला और कलपर गांव के जंगल में नक्सलियों की सूचना पर अभियान चलाया गया था।

### मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सभी गिरफ्तारियां इंफाल पश्चिम, टेंग्नौपाल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों से की गईं।

# सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसीयू के बेंगलुरु परिसर के उद्घाटन के दौरान की सरकार की सराहना

**बेंगलुरु, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जनता के सामने आने वाले स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के समग्र दृष्टिकोण के लिए उनकी सराहना की।

शाह ने अदिचुन्चानागिरी विवि (एसीयू) के बेंगलुरु परिसर का उद्घाटन करने के बाद कहा, प्रधानमंत्री ने गुजरात में कहा था कि गरीबी का सबसे बड़ा मुद्दा बीमारी और इलाज का खर्च है, प्रशासन को गरीबों की बीमारी के इलाज का इंतजाम करना होता है। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराकर इस सपने को पूरा किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष और पोषण अभियान, आयुष्मान भारत, भारतीय जन औषधि परियोजना तथा 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाने जैसी पहल की। शाह ने कहा कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के प्रयास हुए हैं। 2014 में देश में 7 एम्स थे, आज 23 हैं, वहीं मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। 2014 में 51,000 एमबीबीएस सीट थीं, आज 1,18,000 है, पीजी सीट की संख्या पहले 31,000 थी, जो आज 74,000 है। केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी तथा रेल राज्य मंत्री मंत्री वी सोमन्ना तथा अदिचुन्चानागिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी मौजूद थे।




बेंगलुरु के कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य।

### सहकारिता की असमान वृद्धि को समान रूप देने की मंशा

**मुंबई।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि देश में सहकारिता क्षेत्र में वृद्धि असमान रही है और सरकार का इरादा इसे समान रूप देने का है। शाह ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) के सम्मेलन में कहा कि सहकारिता क्षेत्र केवल देश के पश्चिमी भागों में ही स्थिर रहा जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में यह कमजोर रहा। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद इस क्षेत्र की वृद्धि को एकसमान रूप देना है। सहकारी क्षेत्र सीमित पूंजी के साथ अधिक लाभ प्रदान करके अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। शाह ने कहा कि हम देश में सभी स्तरों पर सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करके इसकी प्रगति करेंगे। शाह ने कहा कि जीडीपी देश की वृद्धि का एकमात्र मापदंड नहीं है। सहकारी क्षेत्र कम पूंजी में अधिक लाभ और रोजगार के अवसर प्रदान करके वृद्धि एवं अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

# चुनौती न मिलने पर चुनावी वीडियो कर दें नष्ट : ईसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आयोग ने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को दिया निर्देश**
- **डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने की आशंका जताई**

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने इलेक्ट्रॉनिक डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए किए जाने की आशंका पर अपने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि 45 दिन में चुनाव को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो वे सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और चुनाव प्रक्रिया के वीडियो फुटेज को नष्ट कर दें।

30 मई को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई रिकॉर्डिंग उपकरणों के साथ ही फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हालांकि चुनावी कानून के तहत इस तरह की रिकॉर्डिंग अनिवार्य नहीं होती, लेकिन आयोग चुनावी प्रक्रिया के कई चरणों के दौरान आंतरिक प्रबंधन उपकरण के रूप में उनका उपयोग करता है। आयोग ने कहा, सोशल मीडिया पर गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए इस रिकॉर्डिंग का हाल ही में दुरुपयोग किया गया है। ऐसी सामग्री का चुनिंदा तरीके से और संदर्भ से परे उपयोग किया गया है। सभी प्रक्रियाओं की फोटोग्राफी 45 दिन के लिए संरक्षित की जाएगी।

# वकील को समन भेजकर ईडी ने पूछा अपने मुवक्किल को क्या सलाह दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **एससीएओआरए ने सीजेआई से किया स्वत: संज्ञान लेने का आग्रह**

सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) ने सीजेआई बीआर गवई से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप वेणुगोपाल को ईडी के समन पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। वेणुगोपाल को यह समन एक मुवक्किल को दी गई कानूनी सलाह के संबंध में जारी किया गया है।

एसोसिएशन ने चिंता जताई है कि इस तरह की कार्रवाई से कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। मुवक्किलों को दी गई पेशेवर राय के लिए अधिवक्ताओं को समन भेजना कानूनी प्रणाली के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करता है। ईडी ने 18 जून को वेणुगोपाल को समन जारी किया था, जिसमें रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व चेयरपर्सन डॉ. रश्मि सलूजा को दिए गए कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजनाओं के संबंध में मेसर्स केयर हेल्थ इंश्योरेंस को उनकी कानूनी सलाह से संबंधित दस्तावेज की जानकारी मांगी गई थी। समन में सीएचआईएल, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज या उनकी संबद्ध संस्थाओं की ओर से कानूनी सेवाओं के लिए किए भुगतान का विवरण मांगा गया है। वेणुगोपाल को 27 जून को मुंबई में ईडी के सहायक निदेशक के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

# भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह टिप्पणी गृह मंत्री अमित शाह के एक कथित बयान के एक दिन बाद की। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी एक्स पर पोस्ट कर की है। राहुल गांधी ने कहा, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। देश की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है। हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है।



### बारिश बनी मुसीबत




झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में भारी बारिश के बाद जलभराव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस दौरान हुए जलभराव के बीच लोगों को नाव के जरिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। एजेसी

# एअर इंडिया ने 4 अंतर्राष्ट्रीय समेत 8 उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई, एजेंसी**

एअर इंडिया ने रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित आठ उड़ान शुक्रवार को रद्द कर दीं। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए उसकी टीम वैकल्पिक व्यवस्था कर रही हैं।

विमानन कंपनी ने कहा कि उसने यात्रियों को टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा लौटाने या पूरक व्यवस्था की पेशकश भी की है। जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द किया गया है, उनमें दुबई से चेन्नई के लिए एआई906, दिल्ली से मेलबर्न के लिए एआई308, मेलबर्न से दिल्ली के लिए एआई309 और दुबई से हैदराबाद के लिए एआई2204 शामिल हैं। एअर इंडिया ने कहा कि चार घरेलू उड़ानें - पुणे से दिल्ली के लिए एआई874, अहमदाबाद से दिल्ली के लिए एआई456, हैदराबाद से मुंबई के लिए एआई-2872 और चेन्नई से मुंबई के लिए एआई571 - रद्द कर दी गई हैं।



### विमान हादसा

### 220 की शिनाख्त, 202 शव परिजनों को सौंपे गए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बाद अब तक डीएनए मिलान के जरिये 220 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 202 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने एक्स पर कहा कि इन 202 लोगों में 160 भारतीय, 7 पुर्तगाली, 34 ब्रिटिश और एक कनाडाई नागरिक के शव हैं। 15 मृतकों के शवों को हवाई मार्ग से उनके मूल स्थानों को भेज दिया गया है, वहीं 187 लोगों की पार्थिव देह को सड़क मार्ग से भेजा गया।

### गड़बड़ी का पता लगने पर मदुरै जा रहा विमान चेन्नई लौटा

**चेन्नई।** मदुरै जा रहे निजी विमानन कंपनी के विमान में शुक्रवार को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद उसे वापस यहां लाया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों और कंपनी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आधे घंटे की उड़ान के बाद पायलट को गड़बड़ी का पता चला और उसने चेन्नई वापस आने की अनुमति मांगी। विमान में 68 यात्री थे। विमान यहां सुरक्षित उतरा और सभी यात्रियों को उचित सुरक्षा उपायों के साथ विमान से उतार लिया गया।

# पश्चिम बंगाल में कार-ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत

**पुरुलिया (बंगाल)।** प. बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने के अंतर्गत नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई।

बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, राजमार्ग पर एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गयी। हादसे में जान गंवाने वाले लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। वे पुरुलिया में बड़ाबाजार पुलिस थाना क्षेत्र के तहत अदाबना गांव से पड़ोसी झारखंड राज्य के नीमडीह पुलिस थाना क्षेत्र के तिलेटांड में जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी के परखच्चे उड़ गए। लोग और आपात कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे।


# द्रमुक नेता दयानिधि ने भाई कलानिधि पर लगाया वित्तीय अपराध का आरोप

**चेन्नई, एजेंसी**

- **दयानिधि ने कहा- सन टीवी एवं कंपनियों की शेयरधारिता को बहाल करें या कानूनी कार्रवाई को तैयार रहें**

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं लोकसभा सदस्य दयानिधि मारन ने अपने भाई कलानिधि मारन पर वित्तीय अपराध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह सन टीवी एवं संबंधित कंपनियों की पूरी शेयरधारिता को उनकी मूल स्थिति में बहाल करें या कानूनी एवं नियामक की कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें।

दयानिधि मारन ने कानूनी नोटिस में आरोप लगाया है, कलानिधि और आपके सहयोगियों ने अपने पेशेवर दायित्वों का जानबूझकर दुरुपयोग कर कई सुनियोजित और समन्वित वित्तीय अपराध किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कृत्य उच्चतम स्तर के सफेदपोश अपराध हैं और इनसे संबंधित कंपनियों के वैध हितधारकों को अपूरणीय नुकसान हुआ है। यह कानूनी नोटिस कलानिधि मारन एवं उनकी पत्नी कावेरी कलानिधि और छह अन्य लोगों को भेजा गया। नोटिस के अनुसार, ये लोग कलानिधि और उनकी पत्नी के करीबी हैं। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, लेखों में दिए बयान गलत, भ्रामक, अटकलबाजी वाले, मानहानिकारक हैं और तथ्यों या कानून द्वारा समर्थित नहीं हैं।



शुभमन गिल।

# जायसवाल का शतक, चाय तक भारत के 2 विकेट पर 215 रन

## पहले टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार शुरुआत, कप्तान शुभमन गिल 93 रन बनाकर क्रीज पर डटे

**एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी**

लीड्स, एजेंसी



भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक और कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन चाय ब्रेक तक दो विकेट पर 215 रन बना लिए। दोनों बल्लेबाज एक दूसरे से अलग अंदाज में खेले लेकिन दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए नाबाद 123 रन की साझेदारी निभा ली है। जायसवाल (101 रन) ने अपना पांचवां शतक पूरा करने के लिए 144 गेंद में 16 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि गिल 74 गेंद में 58 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। गिल ने 56 गेंद में अपना आठवां अर्धशतक बनाया। यह भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का पहला अर्धशतक है। भारत ने दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गंवाया। लंच से तुरंत पहले केएल राहुल (42 रन) और पदार्पण करने वाले बी साई सुदर्शन के विकेट गिरे। सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके। जायसवाल ने संयमित होकर बल्लेबाजी की, विशेषकर ऑफ स्टंप के बाहर जबकि वह सामान्यतः गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। हाल में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते बाएं हाथ के इस 23 वर्षीय बल्लेबाज ने जो गलतियां की थीं, उन्हें इस पारी में नहीं दोहराया। हालांकि कुछ मदद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी की जो सही लाइन और लेंथ पाने में संघर्ष करते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने के पूरे मौके मिले। इस सयंमित पारी के दौरान भी जायसवाल ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। उन्होंने तेज गेंदबाज जोश टंग की गेंद पर एक बेहतरीन ऑफ-ड्राइव शॉट लगाया और इसी गेंदबाज की गेंद पर एक शानदार छक्का जड़ा। वहीं गिल बल्लेबाजी की सामान्य रणनीति पर अडिग रहे, उन्होंने ऑन-साइड पर और ऑफ-साइड पर शानदार शॉट लगाए। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने क्रिस वोक्स की गेंद पर ऑफ-ड्राइव के बाद एक और शॉट लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जायसवाल ने जल्द ही ब्रायडन कार्स की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया और हवा में उछलकर इसका जश्न मनाया। इससे पहले उन्होंने इस गेंदबाज पर प्वाइंट और कवर पर लगातार चौके लगाए। सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (42 रन) और जायसवाल ने इंग्लैंड के आक्रमण का डटकर सामना करते हुए पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत कराई। पर पहले सत्र के अंतिम क्षण में राहुल के आउट होने के बाद पदार्पण कर रहे सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके।

### इंग्लैंड ने पिच को देखकर गेंदबाजी का किया फैसला

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने हेंडिग्ले की पिच को देखकर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यह पिच पिछले एक दशक में बल्लेबाजों के लिए मददगार बन गई है और इसकी झलक पहले ही सत्र में दिखी। तेज गेंदबाजों के लिए पिच में 'मूवमेंट' और स्विंग दिख रहा था। लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने सुबह अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की कमी दिख रही थी जिससे वे भारतीय बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इंग्लैंड के गेंदबाज स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और क्रिस वोक्स ने राहुल और जायसवाल को बहुत ज्यादा फुल लेंथ गेंदबाजी की जिससे उन्होंने कुछ आसान 'सिंगल' रन चुराए।

**209** कैच लेकर जो रूट अब पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के टेस्ट क्रिकेट में 210 कैच के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक कैच दूर हैं।

**101** रन
**159** गेंद
**16** चौके
**01** छक्का
यशस्वी जायसवाल।

### विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की याद में भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों ने मौन रखा

**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों और मैदानी अंपायरों ने यहां पहले टेस्ट से पूर्व अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा। 14 जून को एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 241 यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को मीडिया से कहा था विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, उससे पूरा भारत निराश है, लेकिन हम अपनी तरफ से सिर्फ यही कर सकते हैं कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं।



## एक नजर



नॉटिंघम ओपन के पांचवें दिन मैग्डा लिनेट के खिलाफ एक्शन में क्लारा टॉसन। ● एजेंसी

### बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

**बर्लिन :** कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 2023 के बाद रैंकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 2024 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

### होटल प्लानर टूर पर सप्तक तलवार 18वें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस) :** भारत के सप्तक तलवार ने होटल प्लानर टूर के गोल्फ टूर्नामेंट के पहले राउंड में अंडर 69 का कार्ड खेला और पहले दिन के बाद वह संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपना राउंड पहले नौ होल से शुरू किया जिसमें उन्होंने एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कीं। बैक नाइन में उन्होंने 11वें तथा 14वें होल पर शॉट लगाकर दिन का अंत एक अंडर पर किया। मैक्स कैनेडी ने 10 अंडर 60 का स्कोर बनाकर कोर्स रिकार्ड बनाया।

### अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ में 13वें स्थान पर

**मराकेश :** भारत के अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन बोगीरहित प्रदर्शन करके चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर हैं। संधू ने पहले नौ होल में सिर्फ एक बर्डी लगाया लेकिन इसके बाद चार बर्डी लगाए। भारत के आठ गोल्फर इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं जिनमे से करणदीप कोचर संयुक्त 26वें, खालिन जोशी संयुक्त 32वें और अर्जुन शर्मा संयुक्त 63वें स्थान पर हैं। राहिल गंगजी संयुक्त 78वें, एस चिक्कारंगप्पा और अमन राज संयुक्त 93वें और पुखराज सिंह गिल संयुक्त 106वें स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद थाईलैंड के वारान्यु रत्नाफिबूंकिज ने बढत बना ली है।

### बोटाफोगो ने यूरोपीय चैंपियन पीएसजी को हराया

**पासाडेना (अमेरिका) :** बोटाफोगो ने क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में चैंपियंस लीग विजेता पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर उलटफेर किया। पीएसजी की टीम पहली बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने के बाद उत्साह से भरी थी और उसने क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से पराजित करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। लेकिन गुरुवार की रात को खेले गए मैच में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन बोटाफोगो के सामने उसकी एक नहीं चली।

# राहुल के साथ खेलना बहुत सुकून देने वाला है : नायर

लीड्स, एजेंसी

लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बचपन के साथी केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी से उन्हें सहज रहने में मदद मिली और वह आठ साल बाद मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला करुण के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका है। वह कई साल पहले टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे।



नायर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी किए गए वीडियो में कहा मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं। उन्होंने कहा राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं। करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं। मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं आत्मसात करता हूं। उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे प्रेरित करती रही।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने शुक्रवार को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। आज यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया।

इस अवसर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज़्बे और जुझारूपन का महोत्सव है।

# भारी पड़ सकती है अनुभवहीनता

लीड्स, एजेंसी

अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा।

शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा। स्मिथ ने कहा इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है।



मैथ्यू हेडन।

● **मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ ने कहा भारतीय टीम को इंग्लैंड की पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा**

### लाबुशेन टीम से और स्मिथ पहले टेस्ट से बाहर

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) :** पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है जबकि स्टीव स्मिथ भी चोटिन होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर रहेंगे, क्योंकि पिछले सप्ताहांत लॉर्ड्स में दक्षिण अफ़्रीका के खिलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें उंगली में चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है। बल्लेबाज सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है।

# भारतीय तीरंदाजों ने नौ पदक जीते

सिंगापुर, एजेंसी

भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे।

भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की।



● **जूनियर तीरंदाजी के एशिया कप में भारतीय टीम को रजत पदक से करना पड़ा संतोष**

## मेसी ने फ्री किक पर गोल करके इंटर मियामी को जीत दिलाई

**अटलांटा (अमेरिका) :** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया, जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की।

इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है।

इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।



इंटर मियामी के लियोनेल मेस्सी (दाएं) अटलांटा में इंटर मियामी और एफसी पोर्टो के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप ए फुटबॉल मैच में दूसरा गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

## डोपिंग में भारत में पॉजीटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली :** भारत में डोपिंग की समस्या एक बार फिर सामने आ गई, जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के 2023 के परीक्षण आंकड़ों में भारत 5,000 या इससे अधिक नमूनों का विश्लेषण करने वाले देशों में शीर्ष पर रहा। हालांकि खेल मंत्रालय ने युद्धस्तर पर इससे निपटने और वाडा की आपत्तियों के समाधान के बाद संशोधित डोपिंग रोधी अधिनियम जल्दी लाने का वादा किया है।

प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन में पॉजीटिव पाए जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत रही और 5606 नमूनों से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) मिले। नमूनों की संख्या 2022 से काफी अधिक थी जब 3865 परीक्षणों की 3.2 प्रतिशत एएएफ दर थी। इन 5606 टेस्ट में से 2748 प्रतिस्पर्धा के दौरान किये गए। भारत के पॉजीटिव नतीजों की दर चीन (28197 नमूने, 0.2 प्रतिशत एएएफ दर), अमेरिका (6798 नमूने, 1.0 प्रतिशत एएएफ दर), फ्रांस (11368 नमूने, 0.9 प्रतिशत एएएफ दर) और रूस (10395 नमूने, 1.0 एएएफ दर) से अधिक है। भारत के 214 के मुकाबले एएएफ में फ्रांस (105), रूस (99), अमेरिका (66), चीन (60) और जर्मनी (57) पीछे रहे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा डोपिंग किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है।

# जीत के साथ विदा लेना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

**प्रो लीग**

एंटवर्प, एजेंसी

● **विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का टूट चुका है सपना**

● **शनिवार और रविवार को तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी**

एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार छह हार के बाद अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का सपना टूट ही चुका है लिहाजा भारतीय हॉकी टीम अब बेल्जियम के खिलाफ बाकी दो मैचों में जीत दर्ज करके प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश में होगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार और रविवार को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी।

इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर चरण में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरुष टीम काफी उम्मीदों के साथ यूरोप गई थी, लेकिन अभी तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। इन पराजयों के बाद टीम तीसरे से आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि कुल नौ टीमें ही तालिका में हैं। प्रो लीग के विजेता को अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। नीदरलैंड के खिलाफ भारत को 1.2 और 2.3 से पराजय मिली जबकि अर्जेंटीना ने उसे 3.2 और 2.1 से और आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 3.2 से हराया। ऐसा नहीं है कि भारतीय टीम ने यूरोप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की आदत का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा है।



भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

### महिला टीम भी लगातार चार मैच हारी

**एंटवर्प :** भारतीय महिला टीम को भी लंदन में लगातार चार मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसे आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 2.1 से जबकि अर्जेंटीना ने 4.1 और 2.0 से हराया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हालांकि टीम ने तेज रफ्तार आक्रामक हॉकी खेली लेकिन पेनल्टी कॉर्नर कमजोर रहा। महिला टीम भी शनिवार और रविवार को बेल्जियम से खेलेगी तो उसकी नजरें यूरोप चरण में पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय नौ टीमों में सातवें स्थान पर है।

### खिलाड़ियों को प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता

**नई दिल्ली :** भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25,000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट आफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बृहस्पतिवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरूष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जाएगा।

## योग का अनूठा संगम



भारत के साथ-साथ दुनियाभर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आगरा में शुक्रवार को ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर योग करती महिलाएं। एजेंसी

## तकनीक बढ़ी तो बढ़ा साइबर क्राइम

कुछ हट के

साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के माध्यम से आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। आगे बढ़ती तकनीक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते है। ऐसे में साइबर अपराध का खतरा भी बढ़ता है, जिससे इससे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।



### ऐसे करें साइबर अपराधों से बचाव

- **ईमेल सुरक्षा समाधान :** ईमेल खाते साइबर हमलावरों के लिए सॉफ्ट टार्गेट होते हैं , इसलिए ईमेल एन्क्रिप्शन, स्पैम फिल्टर और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो ईमेल सामग्री को अवरोधन से बचाती है।
- **पासवर्ड प्रबंधक :** साइबर अपराधी अक्सर पासवर्ड पर हमला करते हैं। इसलिए मजबूत पासवर्ड जरूरी है जो अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

**सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण :** सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण उपयोगकर्ताओं को साइबर हमलों के खतरे को बेहतर ढंग से पहचानने, उनसे बचने और उन्हें कम करने के तरीके के बारे में शिक्षित करने में मदद करना है।

### अपराध के प्रकार और उदाहरण

- **सोशल मीडिया धोखाधड़ी :** काल्पनिक ऑनलाइन स्टोर, कैटफिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग हमले या प्रतिरूपण घोटाले शामिल हैं। सोशल मीडिया धोखाधड़ी अक्सर उपयोगकर्ता के भरोसे, भोलेपन और व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा करने की प्रवृत्ति का फायदा उठाती है।
- **ईमेल घोटाले :** भ्रामक योजनाएं जो कई रूप लेती हैं। नकली ईमेल प्राप्तकर्ताओं को गुमराह करते हैं, जबकि सोशल इंजीनियरिंग तकनीकें लोगों को क्रेडिट कार्ड नंबर जैसी जानकारी का खुलासा करने या हमलावर को पैसे ट्रांसफर करने के लिए धोखा देती हैं।
- **बैंकिंग धोखाधड़ी :** धोखाधड़ी वाली गतिविधियां जो वित्तीय संस्थानों या उनके ग्राहकों और हितधारकों को लक्षित करती हैं। उदाहरणों में क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, एटीएम स्किमिंग और ऑनलाइन बैंकिंग घोटाले शामिल हैं।
- **ई-कॉमर्स धोखाधड़ी :** ऑनलाइन शॉपिंग तकनीक की कमजोरियों और नुकसानों का फायदा उठाने वाले विस्तृत उपभोक्ता घोटाले, जैसे कि कृत्रिम या मनगढ़ंत ऑनलाइन स्टोर, नकली विक्रेता खाते या क्रेडिट कार्ड की जानकारी की चोरी। ईकॉमर्स धोखाधड़ी के मामलों में उपभोक्ताओं और ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं दोनों को वित्तीय नुकसान होता है।

## एक नजर

### असाध्य रोगियों को जीवन समाप्त करने की अनुमति संबंधी विधेयक का समर्थन

**लंदन।** ब्रिटेन के सांसदों ने शुक्रवार को संसद में ऐतिहासिक मतदान के माध्यम से एक विधेयक का समर्थन किया, जिसके तहत इंग्लैंड और वेल्स में असाध्य रूप से बीमार वयस्कों को अपना जीवन समाप्त करने का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बनने के और करीब पहुंच गया है। संसद सदस्यों ने बहस के बाद असाध्य रूप से बीमार वयस्कों (जीवन का अंत) विधेयक पर मतदान किया। इसके पक्ष में 314 और विपक्ष में 291 मत पड़े। यह विधेयक अब 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के पास जाएगा, जो नीति में संशोधन कर सकता है या विलंब कर सकता है, हालांकि वह निचले सदन के फैसले को पलट नहीं सकता।

### नाइजर में 34 सैनिकों की हत्या की, 14 घायल

**डकार (सेनेगल)।** माली और बुर्किना फासो से लगी सीमा के पास पश्चिमी नाइजर में सशस्त्र लोगों ने 34 सैनिकों की हत्या कर दी और 14 अन्य को घायल कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह हमला बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे बानीबांगौ में हुआ। हमलावर आठ वाहनों और 200 से अधिक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। सरकार ने कहा कि सुरक्षाबलों ने दर्जनों हमलावरों को मार गिराया है। अन्य हमलावरों को खोजने के लिए जमीन और हवा से तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

### एर्दोआन ने मिसाइल उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया

**अंकारा।** इजराइल-ईरान युद्ध के और भीषण होने के बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह देश की प्रतिरोधक क्षमताओं को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं ताकि कोई भी देश हमला करने की हिम्मत न कर सके। एर्दोआन ने इस सप्ताह मध्यम और लंबी दूरी की मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने की योजना की घोषणा की। तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, एर्दोआन ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर हुई बातचीत में ईरान-इजराइल युद्ध पर चर्चा की। उन्होंने मर्ज से कहा कि ईरान से संबंधित परमाणु मुद्दे का समाधान केवल बातचीत के जरिए हो सकता है।

# हमलों के बीच इजराइल और ईरान संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू

## ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला करने का विचार कर रहा अमेरिका

- दोनों देशों ने एक दूसरे पर बरसाए बम

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को भी दोनों देशों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर युद्ध में सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू होते दिख रहे हैं। ट्रंप इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला किया जाए जो एक पहाड़ के नीचे स्थित है और इसे व्यापक रूप से पहुंच से बाहर बताया जाता है लेकिन अमेरिका के बंकर बस्टर बम उसे नष्ट कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। उन्हें अब भी इस बात की 'पर्याप्त' संभावना दिखती है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इजराइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। ईरान के विदेश मंत्री ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों तथा यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक के साथ बैठक के लिए जिनेवा जा रहे हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेशमंत्री रुबियो व दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की और ऐसे समझौते की संभावना पर चर्चा की जिससे संघर्ष कम हो सकता है। इजराइल ने कहा कि उसने ईरान में हवाई हमले किए, जिसमें 60 से अधिक विमानों ने मिसाइलों के निर्माण से जुड़े औद्योगिक स्थलों को निशाना बनाया।



इजराइल के बीरशेबा में ईरान से दागी गई मिसाइल की चपेट में आने के बाद एक इमारत से उठता धुआं।

### इजराइल के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थान पर भी हमला

**रेहोवोत (इजराइल)।** इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाता रहा है ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ने से रोका जा सके लेकिन अब दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष में इजराइल के वैज्ञानिक भी निशाने पर आ गए हैं। दोनों ओर से जारी हमलों के बीच ईरान की मिसाइल ने इजराइल के ऐसे प्रमुख शोध संस्थान पर हमला किया है जो जीवन विज्ञान और भौतिकी समेत विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपने काम के लिए जाना जाता है। वीजमैन विज्ञान संस्थान पर रविवार तड़के हुए हमले में हालांकि किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इससे परिसर में स्थित कई प्रयोगशालाओं को भारी क्षति पहुंची है जिससे वर्षों से जारी शोध कार्य प्रभावित हुए हैं और इजराइली वैज्ञानिकों को यह भयावह संदेश गया है कि ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष में अब वे एवं उनके शोध कार्य भी निशाने पर आ गए हैं।

### हवाई, जमीनी व समुद्री मार्ग से अपने-अपने देश लौट रहे हैं विदेशी

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर के देश इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने पर दोनों देशों से हवाई, जमीनी और समुद्री मार्ग से अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं। दोनों देशों के कई दिनों से किए जा रहे हमलों और बदले की कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है जिससे वाणिज्यिक उड़ानें बुरी तरह बाधित हुई हैं और लोग इस क्षेत्र से आसानी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। कुछ सरकारें अपने नागरिकों को सड़क मार्ग से उन देशों तक पहुंचाने के लिए भूमि सीमाओं का इस्तेमाल कर रही हैं, जहां हवाई अड्डे खुले हैं। पिछले हफ्ते संघर्ष शुरू होने के बाद से हजारों विदेशी पहले ही अपने-अपने देश लौट चुके हैं। बुल्गारिया ने तेहरान से अपने सभी राजनयिकों को अजरबैजान की राजधानी बाकू भेज दिया है। बुल्गारिया के प्रधानमंत्री रोजन झेलयाझकोव ने कहा, हम दूतावास बंद नहीं कर रहे हैं लेकिन खतरा टलने तक इसे बाकू स्थानांतरित कर रहे हैं।


## सीमा पार कर ताइवान में घुसे चीन के लड़ाकू विमान

**ताइपे (ताइवान), एजेंसी**

- चीन के 74 लड़ाकू विमानों में से 61 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया

चीन ने गुरुवार देर रात और शुक्रवार सुबह ताइवान की ओर 74 लड़ाकू विमान भेजे, जिनमें से 61 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार किया। यह चीन और ताइवान के बीच अनौपचारिक विभाजन रेखा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह के बीच इतने सारे विमान क्यों भेजे गए। उसने बताया कि विमानों को दो अलग-अलग किस्तों में भेजा गया।

चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और वह इस तरह की तैनाती का इस्तेमाल स्वशासित द्वीप को घेरने और संभवतः उस पर हमले की धमकी देने के लिए करता है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को ब्रिटिश रॉयल नेवी के अपतटीय गश्ती जहाज 'एचएमएस स्पी' के एकदिन पहले ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरने की पुष्टि करते हुए उसका स्वागत किया था। मंत्रालय ने कहा, एक बार फिर यह जलडमरूमध्य के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के दर्जे की पुष्टि करता है। ताइपे में ब्रिटेन के प्रतिनिधित्व कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्पी ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत प्रदत्त अधिकारों के अनुसार ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन किया था।



चीन ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जन मुक्ति सेना (पीएलए) की पूर्वी थियेटर कमान ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की और सुरक्षा तथा प्रभावी ढंग से इसका जवाब देने के लिए सैनिकों को संगठित किया। पूर्वी थियेटर कमान ने एक बयान में कहा कि ब्रिटिश जहाज की कार्रवाई ने जानबूझकर स्थिति को बिगाड़ा और ताइवान जलडमरूमध्य की शांति एवं स्थिरता को कमजोर किया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चीन द्वारा ताइवान में बड़ी संख्या में भेजे गए इन विमानों का संबंध ब्रिटिश जहाज के ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन से है या नहीं।

## तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा कार्बन बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री से. तक सीमित रखने का लक्ष्य, वैज्ञानिकों के अंतर्राष्ट्रीय समूह ने जताई चिंता

वैज्ञानिकों के एक अंतर्राष्ट्रीय समूह के अनुसार, अगर दुनिया में वर्तमान दर से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता रहा, तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का कार्बन बजट तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा। कार्बन बजट से तात्पर्य कार्बन डाइऑक्साइड की कुल मात्रा से है जिसे ग्रह उत्सर्जित कर सकता है। फिलहाल तापमान एक निश्चित सीमा से नीचे रहने की अच्छी संभावना है।

2015 में हुए पेरिस जलवायु सम्मेलन में कार्बन उत्सर्जन की सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने पर सहमति व्यक्त की गई थी। कार्बन बजट पार करने का मतलब यह नहीं है कि 1.5 डिग्री की सीमा तुरंत पार हो जाएगी। इसका मतलब है कि अगर उत्सर्जन में भारी कटौती नहीं की गई तो दुनिया बहुत जल्द कार्बन बजट पार कर जाएगी। अर्थ सिस्टम साइंस डेटा पत्रिका में प्रकाशित नवीनतम वैश्विक जलवायु परिवर्तन संकेतक अध्ययन में यह भी पाया कि यदि कार्बन उत्सर्जन वर्तमान स्तर पर रहा तो 2048 तक 2 डिग्री सेल्सियस का कार्बन बजट पार हो सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि मानवीय गतिविधियों के कारण पिछले एक दशक में हर साल लगभग 53 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में छोड़ा गया है।

## साइबर अपराध में दोषी 85 चीनी नागरिकों को किया निर्वासित

**कोलंबो।** श्रीलंका में साइबर अपराध के मामले में दोषी पाए गए 85 चीनी नागरिकों को देश से निर्वासित कर दिया गया है। कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मध्य प्रांत के कुंदसाले कस्बे में साइबर अपराध गतिविधियों में लिप्त 22 महिलाओं समेत 130 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन सभी को टेलडेनिया की मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 200 से अधिक मोबाइल फोन, 100 से ज्यादा लैपटॉप और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण जब्त किए गए। अदालत के आदेशानुसार, जब्त उपकरणों को कोलंबो स्थित चीनी दूतावास को सौंपा जाएगा। कुल 130 आरोपियों में से 122 को अदालत के आदेश के बाद आव्रजन हिरासत केंद्र में भेजा गया था।

## कीव पर मिसाइल हमले के बाद रूस पर अधिक दबाव बनाने की अपील

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा- इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला

**कीव, एजेंसी**

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि कीव के नौ मंजिला अपार्टमेंट पर रूसी मिसाइल हमला इस बात का संकेत है कि युद्धविराम के लिए मास्को पर अधिक दबाव डाले जाने की जरूरत है। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मंगलवार सुबह कीव पर ड्रोन और मिसाइल से किया गया हमला इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला है।

इस हमले में 28 लोग मारे गए और 142 अन्य घायल हो गए। जेलेंस्की ने राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्रेई यरमक और आंतरिक मंत्री इगोर के साथ गुरुवार सुबह कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थिति इमारत का दौरा किया और वहां हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जेलेंस्की ने कहा यह हमला दुनिया को यह दिखाता है कि कि रूस युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता और हत्या का विकल्प चुनता है। उन्होंने साथ ही रूस पर दबाव डालने के लिए तैयार यूक्रेन के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं जो 24 फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा हमला है।



### यूक्रेन के दो शहरों में ड्रोन हमले, एक व्यक्ति की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किये, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रात में ड्रोन से हमले किये, जिसमें दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा और उत्तरपूर्वी शहर खारकीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 20 से अधिक ड्रोन हमलों में 17 और 12 वर्ष की दो लड़कियों सहित कम से कम 24 नागरिक घायल हो गए।

## ट्रंप को लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड सैनिकों पर नियंत्रण की अनुमति

**एंजिलिस।** अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति ट्रंप को आव्रजन संबंधी मामलों में छापेमारी को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में तैनात किए गए नेशनल गार्ड के सैनिकों पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति दे दी। इस निर्णय ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश के इस फैसले पर रोक लगा दी है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर के विरोध के बावजूद सैनिकों को सक्रिय करके ट्रंप ने गैर कानूनी कार्य किया था। यह 1965 के बाद से पहली बार है जब गवर्नर की अनुमति के बिना किसी राष्ट्रपति ने नेशनल गार्ड को तैनात किया है। नाइंथ यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकाला कि ट्रंप ने गार्ड पर नियंत्रण को संघीय मामला बनाकर अधिकार का संभवतः विधिसम्मत इस्तेमाल किया था।

## पाकिस्तान में धर्मांतरण के विरोध के बाद तीन हिंदू बहनों को कराया मुक्त

**कराची, एजेंसी**

- पुलिस ने चारों को सिंध प्रांत के हैदराबाद से कराया मुक्त

पाकिस्तान पुलिस ने सिंध प्रांत में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की तीन लड़कियों और उनके चचेरे भाई को मुक्त करा लिया है। तीनों लड़कियों और उनके भाई का जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था जिसका हिंदू समुदाय की ओर से विरोध किए जाने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। हिंदू समुदाय ने 16, 19 और 22 वर्ष की तीन बहनों तथा उनके 13 वर्षीय चचेरे भाई की माताओं की अपील पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें जबरन इस्लाम कबूल करवाया गया।

पुलिस ने चारों को हैदराबाद से मुक्त कराया। एसएसपी गुलाम नबी कीरियो ने कहा, हमने उनका धर्मांतरण कराने वाले संदिग्ध को भी गिरफ्तार कर लिया है। कीरियो ने बताया कि तीनों बहनें और उनका चचेरा भाई बुधवार सुबह बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। कुछ घंटों बाद उनके वीडियो सामने आए, जिसमें चारों यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया है। कीरियों के मुताबिक वीडियो में तीनों बहनें और चचेरा भाई अपने परिवार पर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाते सुनाई दे रहे थे। इस घटना के बाद उनकी माताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और कहा कि लड़का सिर्फ 13 साल का है और उसे धर्म की भी समझ नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हिंदू पंचायत और कुछ निर्वाचित नेताओं ने पुलिस से कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## मुनीर ने अमेरिका में क्षेत्रीय शांति के प्रति प्रतिबद्धता जताई

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अमेरिका में हुई मुलाकातों के दौरान क्षेत्रीय शांति व स्थिरता और नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जताई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि मुनीर ने ट्रंप से मुलाकात के बाद वाशिंगटन डीसी में वरिष्ठ स्कॉलर, विश्लेषकों, नीति विशेषज्ञों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक वार्ता की। मुनीर अमेरिकी वैचारिक समूहों और सामरिक मामलों के संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत से प्रमुख क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर पाकिस्तान के सैद्धांतिक रुख को स्पष्ट करने व पाकिस्तान के सामरिक दृष्टिकोण की समझ को बढ़ाने का अवसर मिला।

**चिंताजनक** चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा, 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 % बढ़े

# 2024 के संघर्षों में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल विभिन्न जगहों पर संघर्षों के दौरान बच्चों के खिलाफ हिंसा अभूतपूर्व स्तरों पर पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा अपराध गाजा और वेस्ट बैंक, कांगो, सोमालिया, नाइजीरिया और हैती में हुए हैं। गुरुवार देर रात जारी चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट नामक वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तुलना में 2024 में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 प्रतिशत बढ़े हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की इस रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में अपराधों में 21 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि 2024 में बच्चों को निरंतर जारी रही शत्रुता व अंधाधुंध हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ा। वे युद्ध विराम और शांति समझौतों की अवहेलना और गहराते मानवीय संकटों से प्रभावित हुए। उन्होंने युद्ध की रणनीतियों का जिक्र किया जिसमें बच्चों पर हमले, आबादी वाले क्षेत्रों में तेजी से विनाशकारी और विस्फोटक हथियारों की तैनाती, और लड़ाई के लिए बच्चों का व्यवस्थित शोषण शामिल है। संयुक्त राष्ट्र ने बच्चों के खिलाफ 41,370 घोर अपराधों की पुष्टि की है, इनमें से 36,221 अपराध 2024 में और 5,149 उससे पहले किए गए थे, लेकिन ये पिछले साल सत्यापित किए गए। इन अपराधों में बच्चों की हत्या, उन्हें अपंग बनाना, अपहरण, यौन हिंसा, स्कूलों और अस्पतालों पर हमला और युवाओं को मानवीय सहायता तक पहुंच से वंचित करना शामिल है। इजराइली सेना को दूसरे वर्ष भी बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले देशों की काली सूची में रखा है।



### बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध : गुतारेस

गुतारेस ने कहा कि वह कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों और इजराइल में बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध हैं और अपराधों में वृद्धि, विशेष रूप से इजराइली बलों द्वारा मारे गए बच्चों की बड़ी संख्या बहुत चिंता की बात है। उन्होंने एक बार फिर इजराइल से अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की। बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा, स्कूलों और अस्पतालों की सुरक्षा, हमलों में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर करने तथा नागरिकों को अत्यधिक नुकसान से बचाने की आवश्यकता का अनुपालन करने की बात कही है। संरा ने कांगो में, पिछले साल 3,418 बच्चों के खिलाफ़ 4,043 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी है। सोमालिया में 1,992 बच्चों के खिलाफ 2,568, नाइजीरिया में 1,037 बच्चों के खिलाफ 2,436, हैती में 1,373 बच्चों के खिलाफ 2,269 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी गई है।